



दैनिक अर्थ प्रकाश
खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान
पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • चंडीगढ़ • दिल्ली • उत्तराखंड • बिहार • उत्तरप्रदेश • राजस्थान • छत्तीसगढ़ से प्रसारित




वर्ष 39 | चंडीगढ़, शनिवार, 01 जून, 2024 | ज्येष्ठ कृष्ण पक्षः नवमी विक्रमी संवत–2081 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंकः 151 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठ 12


# विवेकानंद मेमोरियल में पीएम मोदी का दूसरा दिन, सूर्य को दिया अर्घ्य





अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**कन्याकुमारी 31 मई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कन्याकुमारी तट के पास स्थित विवेकानन्द रॉक मेमोरियल में अपने ध्यान के दूसरे दिन शुक्रवार को उगते सूर्य को अर्घ्य (हिन्दू शास्त्र के अनुसार सूर्य को जल अर्पित) दिया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर वीडियो और फोटो साझा की है, जिसमें प्रधानमंत्री भगवा चोला पहने भगवान सूर्य की प्रार्थना कर रहे हैं। वह भगवान सूर्य को जल अर्पित करते समय मंत्र पढ़ते नजर आ रहे हैं। फोटो में वह हाथ में रुद्राक्ष की माला और माथे पर तिलक लगाए दिख रहे हैं। भाजपा द्वारा एक्स पर पोस्ट की गई अलग-अलग तस्वीरों में प्रधानमंत्री को ध्यान मंडपम में ध्यान करते और प्रार्थना की माला हाथ में लिए मंडप की परिक्रमा करते हुए भी देखा गया। उन्होंने देवी कन्याकुमारी को समर्पित '108 शक्ति पीठों' में से एक श्री भगवती अम्मन मंदिर में विशेष प्रार्थना करने के बाद गुरुवार शाम को विवेकानंद रॉक मेमोरियल में अपना ध्यान शुरू किया।

### तिरुवल्लुवर प्रतिमा का दौरा कर कर सकते हैं पीएम

पीएम मोदी के अपना ध्यान सत्र पूरा करने के बाद शनिवार को स्मारक के पास एक तमिल संत के प्रसिद्ध तिरुवल्लुवर प्रतिमा का दौरा करने की संभावना है। भाजपा पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को भी स्मारक पर मोदी के साथ जाने की अनुमति नहीं दी गयी क्योंकि यह एक आध्यात्मिक यात्रा है। मोदी की यात्रा के मद्देनजर कन्याकुमारी में बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गयी है।

### हाईटैक है सुरक्षा

भारतीय नौसेना और भारतीय तटरक्षक जहाजों को तटरेखा के करीब पानी में चौबीसों घंटे गश्त के लिए तैनात किया गया है, जबकि तमिलनाडु समुद्री पुलिस का तटीय सुरक्षा समूह (सीएसजी) भी इस यात्रा को लेकर कड़ी निगरानी रख रहा है।












## लोक सभा चुनावः अंतिम चरण में 57 सीटों पर वोटिंग आज

# दिग्गजों की साख दांव पर

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

### वाराणसी से तीसरी बार पीएम नरेंद्र मोदी आजमा रहे किस्मत



**नई दिल्ली।** देश में 18वीं लोकसभा के चुनाव के लिए करीब दो महीने तक चले हाई-वोल्टेज प्रचार के बाद अब सभी की निगाहें शनिवार को अंतिम चरण में 57 संसदीय सीटों के लिए होने वाले मतदान पर टिकी है। केंद्रशासित चंडीगढ़ की एक, हिमाचल की 4 और पंजाब की 13, ओडिशा (छह), उत्तर प्रदेश में (13), पश्चिम बंगाल में (नौ) तथा बिहार में आठ एवं झारखंड (तीन) सीटों पर मतदान होगा। इन सीटों में सर्वाधिक हाईप्रोफाइल वाराणसी सीट भी शामिल हैं, जहां से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीसरी बार चुनाव लड़ रहे हैं। पीएम मोदी ने 2014 और 2019 में यहां से जीत हासिल की और अब अपने तीसरे कार्यकाल के लिए कृतसंकल्पित हैं।

गौरतलब है कि वर्ष 2019 के आम चुनावों में इन 57 में से भाजपा ने 25 सीटें जीतीं, तृणमूल कांग्रेस ने नौ और कांग्रेस ने आठ सीटें जीती थी। अंतिम चरण के चुनाव में कुल 904 उम्मीदवार मैदान में हैं। जिनमें पंजाब से 328, उत्तर प्रदेश से 144, बिहार से 134, ओडिशा से 66, झारखंड से 52, हिमाचल प्रदेश से 37 और चंडीगढ़ से चार प्रत्याशी शामिल हैं।

### ये हैं प्रमुख उम्मीदवार

प्रमुख उम्मीदवारों में प्रधानमंत्री के अलावा केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, अभिनेत्री से नेत्री बनी कंगना रनौत, हरसिमरत कौर बादल, रवि किशन, राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव की सबसे बड़ी बेटी मीसा भारती और ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी तथा अन्य प्रमुख नेता शामिल हैं।


### 75 दिन चला प्रचार अभियान

इससे पहले सात चरणों वाले चुनावों के लिए 75 दिनों तक चला प्रचार अभियान गुरुवार को समाप्त हो गया। केंद्र मे सत्तारूढ़ भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) तीसरी बार सत्तासीन होने के लिए कोशिश कर रही है, वहीं कांग्रेस समेत प्रमुख विपक्षी दलों का इंडिया समूह ने एक दशक के बाद सत्ता में उलटफेर को लेकर अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। इस बीच पीएम मोदी ने पश्चिम बंगाल में अपना तूफानी अभियान पूरा करने के बाद चुनाव प्रचार के अंतिम दिन पंजाब में जनसभाएं की और इसके बाद 48 घंटे के ध्यान के लिए देश के सबसे दक्षिणी छोर पर कन्याकुमारी चले गये।

## शहरवासियों की भागीदारी से विकास की नई बयार लिखी जाएगीः टंडन

लोकसभा चुनाव की पूर्व संध्या पर शहरवासियों से की अपील

अर्थ प्रकाश/ साजन शर्मा



**चंडीगढ़, 31 मई।** चंडीगढ़ में शनिवार को होने जा रहे लोकसभा चुनाव में शहरवासियों की भागीदारी से विकास की नई बयार लिखी जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चंडीगढ़ को विकसित शहर बनाने का संकल्प निकट भविष्य में चरितार्थ होता नजर आ रहा है। लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार संजय टंडन की तरफ से शहर में मतदान से पूर्व संध्या पर शहरवासियों से अपील की गई है कि चंडीगढ़ को अपना शहर बनाने का बीड़ा उठाने में लोग भी उनके साथ आएं। ये तभी संभव हो पाएगा जब वे उन्हें विजयी बनाकर शहर का प्रतिनिधित्व उनके हाथ में सौंपेंगे। उन्होंने कहा कि पूरा विश्वास है कि शहरवासियों का भरपूर समर्थन उन्हें मिलने जा रहा है। शहर के नागरिकों को जो उनसे उम्मीदें है उन पर वह तभी खरा उतर सकेंगे जब नागरिकों का भरपूर सहयोग उन्हें प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि शहर में मोदी की लहर होने से उन्हें चारों तरह भारी समर्थन मिला है। उन्होंने कहा कि सबके सहयोग से शहर को बेहतर बनाया जायेगा।

शेष पेज-2 पर

## लोकतंत्र के पर्व पर करें अपने मताधिकार का प्रयोगः मनीष तिवारी

कहा- जनता को अपने शासकों को चुनने का पूरा विशेषाधिकार

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 31 मई।** चंडीगढ़ लोकसभा सीट से कांग्रेस-आप गठबंधन के प्रत्याशी और वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मनीष तिवारी ने चंडीगढ़ के वोटरों से अपील की है कि वह लोकतंत्र के पर्व पर अपने वोट के अधिकार का प्रयोग करें। दैनिक अर्थप्रकाश से बातचीत करते हुए मनीष तिवारी ने कहा कि 1 जून को भारत के लोगों को अपने शासकों को चुनने का पूरा विशेषाधिकार है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने लोगों से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि वे अपना वोट डालें और अठारहवीं लोकसभा के गौरवान्वित मतदाता बनें, चूंकि हमारी और बाद की पीढ़ियों का जन्म स्वतंत्र और लोकतांत्रिक भारत में हुआ है, इसलिए हम शायद इस अधिकार को हल्के में लेते हैं, जिसका गठन चुनाव के बाद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ के लोगों को केवल एक बार यह चुनने का मौका मिलता है कि किसे उनका प्रतिनिधित्व करना चाहिए और किसे उन पर शासन करना चाहिए। यह पूर्ण राज्यों के विपरीत है, जहां लोगों को विधानसभा चुनावों के दौरान भी वोट करने का मौका मिलता है।

शेष पेज-2 पर







# पंजाब में चुनावों की सभी तैयारियां मुकम्मल, मतदान आज: सिबिन सी

## 24451 पोलिंग स्टेशनों पर 2.14 करोड़ मतदाता करेंगे 328 प्रत्याशियों की तकदीर का फैसला

- वोटरों के लिए व्यापक सहूलतें और ठोस सुरक्षा प्रबंध यकीनी बनाये
- वोटरों को उत्साहित करने के लिए मॉडल, हरे और गुलाबी, यूथ और दिव्यांग प्रबंधित बूथों का प्रबंध



अर्थ प्रकाश/चेतन ठाकुर

**चंडीगढ़, 31 मई।** पंजाब के मुख्य निर्वाचन कार्यालय ने राज्य में स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनावों के लिए सभी तैयारियां मुकम्मल कर ली हैं। निवार्चन कार्यालय ने वोटरों को सभी जरूरी सुविधाएं प्रदान करने और मतदान के लिए सुरक्षित और शांतिपूर्ण माहौल यकीनी बनाने के लिए व्यापक प्रबंध किए हैं।

शुक्रवार को एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान पंजाब के मुख्य निर्वाचन अधिकारी सिबिन सी ने बताया कि राज्य में कुल 2,14,61,741 मतदाता हैं। इनमें से 1,12,86,727 पुरूष, 1,01,74,241 महिलाएं, 773 ट्रांसजेंडर, 1,58,718 दिव्यांग और 1614 एनआरआई वोटर शामिल हैं। राज्य में पहली बार 5,38,715 और 85 साल और इससे अधिक आयु के 1,89,855 मतदान करेंगे। मतदान के लिए 24,451 पोलिंग स्टेशन बनाए गए हैं। इनमें से 5694 पोलिंग स्टेशनों को संवेदनशील घोषित किया गया है।

उन्होंने बताया कि इनमें से 1076 मॉडल पोलिंग स्टेशन, महिलाओं द्वारा प्रबंधित गुलाबी रंग के 165, ग्रीन 115, नौजवानों द्वारा प्रबंधित 99 और दिव्यांग व्यक्तियों द्वारा प्रबंधित 101 बूथ शामिल हैं। उन्होंने बताया कि सभी पोलिंग स्टेशनों की निगरानी सीसीटीवी कैमरों के जरिए की जाएगी। इसके साथ ही चुनाव अधिकारी और ऑब्जर्वर रियल टाइम मॉनिटरिंग के लिए पोलिंग स्टेशनों की सौ फीसदी लाइव वैबकास्टिंग यकीनी बनाई जाएगी। उन्होंने बताया कि वोटों की गिनती 24 अलग-अलग स्थानों पर बनाए गए 117 काऊंटिंग सेंटरों पर होगी।

उन्होंने कहा कि 85 साल से अधिक उम्र के 9239 और 4530 दिव्यांग वोटरों को मिला कर कुल 13,769 वोटरों से घर से वोट की सुविधा संबंधी मांगी थी। इनमें से 85 साल से अधिक उम्र के 8640 और 4203 दिव्यांग वोटरों समेत कुल 12,843 वोटरों ने 30 मई तक मतदान किया है।

चुनाव ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों के संबंधों में सिबिन सी ने बताया कि राज्य के कुल 2.60 लाख कर्मचारी चुनाव ड्यूटी निभा रहे हैं। इनमें 1,20,114 पोलिंग स्टाफ, 70,724 सुरक्षा कर्मचारी, 50 हजार सपोर्टिंग स्टाफ और मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय और जिला निर्वाचन अधिकारी दफ्तरों के 25,150 कर्मचारी शामिल हैं।

### आपात स्थिति से निपटने के लिए पोलिंग स्टाफ को दिया गया विशेष प्रशिक्षण

उन्होंने कहा कि पोलिंग स्टाफ को किसी भी आपात स्थिति से निबटने के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। आशा वर्करों को आपात मेडिकल हालातों से निबटने के लिए पोलिंग स्टेशनों पर तैनात किया जाएगा। पोलिंग स्टेशनों पर फर्स्ट एड किटों, ओरल डीहाईडरेशन सॉल्यूशन, शुगर कैंडीज़, दवाएं और मरहम पट्टियों की सुविधा प्रदान की गई है। इसके अलावा गर्मी से राहत के लिए पोलिंग स्टेशनों पर छबील भी लगाई जाएगी। उन्होंने बताया कि 85 साल से अधिक उम्र वाले और दिव्यांग वोटर सक्षम एप्लीकेशन पर खुद को रजिस्टर करके पिक एंड ड्राप सुविधा ले सकते हैं। सिबिन सी ने कहा कि 24 सेंट्रल और स्टेट इन्फोर्समेंट एजेंसियां, फ्लाइंग स्क्वायड और स्टेटिक सरविलॉस टीमें वोटरों को भ्रमित करने के लिए वितरित की जाने वाली नकदी, शराब और अन्य चीजों को जब्त करने के लिए सक्रियता से जांच कर रही हैं। उन्होंने बताया कि आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू होने से लेकर 30 मई तक राज्य में 801.47 करोड़ की बरामदगियां की गई हैं। इनमें 26.89 करोड़ की नकदी, 26.75 करोड़ की शराब, 716.78 करोड़ के नशीले पदार्थ, 23.86 करोड़ की कीमती वस्तुओं के अलावा 7.17 करोड़ की वस्तुएं शामिल हैं।

### आचार संहिता के उल्लंघन की अब तक 14643 शिकायतें मिलीं

आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू होने से लेकर अब तक चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन संबंधी 14643 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। इनमें से ज्यादातर का निपटारा कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि शिकायतों के निबटारे के लिए एक सौ मिनट की समय सीमा का सख्ती से पालन करते हुए औसतन 32.50 मिनट के समय अंदर इन शिकायतों का निपटारा किया गया है।

### रिकवरी मामलों में पंजाब समूचे देश में तीसरे स्थान पर: फारुखी

चुनाव आचार संहिता लागू करने से लेकर चुनाव प्रचार खत्म होने तक 801.47 करोड़ की नकदी, शराब और मूल्यवान सामान की रिकवरी के साथ पंजाब पूरे देश में तीसरे स्थान पर रहा है। इसमें से अकेले पंजाब पुलिस ने 642 करोड़ की रिकवरी की है। संवाददाता सम्मेलन के दौरान नोडल अधिकारी एमएफ फारुखी ने बताया कि राज्य में सुरक्षित चुनावों के लिए पंजाब पुलिस के 55039 जवानों को तैनात किया गया है। किसी भी तरह की गड़बड़ी या आपात स्थिति में तुरंत कार्यवाही के लिए क्विक रिस्पांस टीमें तैनात की गई हैं। सुरक्षा के मद्देनजर राज्य को 2098 सेक्टरों में बांटा गया है। हर एक सेक्टर के लिए इंचार्ज नियुक्त किए गए हैं जिनके साथ एक हेड कांस्टेबल और तीन कांस्टेबलों पर आधारित पेट्रोलिंग पार्टियां तैनात रहेंगी। उन्होंने कहा कि सुरक्षा कर्मचारियों में बेहतर संचार व्यवस्था को यकीनी बनाने के लिए जिलों को 20 वॉट के 3496 अतिरिक्त वायरलैस सैट और 8385 वायरलैस वॉकी टाकी सैट मुहैया करवाए गए हैं।

### स्ट्रांग रूमों के बाहर सुरक्षा टीमें 24 घंटे तैनात रहेंगी

ईवीएम मशीनों की सुरक्षा के संबंध में सिबिन सी ने बताया कि राज्य के सभी स्ट्रांग रूमों के बाहर अर्ध सैनिक बल और अन्य सुरक्षा टीमें 24 घंटे तैनात रहेंगी और इसके साथ ही दोगुना लॉक सिस्टम का प्रबंध किया गया है। इसके अलावा स्ट्रांग रूम के आसपास की फुटेज के लिए हरेक स्ट्रांग रूम के बाहर एलईडी स्क्रीनें लगाई गई हैं। सभी नियमों का पालन सुनिश्ति करने के लिए अधिकारी स्ट्रांग रूमों का रोजमर्रा के आधार पर निरीक्षण करेंगे। सिबिन सी ने राज्यों के मतदाताओं से अपने वोट के अधिकार का प्रयोग कर इस बार 70 पार के लक्ष्य को प्राप्त करने की अपील की है।

### गर्मी से राहत के लिए वोटरों को सभी पोलिंग स्टेशनों पर पिलाया जायेगा गुलाब शरबत

गर्मी से राहत प्रदान करने के साथ-साथ वोटरों के लिए आरामदायक माहौल यकीनी बनाने के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी दफ़्तर द्वारा 1 जून को वोटों वाले दिन पंजाब भर के सभी 24,451 पोलिंग स्टेशनों पर गुलाब शर्बत पिलाने का प्रबंध किया है। इस कदम का उद्देश्य वोटरों को गर्मी के प्रभाव से राहत प्रदान करते हुये वोटिंग के लिए आरामदायक माहौल यकीनी बनाना है। इस सम्बन्धी जानकारी देते हुये सिबिन सी ने बताया कि यह नेक प्रयास दफ़्तर, मुख्य निर्वाचन अधिकारी, पंजाब और पंजाब स्टेट कोआपरेटिव सप्लाई और मार्किटिंग फेडरेशन लिमटिड (मार्कफैड) द्वारा आपसी सहयोग के साथ किया जायेगा। उन्होंने कहा कि दफ़्तर, मुख्य निर्वाचन अधिकारी, पंजाब वोटिंग प्रक्रिया को नागरिकों के लिए अधिक से अधिक सुचारू और आरामदायक बनाने के लिए वचनबद्ध है। उन्होंने कहा कि मार्कफैड्ड द्वारा वोटरों के लिए स्थानीय स्तर पर तैयार किये जाते गुलाब शर्बत की छबील लगाने से 'मैक इन पंजाब' की सहकारिता मुहिम को भी बढ़ावा मिलेगा। मार्कफैड के मैनेजिंग डायरैक्टर गिरिश दियालन ने कहा कि यह मार्कफैड के लिए गौरव की बात है कि उसको मतदान के दौरान वोटरों के लिए आरामदायक माहौल यकीनी बना कर लोकतंत्र की इस प्रक्रिया में योगदान डालना का मौका मिला है। उन्होंने आगे कहा कि मार्कफैड्ड का गुलाब शर्बत पंजाब के कोआपरेटिव सैक्टर की तरफ से मानक उत्पाद प्रदान करने की वचनबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि गुलाब शर्बत राज्य भर के सभी जिलों और पोलिंग स्टेशनें पर पिलाया जायेगा। उन्होंने आगे कहा कि मार्कफैड की तरफ से दिया गया यह सहयोग स्थानीय उत्पादों और भाईचारें के लिए उसके समर्थन को दर्शाता है। सिबिन सी ने कहा कि दफ़्तर, मुख्य निर्वाचन अधिकारी का मुख्य उद्देश्य वोटिंग के लिए ख़ुशगवार और आरामदायक माहौल प्रदान करते हुये चुनाव प्रक्रिया में वोटरों की सक्रिय भागीदारी को यकीनी बनाना है और इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए वोटरों के लिए गुलाब शर्बत का प्रबंध किया गया है।

---

पंजाब पुलिस ने राज्य में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान को सुनिश्चित बनाने के लिए किये पुख्ता प्रबंध

# सुरक्षा प्रबंधों की निगरानी के लिए 81 हजार से अधिक कर्मचारी तैनात: गौरव यादव

- राज्य के कुल 24,451 पोलिंग स्टेशनों में से 5000 की संवेदनशील पोलिंग स्टेशनों के तौर पर पहचान
- 205 मज़बूत अंतरराज्यीय नाकों के द्वारा पुलिस टीमें शराब और नशा-तस्करों एवं समाज विरोधी तत्वों पर रख रही हैं पैनी नजर: शुक्ला



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 31 मई।** लोकसभा चुनाव-2024 के 7वें और अंतिम पड़ाव में राज्य भर के सभी 13 लोक सभा हलकों के लिए शनिवार को वोटें डाली जा रही हैं, इसके मद्देनजर पंजाब पुलिस द्वारा निर्विघ्न पोलिंग और बड़ी संख्या में वोटरों की शमूलियत को सुनिश्चित बनाने के लिए सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किये गए हैं। शुक्रवार को यहाँ डायरैक्टर जनरल ऑफ पुलिस (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव ने कहा कि लोक सभा चुनाव-2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतमयी ढंग से सुनिश्चित बनाने के लिए सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किये गए हैं, और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल, पंजाब पुलिस और पंजाब, हरियाणा और राजस्थान के होम गार्ड जवानों समेत कुल 81,079 जवानों को पंजाब के सभी जिलों में तैनात किया गया है।

जानकारी के अनुसार राज्य भर में 24,451 पोलिंग स्टेशन स्थापित किये गए हैं, जिनमें से 5000 की पहचान संवेदनशील पोलिंग स्टेशनों के तौर पर की गई है। पंजाब में 13 संसदीय हलकों के लिए 328 उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतरे हैं।

डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि कुल फोर्स के 50 प्रतिशत से अधिक भाव सीएपीएफ/एसएपी समेत 47,284 कर्मचारियों को 24,451 पोलिंग स्टेशनों पर तैनात किया गया है, जिससे यह सुनिश्चित बनाया जा सके कि वोटर अपनी वोट का प्रयोग निर्विघ्न और आरामदायक ढंग से कर सकें। उन्होंने कहा कि पंजाब के 13 लोक सभा हलकों के लिए चुनाव लड़ रहे सभी उम्मीदवारों को निर्धारित नियमों के अनुसार अपेक्षित सुरक्षा प्रदान की गई है।

डीजीपी ने कहा कि राज्य में नकदी/शराब/नशीले पदार्थों से सम्बन्धित गतिविधियों या किसी भी अन्य असुखद घटना से निपटने के लिए 351 फ्लाइंग सक्क्राऐड टीमें, 351 स्टैटिक सरवेलैंस टीमें और 348 क्विक रिएक्शन टीमें भी पूरी तरह से तैयार हैं।

स्पैशल डीजीपी लॉ एंड ऑर्डर अर्पित शुक्ला ने कहा कि पंजाब पुलिस द्वारा पहले ही राज्य भर में बेहतर तालमेल वाले 205 मज़बूत अंतर-राज्यीय नाके लगाए गए हैं, जिससे शराब और नशा-तस्करों एवं समाज विरोधी तत्वों की गतिविधियों को रोका जा सके। उन्होंने आगे कहा कि राजस्थान, जम्मू और कश्मीर, हरियाणा, चंडीगढ़ और हिमाचल प्रदेश समेत पड़ोसी राज्यों द्वारा भी पंजाब से आने-जाने वाले सभी प्वाइंटों पर नाके लगाए जा रहे हैं।

अधिक विवरण साझा करते हुए अतिरिक्त डायरैक्टर जनरल ऑफ पुलिस (एडीजीपी) -कम-राज्य पुलिस नोडल अफ़सर, चुनाव, पंजाब एम.एफ. फारूकी ने कहा कि 16 मार्च, 2024 को आदर्श चुनाव आचार संहिता (एमसीसी) की शुरुआत के बाद पंजाब पुलिस ने बेमिसाल बरामदगी करते हुए 13.14 करोड़ रुपए की नकदी समेत 642.24 करोड़ रुपए की कीमत की वैध/अवैध शराब, नशीली दवाएँ, कीमती धातुएं और बेहिसाब नकदी बरामद/जब्त की है।

उन्होंने बताया कि राज्य में कुल 3,98,350 लाइसैंसी हथियार जमा करवाए गए हैं, जो कि राज्य के कुल लाईसेंसी हथियारों का 95 प्रतिशत से अधिक हैं।

उन्होंने बताया कि उनको मुख्य निर्वाचन अधिकारी, पंजाब के दफ़्तर से 405 शिकायतें प्राप्त हुई थीं, जिनका निर्धारित समय के अंदर निपटारा किया गया है, और एम.सी.सी. के दौरान चुनावी अपराधों से सम्बन्धित 32 केस दर्ज किये गए हैं। इसके अलावा सभी जिलों को किसी भी इमरजैंसी की स्थिति से निपटने के लिए डीजीपी पंजाब के आरक्षित बल के साथ-साथ 193 आरक्षित बल मुहैया करवाए जा रहे हैं।

एडीजीपी ने कहा कि किसी भी घटना के दौरान गश्त पार्टी द्वारा तुरंत जवाब को सुनिश्वत बनाने के लिए राज्य भर को 2098 रूट ज़ोनों या सैक्टरों में बाँटा गया है, जो कि मज़बूत पुलिस पैट्रोलिंग पार्टियों द्वारा उचित ढंग से कवर किये गए हैं, और बेहतर तालमेल के लिए सभी जिलों को कम-से-कम 11,881 वायरलैस सैट मुहैया करवाए गए हैं, जो कि पंजाब के आठ जिलों में पहचाने गए 102 शैडो क्षेत्रों को भी कवर करते हैं।

उन्होंने कहा कि इन गश्त पार्टियों को इन्टरनेट-समर्थित टेबलेट प्रदान किये गए हैं, जो अधिकारियों को किसी भी घटना वाली जगह पर जल्द से जल्द पहुँचने वाली गश्त पार्टी की पहचान करने में मदद करेंगे। ज़िक्रयोग्य है कि पंजाब में 117 स्टोरेज/काऊंटिंग सैंटर स्थापित किये गए हैं, जो वोटों की गिनती पूरी होने तक क्रमवार सीएपीएफ, एसएपी और ज़िला पुलिस की तीन-स्तरीय सुरक्षा के अधीन हैं।

### 16 मार्च, से लेकर अब तक की बरामदगी

| | |
|---|---|
| नकदी | : 13.14 करोड़ रुपए |
| वैध शराब | : 82904 लीटर |
| अवैध शराब | : 26697 लीटर |
| लाहन | : 25.08 लाख लीटर |
| भुक्की | : 94 क्विंटल |
| अफ़ीम | : 185 किलोग्राम |
| नशीले पाउडर | : 434 किलोग्राम |
| हेरोइन | : 205 किलो |
| चरस | : 32 किलो |
| टीके/गोलियां/सिरप | : 2.62 लाख |

---

# बनूड़ क्षेत्र के तीन मतदान केंद्र संवेदनशील और एक अत्यधिक संवेदनशील

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**बनूड़, 31 मई।** पंजाब में एक जून को होने वाले लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए बनूड़ क्षेत्र में 66 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इनमें 3 मतदान केंद्रों को संवेदनशील और एक मतदान केंद्र को अति संवेदनशील माना गया है। चुनाव में गड़बड़ी फैलाने वाले शरारती तत्वों के खिलाफ पंजाब पुलिस और अर्धसैनिक बल सख्त कार्रवाई करेंगे। गौरतलब है कि बनूड़ क्षेत्र में बने संवेदनशील बूथों में हुलका, फतेहपुर गढ़ी और उरदन शामिल हैं, जबकि बनूड़ के नगर परिषद कार्यालय में बने मतदान केंद्र को अति संवेदनशील माना गया है। थानाध्यक्ष सिमरजीत सिंह ने बताया कि सेना के जवानों की मदद से पुलिस चप्पे-चप्पे पर पैनी नजर रख रही है। उन्होंने कहा कि चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया जाएगा।

### मतदान केंद्र पर शादी जैसा माहौल

चुनाव के दौरान मतदाताओं को भीषण गर्मी से बचाने के लिए चुनाव आयोग ने मतदान केंद्रों पर कई इंतजाम किए हैं। जिसके चलते मतदान केंद्र के बाहर शादी जैसा माहौल बना हुआ है। मतदान केंद्र के बाहर टेंट लगाकर मतदाताओं के बैठने के लिए कुर्सियां लगाई गई हैं। इसके अलावा मतदान केंद्र पर आने वाले व्यक्ति के लिए पीने के लिए ठंडे मीठे पानी की व्यवस्था की गई है।


# आत्मा की आवाज से किरदार देखकर वोट डालें मतदाता: शर्मा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**डेराबस्सी।** पटियाला लोकसभा हलके से शिरोमणि अकाली दल के प्रत्याशी एन.के.शर्मा ने पटियाला संसदीय क्षेत्र के मतदाताओं से अपील की है कि वह एक जून को वोट करने से पहले एक बार प्रत्याशी का किरदार जरूर देंखे और अपनी आत्मा की आवाज से वोट करें।

एन.के.शर्मा ने चुनाव प्रचार बंद होने के बाद शुक्रवार को हलके के कई गांवों में घर-घर जाकर संपर्क किया और पोलिंग बूथ पर बैठने वाले बूथ एजेंटों के साथ बैठक की। शर्मा ने कहा कि उन्हें चुनाव प्रचार के दौरान हलके के लोगों को भरपूर समर्थन मिला है। प्रचार के दौरान वह जिस भी गांव में गए लोगों ने उन्हें वहां प्यार व सम्मान दिया।

पटियाला शहर, पटियाला देहाती, घनौर, सनौर, शुतराना, राजपुरा, डेराबस्सी,नाभा व सामाना हलकों में लोगों ने दिल खोल कर अपनी समस्याएं बताई। शर्मा ने कहा कि एक जून को निर्णायक घड़ी आ गई है जब मतदाताओं को अपने विवेक के साथ वोट डालने का फैसला करना है।



उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि पटियाला लोकसभा हलके में बदलाव के नाम पर किरदार को देखते हुए अपनी आत्मा की आवाज से एक बार ग्रामीण अंचल से उठे नौजवान को मौका देकर लोकसभा में भेंजे, उनकी घग्गर नदी समेत सभी समस्याओं का स्थाई समाधान किया जाएगा।

---

## पेज एक का शेष

### शहरवासियों की भागीदारी...

**चुनाव की घोषणा से पहले शहर में होने लगा था टंडन टंडन:** लोकसभा चुनाव की घोषणा होने और उम्मीदवार के तौर पर संजय टंडन के नाम की घोषणा होने तक शहरवासियों की पहली और आखरी पसंद टंडन बने हुए हैं। लोकसभा चुनाव में इसे मोदी लहर का असर ही कहा जायेगा कि टंडन जिस भी क्षेत्र से होकर गुजरे वहां मोदी और टंडन का नाम ही लोगों की जुबान पर रहा। टंडन भी इस बात को मानते हैं कि शहर और ग्रामीण अंचलों में उन्होंने नागरिकों से रूबरू होकर बातचीत की तो उन्हें नागरिकों में अपनापन सा महसूस हुआ। लोग उनसे यूं मिले कि घर से बाहर गया परिवार का ही कोई सदस्य घर लौट आया है। टंडन ने कहा उन्हें पूरा विश्वास है कि वे चंडीगढ़ को अपना परिवार मानते हैं। यहां रहने वाले नागरिक उन्हीं के घर का हिस्सा हैं। ऐसे में वह परिवार को या परिवार उन्हें कैसे भुला सकता है। वह हमेशा से नागरिकों के लिए 24 घंटे खड़े रह कर हर समस्या का समाधान करते हैं। उन्होंने शहर वासियों के प्रति विश्वास प्रकट करते हुए कहा वे समर्थन से भारी मतों से जीत हासिल करेंगे।

### लोकतंत्र के पर्व...

तिवारी ने कहा, महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू, बाबा साहेब अंबेडकर और अन्य महान नेताओं और राजनेताओं को धन्यवाद, जिन्होंने देश को संवैधानिक लोकतंत्र दिया। भारत सही मायनों में दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में जाना जाता है। उन्होंने कहा कि आइए हम मतदान करें और अपने संविधान और लोकतंत्र में अपने विश्वास की पुष्टि करें और दोनों को मजबूत करें। तिवारी ने मतदान व्यवस्थाओं और तैयारियों की भी समीक्षा की, साथ ही सभी से इस बात पर जोर दिया कि वे न केवल खुद मतदान करें, बल्कि दूसरों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करें।

# जगराओं विधानसभा क्षेत्र में पोलिंग पार्टियों की समय पर रवानगी के साथ मतदान व्यवस्थाएं पूरी: कोहली

अर्थ प्रकाश/प्रदीप पाल





**जगराओं, 31 मई।** विधानसभा क्षेत्र जगराओं में लोकसभा चुनाव 2024 के लिए पोलिंग पार्टियां आज लाजपत राय डीएवी कॉलेज, जगराओं से रवाना की गई। इस संबंध में जानकारी देते हुए सहायक रिटर्निंग अधिकारी-कम-उपमंडल अधिकारी जगराओं गुरबीर सिंह कोहली ने बताया कि जगराओं विधानसभा क्षेत्र में कुल 198 बूथों पर चुनाव होने जा रहे हैं और इसके लिए जिला चुनाव अधिकारी लुधियाना द्वारा पोलिंग पार्टियां गठित की गई हैं। इन बूथों पर समय पर डिस्पैच कर दिया गया है उन्होंने आगे बताया कि जगराओं हलके के चुनाव को सुचारु रूप से करवाने के लिए 18 सेक्टर अधिकारी और 5 विशेष कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किए गए हैं, जो 31 मई और 1 जून को अपने-अपने बूथों की देखभाल करेंगे। इसके अलावा किसी भी अप्रिय घटना के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किये गये हैं ताकि किसी भी मतदान कर्मी को कोई परेशानी न हो. पूरे विधानसभा क्षेत्र में मॉडल बूथ और ग्रीन बूथ बनाए गए हैं और बूथ नं. 74 को पिंक बूथ बनाया गया है. इस अवसर पर श्री अमित सरीन अतिरिक्त उपायुक्त (सामान्य), लुधियाना ने भी एक गणमान्य व्यक्ति के रूप में डिस्पैच सेंटर का दौरा किया। एसडीएम कोहली ने बताया कि 198 मतदान दलों एवं अतिरिक्त मतदान कार्मिकों के लिए महाविद्यालय में दोपहर के भोजन की व्यवस्था की गई तथा 31 मई को रात्रि भोजन तथा 1 जून को प्रातः एवं दोपहर के भोजन की व्यवस्था मतदान केन्द्रों पर की गई है तथा इसके साथ ही रात्रि विश्राम के लिए बिस्तरों की भी व्यवस्था की गई है एवं हम हमारा पूरा प्रयास रहेगा कि किसी भी पोलिंग स्टाफ को कोई कठिनाई न हो। पूरे इलाके में पुलिस पार्टियां पूरी तरह से पुलिस प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर विधानसभा क्षेत्र में शांतिपूर्ण माहौल में चुनाव संपन्न कराने में जुटी हुई हैं. इस मौके पर तहसीलदार सुखचरण सिंह चन्नी, सुरिंदर कुमार पब्बी नायब तहसीलदार जगराओं, गुरप्रीत कौर नायब तहसीलदार सिधवां बेट, हरिंदर सिंह एक्सियन, सुखविंदर सिंह ग्रेवाल प्रभारी एलेक्सन, सुखदेव सिंह रीडर और अन्य स्टाफ उपस्थित थे।




# वोटिंग के लिये पोलिंग पार्टियां बूथों पर हुई रवाना, आज सुबह 7 बजे से शुरू होगा मतदान

सेक्टर 26 में रखी गई थी ईवीएम, सीटीयू की बसों में भेजी गई पार्टियां

चंडीगढ़ में कुल 614 मतदान केंद्र बने हैं, यहां 6,59,805 मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा



**चंडीगढ़, 31 मई।** चंडीगढ़ में कल 1 जून को होने जा रहे लोकसभा चुनाव की वोटिंग से पहले पोलिंग पार्टियां रवाना हो गई हैं। कल शनिवार को सुबह 7 बजे से लोकसभा चुनाव के लिए मतदान शुरू होगा। चंडीगढ़ के सेक्टर 26 स्थित चंडीगढ़ कॉलेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में ईवीएम को रखा गया था। यहां से सभी बूथों के लिए यह पार्टियां रवाना की गई हैं।

बता दें कि चंडीगढ़ में कुल 614 मतदान केंद्र बने हैं। यहां चंडीगढ़ के 6,59,805 मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे। चुनाव में लगे इन कर्मचारियों को चंडीगढ़ ट्रांसपोर्ट अंडरटेकिंग (सीटीयू) की बसों के जरिए मतदान केंद्रों तक भेजा गया।

रिटर्निंग ऑफिसर कम चंडीगढ़ के डीसी विनय प्रताप सिंह ने आम पब्लिक से अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की है। चंडीगढ़ प्रशासन ने इस बार 75 प्रतिशत मतदान का लक्ष्य रखा है। लोगों की सुविधा के लिए एक ऐप भी बनाया गया है। इस ऐप को डाउनलोड करके अपने मतदान केंद्र की वेटिंग के बारे में जानकारी ली जा सकती है ताकि गर्मी में मतदान केंद्र पर ज्यादा समय तक खड़ा न रहना पड़े। मतदान केंद्र और शहर की सुरक्षा के लिए पुलिस ने कड़े इंतजाम किए हैं। एसएसपी चंडीगढ़ कंवरदीप कौर ने बताया की शहर में 38 अंतरराज्यीय सीमाओं पर नाके लगाए गए हैं। सभी मतदान केंद्रों और शहर की सुरक्षा के लिए 16 डीएसपी, 16 एसएचओ, 29 इंस्पेक्टर और 4000 पुलिस जवानों को तैनात किया गया है। इस सुरक्षा के लिए 52 रिजर्व और 32 गश्त करने के लिए टीमें गठित की गई है। इसकी जिम्मेदारी 5 वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों को दी गई है। वहीं 357 ट्रैफिक पुलिस कर्मचारियों को अलग-अलग जगह पर लगाया गया है।

चंडीगढ़ के डीसी और रिटर्निंग ऑफिसर विनय प्रताप सिंह ने चंडीगढ़ पुलिस को आदेश दिए हैं कि वह ऐसी जगह पर चेकिंग करें, जहां पर बाहर के लोग रुक सकते हैं। लॉज, गेस्ट हाउस आदि में रुके हुए लोगों की पहचान चेक करने को कहा गया है। बॉर्डर इलाकों पर चेक पोस्ट लगा दिए जाएं ताकि बाहर से आने वाली गाड़ियों की चेकिंग की जा सके। अगर कहीं ग्रुप में लोग हैं, तो उनकी पहचान जांची जाए कि वह इस शहर के मतदाता है या नहीं है। चुनाव आयोग के निर्देश पर सभी जगह से पोस्टर, बैनर व झंडे इत्यादि हटा दिये गये हैं। बाहरी लोगों को शहर छोड़ने के आदेश दिये गये हैं। केवल वह रुक सकते हैं जिनका यहां वोट है।

## सभी अस्पतालों को दवाओं के साथ रखा अलर्ट पर

स्वास्थ्य विभाग ने चंडीगढ़ में आगामी लोकसभा चुनाव के लिए सभी प्रबंध कर लिए हैं। सभी अस्पतालों को दवाओं, उपभोग्य सामग्रियों और जनशक्ति की उपलब्धता सहित अलर्ट पर रखा गया है। विभाग ने चुनाव के लिए 16 एंबुलेंस तैनात की हैं जिनमें एक डॉक्टर, पैरामेडिकल स्टाफ और पर्याप्त संख्या में दवाएं और अन्य वस्तुएं हैं। इन्हें शहर के सभी महत्वपूर्ण स्थानों पर रखा जाएगा। प्रभावी प्रबंधन के लिए प्रत्येक एआरओ के पास एंबुलेंस भी रखी जाएंगी। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग ने प्रत्येक मतदान केंद्र पर पर्याप्त मात्रा में ओरल रिहाइड्रेशन पैक युक्त चिकित्सा किट प्रदान की है। विभाग ने मतदान के दिन मेडिकल टीमों की प्रभावी निगरानी के लिए एक नोडल अधिकारी की प्रतिनियुक्ति की है और चिकित्सा किट के उपयोग के बारे में मतदान कर्मचारियों को प्रशिक्षित भी किया है। सभी नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे गर्मी की लहर की स्थिति के कारण पर्याप्त उपाय करें और हाइड्रेटेड रहें। आपातकालीन स्थिति में एंबुलेंस के लिए 112 पर कॉल करें और आपातकालीन नंबर 0172-2782457, 2752042, 2752043 पर संपर्क कर सकते हैं।

# घर से कीमती स्पीकर चोरी के मामले में अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज

**चंडीगढ़ (रंजीत शम्मी)।** थाना 36 क्षेत्र एरिया के अंतर्गत कोई अज्ञात घर से कीमती स्पीकर चोरी कर फरार हो गया। जिसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई।मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल करते हुए अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक शिकायतकर्ता सेफ्टर 42 की रहने वाली पीड़िता महिला ने पुलिस को बताया की वह पंजाब ऑडिट विभाग में कार्यरत है।वह 24 मई को सोनीपत गई थी। जब वह 26 मई को घर वापिस आई तो देखा की घर का गेट खुला था।और अंदर से सारा समान बिखरा हुआ था। घर में रखा कीमती स्पीकर जिसकी कीमत 30 हजार रुपए बताई गई।धर से गायब था।




# पेशेंट बनकर आए आरोपी ने की लाखों रुपए की ठगी, मामला दर्ज

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़, 31 मई।** थाना 39 क्षेत्र एरिया के अंतर्गत पेशेंट बनकर आए आरोपी और एक महिला ने लाखों रुपए की ठगी कर फरार हो गया। जिसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल करते हुए आरोपी रामचंद्र के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक शिकायतकर्ता पंजाब के जिला मोहाली के रहने वाले दिलीप कुमार ने पुलिस को बताया कि 30 मई को नया गांव स्थित क्लीनिक में एक व्यक्ति पेशेंट बन कर आया। और उसने बोला कि उसके पेट में दर्द है। क्लीनिक में देख रहे शिकायतकर्ता को बातों में कहां की उसके पास यूएस डालर है। शिकायतकर्ता उसके झांसे में आ गया और उसने डॉलर देने के लिए शिकायतकर्ता को सेक्टर 41 स्थित एक स्कूल के पास बुलाया।जैसे ही वह आया उसने शिकायतकर्ता को ऊपर कुछ उस डॉलर लगाकर नीचे कागज लगा दिए।और उससे 5। लाख रुपए ले लिए। और वह फरार हो गया। जब शिकायतकर्ता को पता चला कि उसके साथ धोखाधड़ी हो गई है। जिसकी शिकायत पुलिस को दी गई थी।थाना साइबर सेल पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते आरोपी रामचंद्र के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# एसएएस नगर के तीन डिस्पैच सेंटरों से लोकतंत्र के 3272 सिपाही रवाना

अर्थ प्रकाश /जिनेन्द्र जैन



**मोहाली ।** लोकतंत्र के उत्सव को मनाने के लिए, जिसके लिए जिला प्रशासन पिछले ढाई महीने से तैयारी कर रहा था, लोकतंत्र के 3272 सिपाही आज एसएएस नगर जिले के तीन डिस्पैच सेंटरों से संबंधित सहायक रिटर्निंग अधिकारियों-सह-सब डिवीजनल मजिस्ट्रेटों द्वारा रवाना हुए, जिला प्रशासन ने कहा। चुनाव अधिकारी-कम-डिप्टी कमिश्नर श्रीमती आशिका जैन ने शुक्रवार शाम को यहां यह जानकारी दी। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि पोलिंग पार्टियां उत्सव के मूड में हैं और बड़े उत्साह के साथ वे स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, 78, मोहाली, सरकारी पॉलिटेक्निक खूनी माजरा और सरकारी कॉलेज डेराबस्सी में स्थापित डिस्पैच केंद्रों से रवाना हुई। डिप्टी कमिश्नर ने सभी डिस्पैच केंद्रों का दौरा करते हुए मतदान कर्मियों से बातचीत की और उनका मनोबल बढ़ाया। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा मतदान केंद्रों पर उन्हें चिलचिलाती गर्मी से बचाने के लिए आवास, भोजन, पंखे/कूलर, मीठा और ठंडा पानी आदि सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। डिप्टी कमिश्नर ने आगे कहा कि जिले में कल लगभग 8,12,593 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे और जिला प्रशासन ने अपने ढाई महीने के मतदाता जागरूकता स्वीप गतिविधियों के दौरान उन्हें 1 जून, 2024 को बूथ पर जाने के लिए प्रेरित किया है और उन्हें उम्मीद है कि जिला 70 प्रतिशत के लक्ष्य को आसानी से पार कर जाएगा। उन्होंने कहा कि अधिकांश मतदान कर्मी और मतदान दल प्रमुख महिला शक्ति में से हैं, क्योंकि जिले में 70 प्रतिशत महिला कर्मचारी हैं, जबकि 30 प्रतिशत पुरुष हैं। उन्होंने सभी दलों को चुनाव प्रक्रिया को सुचारू रूप से पूरा करने के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिले में दो सुपर मॉडल बूथ, 30 मॉडल बूथ, 3-3 पिंक, पीडब्ल्यूडी और यूथ बूथ हैं। इसके अलावा, कुछ ग्रीन बूथ भी हैं। उपायुक्त ने आगे कहा कि कल सुबह 7.00 बजे 485 स्थानों पर 818 बूथों पर मतदान शुरू होगा, जो शाम 6.00 बजे तक जारी रहेगा। जिले में 33 स्थानों पर 89 संवेदनशील/ संवेदनशील बूथ हैं, जिन पर अर्धसैनिक बल के जवान तैनात रहेंगे। इसके अलावा, सीसीटीवी कैमरे और माइक्रो ऑब्जर्वर भी इन बूथों पर कड़ी नजर रखेंगे। उन्होंने कहा कि सभी 818 बूथों को एक केंद्रीकृत नियंत्रण कक्ष में वास्तविक समय पर मतदान की जांच करने के लिए वेबकास्टिंग सुविधा से लैस किया गया है। उन्होंने कहा कि मतदाताओं और मतदान कर्मचारियों को गर्मी से बचाने के लिए ओआरएस पैकेट और अन्य आवश्यक दवाओं की व्यवस्था की गई है, साथ ही विशेष रूप से प्रशिक्षित आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की तैनाती की गई है। उन्होंने कहा कि गर्मी से पीड़ित मरीजों को तत्काल अस्पताल पहुंचाने के लिए सभी बूथों को नजदीक के सरकारी अस्पतालों से जोड़ा गया है। एसएसपी डॉ. संदीप गर्ग ने कहा कि जिला पुलिस के पास करीब 4000 सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की गई है, जिन्हें चौबीसों घंटे निगरानी के लिए जिले में बूथों, नाकों और गश्त पर तैनात किया गया है। उन्होंने कहा कि कल स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी मतदान सुनिश्चित करने के लिए सभी जीओ (एसपी और डीएसपी) और पुलिस स्टेशन और चौकी इंचार्ज फील्ड में रहेंगे।

## डीसी और एसएसपी डॉ. संदीप गर्ग ने खरड़ निर्वाचन क्षेत्र में मतदान केंद्रों का संयुक्त रूप से किया दौरा

**खरड़ (एसएएस नगर)।** एसएएस नगर जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी और प्रलोभन मुक्त लोकसभा चुनाव–2024 कराने के लिए जिला चुनाव अधिकारी–सह–उपायुक्त आशिका जैन और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. संदीप गर्ग ने संयुक्त रूप से विभिन्न श्रेणियों के तहत पहचाने गए मतदान केंद्रों का दौरा किया और मतदान की तैयारियों की जांच की, जो कल सुबह 7.00 बजे से शाम 6.00 बजे तक होने वाला है। डिप्टी कमिश्नर श्रीमती जैन ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि दौरे का उद्देश्य यह जांचना था कि पोलिंग पार्टियों के पहुंचने से पहले सभी प्रबंध किए गए हैं या नहीं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बूथ पर रहने, खाने, पंखे/कूलर की व्यवस्था, मीठे व ठंडे पेयजल के अलावा शेड/टेंट, शौचालय, व्हीलचेयर आदि की व्यवस्था करना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने बताया कि जिन बूथों का दौरा किया गया उनमें शिनगरीवाला, नाडा, मुल्लांपुर गरीबदास, सिसवां व कुराली शामिल हैं और सभी प्रबंध सही पाए गए। उन्होंने कहा कि बूथ लेवल अधिकारी सेक्टर सुपरवाइजरों की मदद से बूथों पर सभी प्रबंध मुकम्मल करने के लिए पूरी निष्ठा से अपनी ड्यूटी निभा रहे हैं। राजकीय पॉलिटेक्निक खूनी माजरा से रवाना होने से पहले मतदान कर्मियों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि वे चुनावी प्रक्रिया की रीढ़ हैं। उनका कर्तव्य बूथ स्थापित करने, मॉक पोल और वास्तविक मतदान से लेकर मतदान समाप्ति तक सबसे चुनौतीपूर्ण कर्तव्य होता है। उन्होंने कहा कि हमारा देश विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और हम इस लोकतंत्र के गौरवशाली मतदाता हैं तथा मतदाता इसके संदेशवाहक हैं। इसलिए लोकतंत्र के प्रति हमारा यह कर्तव्य बनता है कि हम मतदान के उत्सव में हिस्सा बनकर मतदान केंद्रों पर वोट डालने जाएं। एसएसपी डॉ. संदीप गर्ग ने कहा कि जिला पुलिस कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ–साथ मतदाताओं में बिना किसी डर के अपने मताधिकार का प्रयोग करने का विश्वास पैदा करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए जिले और अंतरराज्यीय सीमाओं पर करीब 60 पुलिस नाके लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि जिला पुलिस, राज्य सशस्त्र पुलिस और अर्धसैनिक पुलिस के साथ जिले में स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान में बाधा डालने वाली किसी भी अप्रिय घटना को विफल करने के लिए हमेशा सतर्क रहेगी। इस अवसर पर एडीसी (यूडी) दमनजीत सिंह, एसपी (आई) ज्योति यादव, एआरओ–कम–एसडीएम खरड़ गुरमंदर सिंह भी मौजूद थे।

## 5 फीसदी सीलिंग खत्म कर मृतक के परिजनों को नौकरी दी जाए : ज्वाइंट एक्शन कमेटी



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** ज्वाइंट एक्शन कमेटी लम्बे समय से चंडीगढ़ प्रशासन से मांग कर रही हैं के 5 फीसदी सीलिंग खत्म कर मृतक के परिजनों को नौकरी दी जाए। पर इस मांग को पूरा नहीं किया गया इस लिए मृतक के परिजनों में बहुत रोष है। ज्वाइंट एक्शन कमेटी के कनवीनर अश्वनी कुमार, चेयरमैन सुरमुख सिंह, राजा राम, कुलदीप सिंह, याद राम, और सरवन कुमार ने बताया के चंडीगढ़ प्रशासन के अलग अलग विभागों से भारी गिनती में कर्मचारियों की मृत्यु हुई है पर उनके परिजनों को 5 फीसदी सीलिंग के कारण नौकरी नहीं मिली। मृतको के परिजन दर दर की ठोकरें खा रहे है पर उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही। और वह इतनी महंगाई में कम पैंशन में कैसे गुजारा कर रहे होगे।अश्वनी कुमार ने बताया के पंजाब सरकार आपने कर्मचारियों को यह सुविधा दे रही है वहा कोई सीलिंग नहीं है। इस लिए ज्वाइंट एक्शन कमेटी चंडीगढ़ प्रशासन से मांग करती है 5 फीसदी सीलिंग खत्म कर पंजाब की तर्ज पार मृतक के परिजनों को जल्द से जल्द नौकरी दी जाए।

## लूट की योजना बनाने के मामले में 3 दोषियों को 8 साल की सजा

अदालत ने दो दोषियों को लगाया 18–18 और एक को 23 हजार का जुर्माना

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** जिला अदालत ने शुक्रवार को शहर में लूट की योजना बनाने के मामले में तीन दोषियों को 8-8 साल की सजा सुनाई। अदालत ने दो दोषियों को 18-18 और एक को 23 हजार का जुर्माना लगाया। पुलिस उपायुक्त हिमाद्री कौशिक के नेतृत्व में इंस्पेक्टर सीआईए सेक्टर 26 नरेन्द्र कुमार व उसकी टीम ने साल 2016 की 2 फरवरी को सेक्टर 23 व 24 की डिवाइडिंग के पास से लूट की योजना बनाते हुए 3 आरोपियों को पकड़ा था। अदालत अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुनील कुमार ने 3 आरोपियों को मामले में दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई। मामले की तफ्तीश इंस्पेक्टर सीआईए नरेन्द्र कुमार और पैरवी डीए पंकज राज गर्ग के नेतृत्व में की गई। अदालत ने दोषी जोगिन्द्र सिंह उर्फ जोगा उम्र 35 साल को 8 साल 18 हजार रुपये जुर्माना, दोषी दीपक कुमार उम्र 30 साल को 8 साल 23 हजार रुपये जुर्माना तथा दोषी राजेन्द्र उर्फ जोकर उम्र 29 साल को 8 साल 18 हजार रुपये जुर्माना सहित सजा सुनाई गई। दायर मामले के मुताबिक इंस्पेक्टर नरेंद्र कुमार सीआईए सेक्टर 26 पंचकूला की टीम डिवाइडिंग रोड के नजदीक मौजूद थी। तभी वहां पर कार के पास कुछ लडके खड़े थे। जिनके पास एक मोटरसाईकिल भी थी। पुलिस सीआईए की टीम को देखकर उन्होंने पास के जगंल में भागने की कोशिश की। पुलिस की टीम ने 4 लड़कों गिरफ्तार किया। इनमें से दो लड़को के पास से लोहे की रोडे व एक लडके के हाथ में बेस बाल का डंडा बरामद किया। तब पुलिस ने दीपक कुमार उर्फ टीनू के कब्जे से एक देशी कट्टा व 2 रोंद मिले। पुलिस की टीम ने आरोपियों से पूछताछ करने के बाद आर्म्स एक्ट और अन्य धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज किया।

# ज्ञान सागर अस्पताल ने मनाया विश्व तंबाकू दिवस

### तंबाकू से होने वाली बीमारियों के प्रति किया जागरूक

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**बनूड़।** ज्ञान सागर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल द्वारा आईआईटी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में तंबाकू रोकथाम शिविर का आयोजन किया गया। इस सबंधित जानकारी देते हुए डॉ. गुरमिंदर सिंह एमडीएस प्रोस्थोडॉन्टिक्स वाइस प्रिंसिपल और विभागाध्यक्ष डॉ. सिमरजीत सिंह ने बताया कि 31 मई को विश्व तंबाकू दिवस मनाया जाता है। इस दिवस के अवसर पर इस फैक्ट्री के कर्मचारियों को तंबाकू बीड़ी से होने वाली बीमारियों एवं दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई। उनका कहना है कि इन मरीजों के दांतों की जांच करने के बाद दांतों में तंबाकू से होने वाली बीमारियां भी देखी गई, जिसके लिए उन्हें अस्पताल आकर बहुत कम दर पर इलाज कराने को कहा गया, क्योंकि यह दांतों की बीमारी है। उन्होंने कहा कि तम्बाकू के कारण भी कैंसर बढ़ सकता है और इस बीमारी के पूरे देश में फैलने का खतरा है, अगर समय रहते इस भयानक बीमारी की जांच करवाई जाए, तो जोखिम और लागत दोनों से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि अस्पताल प्रबंधन समय-समय पर नशे जैसी बुरी बुराई के अलावा हर बीमारी के बारे में लोगों को जागरूक भी करता है और आगे भी इसी तरह किया जाएगा। इस सेमिनार के अंत में छात्रों ने एक नाटक के माध्यम से कंपनी में काम करने वाले सैकड़ों कर्मचारियों को तंबाकू से होने वाली बीमारियों के बारे में बताया कि इसकी शुरुआत कहां से होती है, अगर समय पर इसका इलाज न किया जाए, तो यह बहुत ही भयानक रूप धारण कर लेती है। इस अवसर पर डॉ. अंजलि एमडीएस एंडोडोंटिक्स, डॉ. गगनदीप एमडीएस ओरल पैथोलॉजी, डॉ. दिलजोत एमडीएस (हेड) कम्युनिटी डेंटिस्ट्री, डॉ. रिद्धि एमडीएस पेरियोडोंटोलॉजी, डॉ. तरूणा एमडीएस ओरल मेडिसिन, डॉ. प्रणीत कौर डेंटल ट्यूटर और अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस : तीन दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** जिला प्रशासन पंचकूला एवं आयुष विभाग पंचकूला द्वारा 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024 के उपलक्ष्य में आज सुबह 6 बजे से 7.30 बजे तक ताऊ देवीलाल स्टेडियम सेक्टर-3, पंचकूला में आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ। योग क्रियाओं जैसे ताडासन, वृक्षासन, पादहस्त, अर्धचक्रासन, वज्रासन, उत्तानमण्डुक, उष्ट्रासन, वक्रासन, मक्रासन, शलभासन, सेतुबंध, उत्तानपादासन, पवनमुक्त, अर्धहलासन, अनुलोम विलोम, कपालभाति, भ्रामरी का अभ्यास करवाते हुए यौगिक क्रियाओं द्वारा होने वाले लाभों की भी जानकारी दी गई। इस योग प्रोटोकॉल का अभ्यास आयुष विभाग के योग विशेषज्ञ रितू मित्तल एवं पतंजलि प्रशिक्षकों द्वारा करवाया गया। उपायुक्त डा. यश गर्ग के मार्गदर्शन व आयुष विभाग के महानिदेशक डॉ. अंशज सिंह के निर्देशानुसार जिला आयुर्वेदिक अधिकारी पंचकूला डॉ. दिलीप कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2024 के अवसर पर प्रशिक्षण शिविर शिविर में सरकारी और गैर-सरकारी स्कूलों के प्रवक्ता, शारीरिक शिक्षक, पीटीआई और डीपीआई को आयुष विभाग के योग विशेषज्ञ एवं पतंजलि प्रशिक्षकों द्वारा योग प्रशिक्षण करवाया गया। जिसमें लगभग 112 से अधिक सरकारी और गैर-सरकारी स्कूलों के प्रवक्ता, शारीरिक शिक्षक, पीटीआई और डीपीआई ने भाग लिया।

## पंचकूला उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच वित्तीय विवादों पर करेगा सुनवाई

**पंचकूला, (अप्रस)।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम उपभोक्ताओं की 1 लाख रुपये से अधिक और 3 लाख रुपये तक की राशि के वित्तीय विवादों से संबंधित शिकायतों की सुनवाई करेगा। पंचकूला जोन के अंतर्गत आने वाले जिलों (कुरुक्षेत्र, अंबाला, पंचकूला, कैथल और यमुनानगर) के उपभोक्ताओं की शिकायतों का निवारण 3, 10, 18 और 24 जून को जोनल उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच, पंचकूला में उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इन मामलों की सुनवाई यूएचबीवीएन के मुख्यालय, विद्युत सदन, इंडस्ट्रियल प्लाट-3 और 4, सेक्टर-14, पंचकूला में सुबह 11.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक होगी।

# तम्बाकू से दूर रहें, यह आपके स्वास्थ्य को खराब करता है : सत्य पाल जैन

अर्थ प्रकाश /वीरेन्द्र सिंह



**चंडीगढ़।** श्री सत्य पाल जैन, पूर्व सांसद और भारत के अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ने कहा है कि प्रत्येक नागरिक को अपने नागरिक अधिकारों को जानना चाहिए और अपना वोट देकर एक जिम्मेदार नागरिक बनना चाहिए। उन्होंने सभी एनएसएस प्रतिभागियों और संकाय सदस्यों को इस ÷तम्बाकू निषेध दिवस÷पर तम्बाकू के उपयोग को रोकने की शपथ लेने के लिए प्रेरित किया क्योंकि यह स्वास्थ्य को खराब करता है।

श्री जैन आज सुबह पंजाब विश्वविद्यालय में एनएसएस पंजाब विश्वविद्यालय द्वारा भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी पंजाब राज्य शाखा के सहयोग से ÷विश्व तंबाकू निषेध दिवस 2024÷ मनाने और प्रत्येक नागरिक के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए एक वॉकथॉन आयोजित करने के अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। यह वॉकथॉन एनएसएस पीयू के कार्यक्रम समन्वयक डॉ परवीन गोयल और पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ की कार्यक्रम अधिकारी डॉ वंदिता कक्कड़ के मार्गदर्शन में ÷एक बहुत ही प्रासंगिक विषय ÷यह छुट्टी नहीं है यह मतदान का दिन है÷ पर आधारित है।

श्री जैन ने वॉकथॉन को हरी झंडी दिखाई और अतिथि प्रोफेसर रजत संधीर और प्रोग अधिकारी डॉ सोनिया भारद्वाज, अन्य संकाय सदस्यों और छात्रों के साथ-साथ रेड क्रॉस सोसाइटी, पंजाब राज्य शाखा के अधिकारियों के नेतृत्व में इसमें शामिल हुए।

डॉ परवीन गोयल ने स्वागत भाषण दिया और सभी प्रतिभागियों को प्रेरित किया। प्रोफेसर रजत संधीर ने युवा प्रतिभागियों को प्रेरित किया और विश्व तंबाकू निषेध दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि श्री सत्य पाल जैन द्वारा गुब्बारा छोड़ने से हुई, जो तंबाकू के खतरों से मुक्त भविष्य के लिए हमारी सामूहिक आशा और आकांक्षाओं को दर्शाता है। इसके बाद जीवन को पोषित करने और पर्यावरण और सार्वजनिक स्वास्थ्य के प्रति हमारे समर्पण को मजबूत करने के लिए पौधों को पानी पिलाया गया।

समारोह की शुरुआत एक दिन पहले एनएसएस कार्यालय द्वारा इसी थीम पर आयोजित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता से हुई, जिसमें 12 से अधिक टीमों ने भाग लिया। पुरस्कार वितरण समारोह में सभी ने खुशी मनाई, क्योंकि श्री सत्य पाल जैन ने उन्हें स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र प्रदान किए।

## HISAR SPINNING MILLS LIMITED

9th Km. Stone, Hisar-Bhiwani Road, V.P.O. Dabra, Hisar - 125005
CIN- L17112HR1992PLC031621, PAN- AAACH3754M
**Statement of Audited Financial Results for the Quarter and Year Ended 31st March, 2024**

(Rs. in Lakhs, except equity share data)

| Sr. No. | Particulars | 3 Months ended | Preceding 3 months ended | Corresponding 3 months ended in the Previous year | Year ended | Previous accounting year ended |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 31.03.2024 | 31.12.2023 | 31.03.2023 | 31.03.2024 | 31.03.2023 |
| | | (Tefer note3) | (Unaudited) | (Tefer note 3) | (Audited) | (Audited) |
| 1. | **Income** | | | | | |
| | Revenue from operations | 1033.84 | 1041.72 | 1065.31 | 4198.16 | 4669.15 |
| | Other Income | 1.01 | 1.35 | -1.61 | 6.20 | 10.87 |
| | **Total Income** | **1034.85** | **1043.07** | **1063.70** | **4204.36** | **4680.02** |
| 2. | **Expenses** | | | | | |
| | Cost of materials consumed | 644.03 | 587.61 | 637.37 | 2531.15 | 2486.31 |
| | Changes in inventories of finished goods and work-in-progress | -83.24 | 15.81 | 30.74 | -149.69 | 31.66 |
| | Employee benefits expense | 85.06 | 82.76 | 76.59 | 333.84 | 301.36 |
| | Finance costs | 3.78 | 6.89 | 7.02 | 23.67 | 30.99 |
| | Depreciation expenses | 41.90 | 42.23 | 61.18 | 168.74 | 249.18 |
| | Consumption of store and spare parts | 30.04 | 35.11 | 41.58 | 167.63 | 203.29 |
| | Packing material consumed | 8.09 | 7.34 | 8.59 | 31.59 | 39.02 |
| | Power and fuel expenses | 166.90 | 159.42 | 157.36 | 656.33 | 645.75 |
| | Contract labour charges | 16.68 | 16.27 | 15.00 | 64.49 | 58.19 |
| | Freight and cartage outward | 6.31 | 3.73 | 1.79 | 19.33 | 121.44 |
| | Other expenses | 20.07 | 14.25 | 13.54 | 76.55 | 89.22 |
| | **Total Expenses** | **939.62** | **971.42** | **1050.76** | **3923.63** | **4256.41** |
| 3. | **Profit before exceptional items and tax** | **95.23** | **71.65** | **12.94** | **280.73** | **423.61** |
| | Exceptional items | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 4. | **Profit before tax** | **95.23** | **71.65** | **12.94** | **280.73** | **423.61** |
| 5. | **Tax expense :** | | | | | |
| | - Current Tax | 26.45 | 20.87 | 8.10 | 81.22 | 109.11 |
| | - Adjustment of tax relating to earlier periods | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 2.58 | 0.00 |
| | - Deferred Tax | -1.40 | -1.38 | -3.48 | -4.98 | -16.63 |
| | **Total tax expense** | **25.05** | **19.49** | **4.62** | **78.82** | **92.48** |
| 6. | **Profit for the period (A)** | **70.18** | **52.16** | **8.32** | **201.91** | **331.13** |
| | **Other comprehensive income items that will not be reclassified to profit or loss** | | | | | |
| | Remeasurements of the defined benefit Plans | 1.37 | 0.23 | 0.30 | 0.61 | 2.51 |
| | Income tax relating to items that will not be reclassified to profit or loss | -0.34 | -0.06 | -0.07 | -0.15 | -0.63 |
| 7. | **Total Other Comprehensive Income/(-) Expense (B)** | **1.03** | **0.17** | **0.23** | **0.46** | **1.88** |
| 8. | **Total Comprehensive Income for the period (A+B)** | **71.21** | **52.33** | **8.55** | **202.37** | **333.01** |
| 9. | Paid-up equity share capital (Face value of Rs. 10 Par share) | 373.50 | 373.50 | 373.50 | 373.50 | 373.50 |
| 10. | Other Equity | | | | **1852.87** | **1650.50** |
| 11. | **Earnings per equity share (Rs.)** | | | | | |
| | Basic and diluted (not annualized) | 1.88 | 1.40 | 0.22 | 5.41 | 8.87 |

Place: Chandigarh
Dated: 30.05.2024

By Order of the Board of Directors
For Hisar Spinning Mills Limited
(Anurag Gupta)
Managing Director DIN: 00192888
Contd.....

## HISAR SPINNING MILLS LIMITED

9th K.M. Store, Hisar Bhiwani Raod, V.P.O. Dabra, Hisar-125005
**STATEMENT OF ASSETS AND LIABILITIES**

(Rs. In lakhs)

| | Particulars | AS at 31.03.2024 Audited | AS at 31.03.2023 Audited |
|---|---|---|---|
| A | **ASSETS** | | |
| 1. | **Non-Current Assets:** | | |
| a | Property, plant and equipment | 544.17 | 706.64 |
| b | Financial Assets: | | |
| (i) | Other Financial Assets | 107.15 | 37.15 |
| c | Deferred Tax Assets (Net) | 69.13 | 64.15 |
| d | Other Non-Current Assets | 106.41 | 3.71 |
| | **Sub-total-Non-Current Assets** | **826.86** | **811.65** |
| 2. | **Current Assets:** | | |
| a | Inventories | 1102.96 | 1042.09 |
| b | Financial Assets: | | |
| (i) | Trade receivables | 274.74 | 416.51 |
| (ii) | Cash and cash equivalents | 171.72 | 26.42 |
| (iii) | Bank balances other than (ii) above | 0.00 | 0.00 |
| (iv) | Other Financial Assets | 38.48 | 28.03 |
| c | Current Tax Assets (Net) | 2.13 | 9.00 |
| d | Other Current Assets | 269.42 | 281.09 |
| e | Non-current assets classified as held for sale | 0.00 | 1.25 |
| | **Sub-total-Current Assets** | **1859.45** | **1804.39** |
| | **TOTAL - ASSETS** | **2686.31** | **2616.04** |
| B | **EQUITY AND LIABILITIES** | | |
| 1 | **Equity :** | | |
| a | Equity Share capital | 373.50 | 373.50 |
| b | Other Equity | **1852.87** | **1650.50** |
| | **Sub-total-Equity** | **2226.37** | **2024.00** |
| | **Liabilities** | | |
| 2. | **Non-Current Liabilities:** | | |
| a | Financial Liabilities | | |
| (i) | Borrowings | 203.17 | 185.75 |
| (ii) | Other Financial Liabilities | 0.00 | 1.41 |
| b | Other Non-Current Liabilities | 0.15 | 9.43 |
| | **Sub-total-Non-Current Liabilities** | **203.32** | **196.59** |
| 3. | **Current Liabilities:** | | |
| a | Financial Liabilities | | |
| (i) | Borrowings | 105.55 | 108.62 |
| (ii) | Trade payables | | |
| | (A)Total outstanding dues of micro enterprises and small enterprises | 2.54 | 90.31 |
| | (B)Total outstanding dues creditors other than micro enterprises and small enterprises | 54.84 | 105.99 |
| (iii) | Other Financial Liabilities | 67.92 | 65.03 |
| b | Other Current Liabilities | 19.74 | 22.11 |
| c | Provisions | 6.03 | 3.39 |
| | **Sub-total-Current Liabilities** | **256.62** | **395.45** |
| | **Total - Liabilities** | **459.94** | **592.04** |
| | **TOTAL - EQUITY AND LIABILITIES** | **2686.31** | **2616.04** |

## HISAR SPINNING MILLS LIMITED

9th K.M. Store, Hisar Bhiwani Raod, V.P.O. Dabra, Hisar-125005
**Statement of Cash Flows for the year ended 31st March 2024**

(Rs. In lakhs)

| Particulars | For the year ended 31.03.2024 Audited | For the year ended 31.03.2023 Audited |
|---|---|---|
| **A. Cash flow from operating activities** | | |
| **Profit before tax** | **280.73** | **423.61** |
| **Adjustments for :** | | |
| Depreciation expense | 168.74 | 249.18 |
| Net Loss/ (-) gain on disposal of property, plant and equipment | -0.05 | -0.21 |
| Government grant relating to EPCG Scheme | -9.27 | -86.77 |
| Government grant relating to property, plant and equipment | -0.01 | -0.03 |
| Provision for interest written back | -1.41 | -1.16 |
| Interest income | -2.21 | -1.69 |
| Finance costs | 23.67 | 30.99 |
| **Operating profit before working capital changes** | **460.19** | **613.92** |
| **Changes in working capital:** | | |
| Adjustments for decrease/(-) increase in operating assets:- | | |
| Inventories | -60.87 | 44.92 |
| Trade receivables | 141.77 | -176.22 |
| Other financial assets (current) | -10.33 | 14.43 |
| Other financial assets (non-current) | 0.00 | -7.21 |
| Other assets (current) | 11.67 | -78.48 |
| Other assets (non-current) | -102.70 | 32.74 |
| Adjustments for increase/(-) decrease in operating liabilities:- | | |
| Trade payables | -138.92 | -155.65 |
| Other financial liabilities (current) | 4.63 | -4.44 |
| Other financial liabilities (non-current) | -1.41 | -1.16 |
| Other Liabilities (current) | -2.37 | -36.89 |
| Provisions (current) | 3.25 | -7.44 |
| **Cash generated from operations** | **304.91** | **238.52** |
| Income taxes paid (net of refund) | -77.08 | -107.03 |
| **Net cash flows from/(-) used in operating activities** | **227.83** | **131.49** |
| **B. CASH FLOW FROM INVESTING ACTIVITIES** | | |
| Purchase of property, plant and equipment (including capital Work-in-progress) | -6.27 | -34.64 |
| Proceeds from disposal of property, plant and equipment | 1.30 | 3.90 |
| Bank balances not considered as cash and cash equivalents: | | |
| (-) Increase/ decrease in deposits with more than twelve months maturity (pledged with banks towards margin against bank guarantees) | 5.08 | 20.79 |
| (-) Increase/ decrease in fixed deposits with SIDBI (pledged with SIDBI as collateral security against term loan from SIDBI) | -75.00 | 0.00 |
| Interest received | 2.01 | 2.28 |
| **Net cash flows from/(-) used in investing activities** | **-72.88** | **-7.67** |
| **C. CASH FLOW FROM FINANCING ACTIVITIES** | | |
| Proceeds form borrowings (non-current) | 105.85 | 0.00 |
| Repayment of borrowings (non-current) | -93.08 | -76.83 |
| Proceeds from borrowings (current) (net) | 0.00 | -96.16 |
| Finance costs paid | -22.42 | -26.99 |
| **Net cash flows from/(-)used in financing activities** | **-9.65** | **-199.98** |
| **Net Increase/(-) decrease in cash and cash equivalents** | **145.30** | **-76.16** |
| **Cash and cash equivalents at the beginning of the year** | **26.42** | **102.58** |
| **Cash and cash equivalents at the end of the year** | **171.72** | **26.42** |
| **Components of cash and cash equivalents at the end of the year** | | |
| Balances with Banks | | |
| -in current accounts/debit balance in cash credit account | 168.21 | 22.86 |
| Cash on hand | 3.51 | 3.56 |
| | **171.72** | **26.42** |

**Notes:**

1. The Statement of Cash flows has been prepared in accordance with ' Indirect Method' as set out in Indian Accounting Standard (Ind AS)-7 'Statement of Cash Flows', as notified under Section 133 of the Companies Act, 2013, read with relevant rules issued thereunder.
2. **Changes in liability arising from financing activities:**

(Rs. In lakhs)

| Particulars | For the year ended 31.03.2024 | For the year ended 31.03.2023 |
|---|---|---|
| **Opening balance of borrowings** | | |
| Borrowings (non-current) | | |
| - Term loans (including current maturities) | 294.37 | 367.79 |
| Borrowings (current) | 0.00 | 96.16 |
| **Cash flows** | | |
| Proceeds from borrowings (non-current) | | |
| - Term loans | 105.85 | 0.00 |
| Repayment of borrowings (non-current) | | |
| - Term loans | 93.08 | 76.83 |
| Increase/(-) decrease in borrowings (current) | 0.00 | -96.16 |
| Effective rate of interest adjustment | 1.58 | 3.41 |
| **Closing balance of borrowings** | | |
| Borrowings (non-current) | | |
| - Term Loans (including current maturities) | 308.72 | 294.37 |
| Borrowings (current) | 0.00 | 0.00 |

**Notes of Statement of Audited Financial Results:**

1. The Financial Results have been prepared in accordance with the recognition and measurement principal as laid down in the applicable Indian Accounting Standards ("Ind AS") prescribed under Section 133 of the Companies Act, 2013 read with relevant rules issued thereunder, and requirements of Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, as amended.
2. The Financial Results have been reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at their respective meeting held on 30th May, 2024. The Statutory Auditors have expressed an unmodified opinion on the audit report on these financial results.
3. The figures for the quarters ended 31st March, 2024 and 31st March, 2023 are the balancing figures between audited figures in respect of the full financial year and the published year to date figures up to the third quarter of the relevant financial years. The published year to date figures up to the third quarter of the relevant financial years were subject to Limited Review.
4. The Company is primarily in the business of manufacturing and sale of cotton yarn blended (textile product). The Board of Directors of the Company, which has been identified as being the Chief Operating Decision Maker (CODM), evaluates the Company's performance and allocate resources based on the analysis of the various performance indicator of the Company as a whole. Therefore, there is only one reportable segment for the Company.
5. The Code on Social Security 2020 has been notified in the office Gazette on 29th September, 2020. The effective date from which the changes are applicable is yet to be notified and the rules are yet to be framed impact if any, of the change will be assessed and accounted in the period in which said Code becomes effective and the rules framed thereunder are published.

Place: Chandigarh
Dated: 30.05.2024

By Order of the Board of Directors
For Hisar Spinning Mills Limited
(Anurag Gupta)
Managing Director (DIN: 00192888)

# तम्बाकू उत्पादों के कारण प्रतिवर्ष 80 लाख लोग बनते हैं काल का ग्रास

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन



**करनाल, 31 मई।** यदि तंबाकू उत्पादन में भारत की बात करें तो चीन और ब्राजील के बाद भारत दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक और निर्यातक है। आईसीएआर- केंद्रीय तम्बाकू अनुसंधान केंद्र आंध्र प्रदेश द्वारा प्रकाशित एक लेख के अनुसार भारत में तम्बाकू 36 मिलियन लोगों को आजीविका सुरक्षा प्रदान करता है, जिसमें 6 मिलियन किसान और 20 मिलियन खेत मजदूर शामिल हैं, जो तम्बाकू की खेती में लगे हैं। इसके अतिरिक्त 10 मिलियन लोग प्रसंस्करण, विनिर्माण और निर्यात में काम करते हैं।

अकेले बीड़ी बनाने से 4.4 मिलियन लोगों को रोजगार मिलता है और 2.2 मिलियन आदिवासी तेंदू पत्ता संग्रह में लगे हैं। मुख्य लाभार्थी छोटे और सीमांत किसान, ग्रामीण महिलाएं, आदिवासी युवा और समाज के कमजोर वर्ग हैं। तम्बाकू सालाना 4,400 करोड़ रुपये विदेशी मुद्रा आय में योगदान देता है, जो देश के कुल कृषि-निर्यात का 4 प्रतिशत है और 14,000 करोड़ रुपये उत्पाद शुल्क राजस्व में योगदान देता है, जो सभी स्रोतों से कुल उत्पाद शुल्क राजस्व संग्रह का 10त्न से अधिक है। यद्यपि भारतीय अर्थव्यवस्था में तंबाकू का विशेष योगदान है तथापि स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से यह घातक है।

39वीं विश्व स्वास्थ्य सभा (विश्व स्वास्थ्य संगठन) ने 15 मई 1986 को 14 वें अधिवेशन में यह पारित किया था कि धूम्रपान न करने वाले लोगों को धूम्रपान के अनचाहे प्रभाव से बचाने के लिए उन्हें संरक्षण प्रदान किया जाए क्योंकि अनेक स्थानों पर लोग धूम्रपान करते हैं और यह नहीं सोचते कि इसका प्रभाव अन्य व्यक्ति पर क्या हो रहा है। इस प्रकार ऐसे लोगों को जो धूम्रपान नहीं करते उन्हें अनचाहे धूम्रपान के धुएं से संरक्षण प्रदान करने हेतु 31 मई 1987 को पूरे विश्व में तंबाकू निषेध दिवस मनाया जाता है। यह निर्णय विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा एक प्रस्ताव पारित करके लिया गया था। भारत में भी इस पर कार्य किया गया और गणतंत्र के 54 वें वर्ष में सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद (विज्ञापन का प्रतिषेध और व्यापार तथा वाणिज्य, उत्पादन, प्रदाय और वितरण का विनियमन) अधिनियम, 2003 सम्पूर्ण भारत पर लागू किया गया।

इस अधिनियम के अनुसार धारा 4 के अंतर्गत कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक स्थान पर धूम्रपान नहीं करेगा परन्तु किसी ऐसे होटल में जिसमें 30 कमरे हों अथवा जहाँ 30 से अधिक व्यक्तियों के बैठने की क्षमता हो तो वहां धूम्रपान की अलग से व्यवस्था की जाएगी। इसी कड़ी में धारा 5 के अंतर्गत सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पादों के विज्ञापन पर प्रतिबन्ध लगाया गया है। धारा 6 के अनुसार किसी भी 18 वर्ष से कम आयु के व्यक्ति को सिगरेट और तम्बाकू आदि नहीं दिया जाएगा और न ही किसी शिक्षण संस्थान की 100 मीटर की परिधि में इन उत्पादों का विक्रय होगा। धारा 7 के अनुसार सिगरेट और तंबाकू पर चेतावनी का लेबल आवश्यक है और यह भी सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में होना चाहिए।


इस अधिनियम के अंतर्गत पुलिस उप निरीक्षक या उससे ऊपर का अधिकारी ऐसे स्थान में प्रवेश कर सकता है और तलाशी ले सकता है जहाँ यह विक्रय करना प्रतिबंधित है। इसके अतिरिक्त सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान निषेध नियमावली, 2008 लागू की गई है जो 2 अक्टूबर 2008 से सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करने से रोकती है। यह नियमावली स्पष्ट रूप से धारा 3 के अंतर्गत सार्वजनिक स्थान के मालिक, प्रबंधक को बाध्य करती है कि कोई भी व्यक्ति उसके क्षेत्राधिकार के अंतर्गत सार्वजनिक स्थान पर धूम्रपान न करे। सार्वजनिक स्थान के प्रवेश द्वार पर यदि एक से ज्यादा प्रवेश द्वारा हैं तो प्रत्येक प्रवेश द्वार और उनके अंदर न्यूनतम 60 सेंटीमीटर × 30 सेंटीमीटर आकर का सफ़ेद पृष्ठभूमि का बोर्ड लगाएगा जिस पर ÷गैर-धूम्रपान क्षेत्र- धूम्रपान अपराध है÷ लिखा होगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार विश्व में प्रतिवर्ष तंबाकू के कारण 80 लाख लोगों की मृत्यु हो जाती है। इतना ही नहीं 13 लाख ऐसे लोग हैं जो स्वयं तंबाकू का सेवन नहीं करते लेकिन उनके पास रहते हैं जो सेवन कर रहे होते हैं। इसमें विशेष रूप से बालक, वृद्ध और महिलाएं विशेष रूप से होती हैं। यदि हम भारत की बात करते हैं तो भारत में प्रति वर्ष लगभग 17 लाख लोग तंबाकू के कारण अपने प्राण गंवाते हैं। एक लेख के अनुसार प्रतिदिन तम्बाकू के कारण भारत में 3699 मृत्यु हो रही हैं तो दूसरी और प्रत्येक 4 सेकंड में एक बालक की मृत्यु केवल ऐसे लोगों के संपर्क में होने के कारण होती हैं जो उनके पास रहकर धूम्रपान करते हैं। आज सिगरेट और हुक्का परिवर्तित रूप में हमारे सामने आ चुका है और वो है इ-सिगरेट और ई-हुक्का जो प्रतिबंधित है। आज भी लोगों की धारणा है कि हुक्का भाईचारे का प्रतीक है जबकि यह मिथ्या है। यदि हुक्का हमारी सभ्यता और संस्कृति का अंग होता तो इसका वर्णन वेद ग्रन्थ और शास्त्रों में अवश्य होता।

## न्यूज ब्रीफ

### गौशाला पहुंचाया दो हजार किलो चारा

**यमुनानगर (अप्रस/डा. आरके जैन)।** चैरिटेबल ग्रुप के सौजन्य से गऊ वंशज सेवा कार्यक्रम का आयोजन अम्बाला रोड स्थित गऊशाला के प्रांगण में किया गया, जिसमें ग्रुप सदस्यों के द्वारा गऊशाला में चारा व अन्य खाद्य सामग्री पहुँचाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंकज वर्मा ने की तथा संचालन जितेन्द्र सोई ने किया। कार्यक्रम में दानी परिवार द्वारा पशुओं के लिये 2 हजार किलो चारे सेवा की गई। अंकुर जैन ने बताया कि पशु-पक्षी प्राकृति का साकार रूप है, इसका अस्तित्व निश्चित रूप से मानवमात्र के लिये शाश्वत, प्रेरत व मंगलमय है, क्यों धर्म के अनुसार मानव मात्र के अतिरिक्त अन्य जीवों पर दया करना भी श्रेष्ठ व आवश्यक कार्य है। गायों के लिये चारा लाने के लिये वाहन की सेवा भी निशुल्क प्रदान की जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि हम सभी को प्रयास करना चाहिये की अपने व अपने परिवार सदस्यों के जन्म दिवस, शादी की साल गिराह व अन्य अवसरों पर गायों की सेवा के लिये सहयोग देकर पुण्य के भागीदार बने। इस अवसर पर मगनमाला जैन, सरिता जैन, उर्मिला जैन, विकास जैन, अश्वनी शर्मा, राजीव सूध, मुकेश नागपाल, शिवम, रजत, पुनीत जैन, के. के. जैन, आर्जव जैन, लक्ष्य जैन आदि ग्रुप सदस्यों ने सहयोग दिया।

### रोहतास के जिला जज ने मंडल कारा व उपकारा का किया निरीक्षण



**यमुनानगर (अप्रस/डा. आरके जैन)।** रोहतास (बिहार) के जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनुज कुमार जैन ने मंडल कारा सासाराम व उपकारा बिक्रमगंज का निरीक्षण किया। उनके साथ सासाराम न्याय प्रशासन से जुड़े लोग भी थे। उपकारा में पहुंचते ही जिला जज को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उप कारापाल निर्मल कुमार को जिला जज ने जेल की साफ-सफाई व कामकाज का निरीक्षण कर जेल प्रशासन को कई निर्देश दिया। इस क्रम में उन्होंने लीग एड् क्लीनिक, महिला वार्ड समेत अन्य सामान्य वार्ड का भी जायजा लिया। टीम में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सचिन कुमार मिश्रा, सिरिस्तदार मनोज कुमार पांडेय, नाजीर सैयद अख्तर, विजिटिंग लायर्स ब्रजनंदन पांडेय, मधु कुमार मसेत अन्य शामिल थे।

### एनकोर्ड की जिला स्तरीय बैठक

**करनाल (शैलेंद्र जैन)।** एनकोर्ड (नारको कोआर्डिनेशन) की जिला स्तरीय बैठक आज यहां लघु सचिवालय में अतिरिक्त उपायुक्त अखिल पिलानी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इसमें औषधी नियंत्रक अधिकारी को निर्देश दिये गये कि अवैध रूप से बेची जाने वाली नशीली दवाओं पर रोक के लिये केमिस्ट दुकानों पर औचक निरीक्षण बढ़ायें। उच्च शिक्षा विभाग से जुड़े अधिकारियों से कहा कि वे नशा खोरी पर रोक के लिये विद्यार्थियों को जागरूक करें। बैठक में औषधि नियंत्रक अधिकारी विकास राठी ने बताया कि मई के दौरान जिला में केमिस्ट की 33 दुकानों पर छापे मारे गये। इनमें से 15 के लाइसेंस निलंबित किये गये और एक का लाइसेंस आंशिक तौर पर रद्द किया गया। रामनगर में एक केमिस्ट को नोटिस जारी किया गया है। अतिरिक्त उपायुक्त ने रामनगर, प्रेमनगर सहित जिला में अन्य केमिस्ट की दुकानों पर औचक निरीक्षण बढ़ाने और नशीली दवाएं पाये जाने पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिये। इस अवसर पर उप सिविल सर्जन डॉ सिमी कपूर ने बताया कि अप्रैल में विभाग द्वारा दस जागरूकता कैंप आयोजित किये गये। इनमें नशे के आदी 120 मरीजों की पहचान की गई और 83 का इलाज शुरू किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के अधीक्षक अशोक भारद्वाज ने कहा कि स्कूलों में नशे के प्रति बच्चों को जागरूक करने के लिए रैलियां निकाली जाती हैं। पोस्टर मेकिंग, नारा लेखन जैसी प्रतियोगितायें भी आयोजित की जाती हैं। बैठक में जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव कुलबीर मलिक, सहायक जिला न्यायवादी लक्ष्य सैनी, डॉ. मनन गुप्ता, सहायक प्रोफेसर पूजा, प्रोजेक्ट सहायक पंकज गौड़, प्रवीण कुमार आदि मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री नायब सैनी ने लिया पदाधिकारियों से फीडबैक

# प्रदेश पदाधिकारियों ने आत्मविश्वास के साथ कहा, जीत रहे हैं सभी सीटें

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 31 मई।** लोकसभा चुनाव के परिणाम आने से पहले ही भाजपा में बैठकों का दौर लगातार जारी है। इसी कड़ी में शुक्रवार को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री नायब सैनी ने जिला अध्यक्षों, मोर्चा अध्यक्षों प्रदेश पदाधिकारियों, मीडिया, सोशल मीडिया व आईटी विभागों के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री ने पदाधिकारियों से फीडबैक लिया। पदाधिकारियों ने भी मुख्यमंत्री के सामने बड़े आत्म विश्वास के साथ अपनी बातें रखी और दावा किया कि प्रदेश की सभी 10 की 10 लोकसभा की सीटें और करनाल विधानसभा की सीट पर भाजपा अच्छे मार्जिन से जीत रही है। बैठक में नायब सैनी ने मोर्चो और विभागों तथा दिए गए दायित्व के अनुसार उनके द्वारा किए गए कार्यो की जानकारी भी ली। बैठक में संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, प्रदेश महामंत्री मोहन लाल बड़ौली, डा. अर्चना गुप्ता, सुरेंद्र पूनिया के अलावा अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

सीएम आवास संत कबीर कुटीर पर हुई बैठक में पदाधिकारियों से फीडबैक जानकर मुख्यमंत्री भी प्रसन्न नजर आए और उन्होंने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की मेहनत की सराहना की। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत के दम पर भाजपा केंद्र सरकार द्वारा जनहित कार्यों को जनता तक पहुंचाने में कामयाब हुई है, जिसकी बदौलत जनता ने भी इस चुनाव में भाजपा के प्रत्याशियों को अपना आशीर्वाद दिया है। उन्होंने कहा कि जनता के आशीर्वाद की बदौलत 4 जून को सभी प्रत्याशी अच्छे मार्जिन से जीतकर लोकसभा पहुंचेंगे।

बैठक में आगामी कार्यक्रमों पर भी चर्चा हुई। विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर भी बैठक में बातचीत हुई। सभी ने एक स्वर में कहा कि लोकसभा चुनाव में अच्छा प्रदर्शन के बाद भाजपा विधानसभा चुनाव में भी शानदार प्रदर्शन करेगी। पार्टी पदाधिकारियों ने केंद्र सरकार और राज्य सरकार के विकास कार्यो को ऐतिहासिक बताते हुए यह बात रखी कि डबल इंजन सरकार की योजनाओं से प्रदेश की जनता लाभान्वित हुई है, इसलिए निश्चित ही लोकसभा चुनाव के बाद विधानसभा चुनाव में भी जनता भाजपा को सत्ता सौंपेगी।

## चुनाव आयोग के निर्देशों का पालना करने वाले कर्मचारियों को धमकी देना लोकतंत्र पर हमला: सीटू

अर्थ प्रकाश/सुशील कुमार

**नारायणगढ़, 31 मई।** सेंटर आफ इंडियन ट्रेड यूनियन (सीआईटीयू) पूर्व मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर द्वारा कर्मचारियो व अधिकारियों पर झूठे आरोप लगाकर सार्वजनिक रूप से देख लेने की धमकी की कड़े शब्दों में निंदा करता है। सीटू जिला सचिव का. सतीश सेठी ने कहा कि प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री अनुराग अग्रवाल ने कहा कि हरियाणा में लोकसभा आम चुनाव 2024 में एक नया रिकॉर्ड बना है। बीस साल बाद यह पहली बार है कि राज्य में कंही कोई रिपोल (दोबारा मतदान) नही हुआ है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी की और से प्रदेश सरकार के अधिकृत फेसबुक अकाउंट डीपीआर हरियाणा पर लिखा है कि राज्य में निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से मतदान हुआ है। यही नही भारत निर्वाचन आयोग ने भी इसकी सराहना की है। निर्वाचन अधिकारी ने मतदान प्रक्रिया को सुचारू रूप से चलाने के लिए सभी अधिकारी व कर्मचारियो के साथ अन्य स्टाफ की भी सराहना की है। इससे स्पष्ट है कि चुनाव ड्यूटी पर लगे कर्मचारियो व अधिकारियों ने पूरी ईमानदारी से अपनी ड्यूटी को निभाया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी की इस रिपोर्ट के बाद पूर्व मुख्यमंत्री को कर्मचारियो से बिना शर्त माफी मांगनी चाहिए।

सीटू नेता का.सेठी ने कहा कि असल मे लोकसभा चुनावों में मतदाताओं ने केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकारो की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ अपने गुस्से का इजहार किया है। इस बौखलाहट में पूर्व मुख्यमंत्री कर्मचारियो पर बिना वजह गुस्सा उतार रहे है। इन हालात में चुनाव आयोग का यह फर्ज बनता है कि गलत बयानबाजी करने वालो के खिलाफ कार्यवाही करे। निष्पक्षता से ड्यूटी करने वाले अपने अधिकारियों व कर्मचारियो के मनोबल को बनाए रखे। उन्हें हर प्रकार से सरंक्षण प्रदान करे ताकि आने वाले विधानसभा चुनावों में कर्मचारी व अधिकारी बिना किसी दवाब के अपनी ड्यूटी कर सकें। सेठी ने प्रदेश भर के कर्मचारियो से भी एकजुट होकर इस तानाशाही के खिलाफ जंहा सँघर्ष करने की अपील की है वंही सीआईटीयू की और से पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन भी दिया है।

## दवाईयों की सीएंडएफ देने के नाम पर 15 लाख की ठगी

अर्थ प्रकाश/नीरज सिंगला

**जींद, 31 मई।** स्थानीय थाना साईबर क्राइम ने 15 लाख रुपए ठगी का मामला दर्ज किया है। स्थानीय हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी विनीत पुत्र राजबीर ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि वह एलडी हैल्थ केयर के नाम से एक फर्म बनाकर दवाईयों का काम करता है। उसने अपनी फर्म की काफी एड फेसबुक इत्यादि पर डाल रखी थी। एक दिन उसके साथी रवि वासी हाउसिंग बोर्ड जो सेल्समैन का काम करता है के मोबाईल नंबर पर वॉटसप कॉल आई। उसने हमसे हमारी फर्म के बारे में पूछताछ की और बताया की उनकी धन्वंतरी हर्बल इण्डिया हर्व के नाम से आयुर्वेदिक कम्पनी है। वह सस्ते दामों पर धन्वंतरी कम्पनी का माल सप्लाई कर सकता है। उसने अपना नाम दलीप बताया फिर उसने बुकलेट भेजी। फिर उसने हमें अपनी बातों में ले लिया। शुरू में उसने हमें छोटा मोटा माल भेजा। हम उसकी पेमैंट करते रहे। उसके बाद उसने कहा कि यदि आप अच्छा मुनाफा कमाना चाहते हो तो आप कम्पनी का सीएंडएफ ले लो। जिसके लिए आपको 15 लाख रुपए कम्पनी के एकाउंट में जमा करने होगें।दलीप ने बताया कि आप को 35 लाख का माल और आपकी पेमैंट का 70 पैसे ब्याज मिलेगा। 4 से 5 लाख रुपए की सेल पर 10 प्रतिशत का लाभ अतिरिक्त मिलेगा और माल रखने का किराया 6 हजार रुपए प्रतिमाह गोदाम किराया कम्पनी की तरफ से दिया जाएगा, जिस पर उसने फर्म के आईसीआईसीआई बैंक के खाते से एक्सिस बैंक के खाता में 15 लाख रुपए जमा करवा दिए। उसके बाद उन्हें माल की कोई सप्लाई नहीं मिली। फिर हमने अपने तौर पर पता किया तो पता

### पत्नी की हत्या के आरोपी को उम्रकैद की सजा

**करनाल (अप्रस)।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश चंद्रशेखर की अदालत ने पत्नी की हत्या के आरोपी नरेश कुमार को उम्रकैद की सजा सुनाई है। इस आरोपी पर 2 जून 2020 को कुंजपुरा पुलिस द्वारा धारा 302, 324 और 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया था। जिला न्यायवादी करनाल डॉ पंकज ने कहा है कि 2 जून 2020 को कुंजपुरा पुलिस सूचना मिलने पर गांव शेरगढ़ टापू पंहुची थी, जहां पर आरती की दरखास्त पर मुकदमा न 76 दिनांक 2 जून 2020 धारा 302,324, 506 आईपीसी धारा के तहत कुंजपुरा थाना में दर्ज हुआ था। इस मामले में पुलिस ने नरेश कुमार निवासी शेरगढ़ टापू को गिरफ्तार कर लिया था। इस मामले में दोषी नरेश ने बताया था कि उसने अपनी धर्मपत्नी संतोष देवी की गन्ना काटने वाले दांत से बार बार वार करके हत्या कर दी थी। जिला न्यायवादी ने कहा कि पुलिस द्वारा इस मामले में आरोपी नरेश के खिलाफ न्यायालय में चालान पेश किया। इस केस में दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद जिला एवं सत्र न्यायाधीश चंद्रशेखर की अदालत ने 20 मई 2024 को आरोपी नरेश कुमार को उम्र कैद की सजा सुनाई है।

## चुनाव परिणाम से पहले भाजपा और कांग्रेस में भीतरघातियों पर मंथन तेज

करनाल में कई नेता हैं टारगेट पर उनकी परफरमैंस रिपोर्ट तैयार


अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

**करनाल, 31 मई।** लोकसभा और विधानसभा के उपचुनाव के बाद विभिन्न राजनीतिक दलों में चिंतन औश्र मंथन चल रहा हैं। चुनावों से पहले प्रत्येक राजनीतिक दलों में भितरघातियों और उदासीन कार्यकर्ताओं के साथ दूसरे दलों की मदद करने वाले नेताओं और वर्करों की सूची तैयार की जस रह हैं। करनाल लोकसभा चुनाव क्षेत्र तथा करना विधानसभा क्षेत्र में वुनावों के दौरान जिन हलकों में मत प्रतिशत कम हुआ हैं। जिन बूथों पर वर्कर मतदाताओं को ले जानें में सक्रिय नहीं रहे उसकी समीक्षा की जा रही हैं। प्रदेश में कई जिलाध्यक्षों की परफर्मेंस रिपोर्ट तैयार की जा रही हैं। चुनावउ के दौरान कई नेता तो मुख्यमंत्री या उनकी पत्नी और लोकसभा प्रत्याशी के साथ ही लगे रहे व्यक्ति गत उनकी परफर्मेंस जीरो रही। ऐसे लोगों की सूची तैयार की जा रही हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और पूर्व सीएम मनोहर लाल मतदान प्रतिशत गिरने से खासे चिंतित हैं। इसके अलावा भारतीय जनता पार्टी के पंजाबी बोट, दलित बोटों का प्रतिशत घटने की संभावना बनी हुई हैं। सूत्र बताते हैं। कि भाजपा के कुछ नेता जो दिखावे के लिए साथ चलते रहे लेकिन उनकी भूमिका रहस्यमय रही। यदि भाजपा नेताओं के मतदान केद्रं की परफर्मेंस रिपोर्ट पर मंथन किया गयसा तो भाजपा के कई बड़े नेताओं को बाहर का रास्ता देखना पड़ सकता हैं। करनाल में कांग्रेस और भाजपा के भितरघातियों की सूची को तैयार करने के बाद बड़े नेताओं पर गाज गिरेगी। कई लोगों के पास से सरकारी पद छीने जाएंगे। करनाल में जिन क्षेत्रों से विधानसभा चुनावों में मनोहर लाल को बेहतर कत मिले उन क्षेत्रों में नायब सिंह सैनी को कितने मत मिलते हैं। वहीं पर संजय भाटिया को जिन क्षेत्रों में जितने मत मिले वहां पर मनोहर लाल को कितने मत मिले। इस बार भाजपा वर्कर फील गुड के मजे लेते रहे। भाजपा का चुनाव प्रबंधन कमजोर रहा।

## 'ब्रेन स्ट्रोक भारत में नई महामारी के रूप में उभर रहा'

भारत में प्रतिदिन लगभग 3000-4000 स्ट्रोक होते हैं और 2-3 प्रतिशत से अधिक का इलाज नहीं हो पाता है

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन




**करनाल, 31 मई।** भारत में प्रतिदिन लगभग 3000-4000 स्ट्रोक होते हैं और 2-3त्न से अधिक का इलाज नहीं हो पाता है ब्रेन स्ट्रोक भारत में नई महामारी के रूप में उभर रहा है और हर साल 1.5 मिलियन से 2 मिलियन नए स्ट्रोक के मामले सामने आ रहे हैं। वास्तविक संख्या निश्चित रूप से अधिक होगी, क्योंकि इनमें से कई मरीज कभी भी स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं तक नहीं पहुंच पाते हैं।शुक्रवार को करनाल में हेड न्यूरोइंटरवेंशन एंड एंडोवस्कुलर सर्जरी डॉ. विनीत सग्गर ने बताया की भारत में प्रतिदिन लगभग 3000-4000 स्ट्रोक होते हैं और 2-3त्न से अधिक का इलाज नहीं हो पाता है। डॉ. सग्गर ने बताया कि दुनिया भर में ब्रेन स्ट्रोक की दर प्रति वर्ष 100,000 जनसंख्या पर 60-100 मामले है, जबकि भारत में यह 100,000 जनसंख्या पर 145 मामले के करीब है। वैश्विक स्तर पर सभी स्ट्रोक रोगियों में से 60त्न भारत में हैं। कंसल्टेंट न्यूरोलॉजी डॉ. प्रदीप कुमार शर्मा ने बताया कि अब मैकेनिकल थ्रोम्बेक्टोमी नामक एक नई तकनीक के कारण, जो अब आइवी अस्पताल मोहाली में उपलब्ध है, इन रोगियों का इलाज 24 घंटों तक चयनित मामलों में किया जा सकता है। इस तकनीक में मस्तिष्क को खोले बिना थक्के को या तो एस्पिरेट किया जाता है या स्टेंट की मदद से मस्तिष्क से बाहर निकाला जाता है। डॉ. प्रदीप ने कहा, भारत जैसे विकासशील देश कम्युनिकेबल और नॉन-कम्युनिकेबल रोगों के दोहरे बोझ का सामना कर रहे हैं। स्ट्रोक भारत में मृत्यु और विकलांगता के प्रमुख कारणों में से एक है। संतुलन, आंखें, चेहरा, हाथ, वाणी और समय में परिवर्तन यह जानने के लिए महत्वपूर्ण हैं कि क्या कोई व्यक्ति निकट भविष्य में स्ट्रोक से गुजरेगा। चेहरे का असमान होना जैसे मुंह झुका हुआ होना, एक हाथ नीचे की ओर लटका हुआ होना और अस्पष्ट वाणी स्ट्रोक के कुछ सामान्य लक्षण हैं। स्ट्रोक को रोकने के लिए करें = बीपी कंट्रोल रखे , वजन कम करें, अधिक व्यायाम करे , बेबी एस्पिरिन लें, एट्रियल फिब्रिलेशन का इलाज करें, मधुमेह का इलाज करें, धूम्रपान छोड़ें, स्ट्रोक के प्रति सचेत रह, स्वस्थ बीएमआई और हिप-टू-वेस्ट अनुपात बनाए रखें।

# गर्मी के मौसम में पंक्षियों के लिए रखें दाना पानी : सीजेएम

## जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के तत्वावधान में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 31 मई।** पांच जून विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य को लेकर आज जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के तत्वावधान में एक जागरूकता कार्यक्रम की शुरुआत की है। प्राधिकरण के सभागार में आयोजित एक प्रेस वार्ता में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण रीतू ने कहा कि सब से पहले पॉलीथिन बैग के इस्तेमाल को न करके जूट और कपड़े के बैग इस्तेमाल करने बारे लोगों का आह्वान किया जायेगा। इस के साथ स्कूली बच्चों में पर्यावरण को लेकर जागरूकता पैदा करने के लिए इन मुद्दों पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। तीसरा मुद्दा पर्यावरण को शुद्ध करने को लेकर लगभग डेढ़ हजार पौधे लगाए और लोगों में वितरित किये जाएंगे ताकि लोग इन पेड़ पौधों को अपने घरों, गली मुहल्लों में लगाएं। उन्होंने बताया कि कई दिनों से लगातार भारी गर्मी पडऩे के कारन लोगों को बेजुबान जीव जंतुओं और पक्षियों के लिए कसोरों में पानी और खाने के लिए दाना उपलब्ध करवाने के लिए मिट्टी के कसोरे, प्लेट और बोतल की एक किट वितरित की जाएगी। सीजेएम मैडम रीतू ने इस अवसर पर आये पत्रकारों और अन्य लोगों को जूट के बैग, किट वितरित की। प्राधिकरण के पेनल अधिवक्ता अरविंद खुरानिया ने कहा कि पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में एक जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिस में प्राधिकरण द्वारा प्लास्टिक बैग की जगह जूट व कपड़े के बैग इस्तेमाल करने, बच्चों को पर्यावरण के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य को लेकर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन करवाया जाएगा। पौधरोपण करने और बेजुबान जीव जंतुओं, पक्षियों के लिए इस भारी गर्मी के दौरान मिट्टी के कसोरों में पानी और दाना उपलब्ध करवाने के लिए लोगों को जागरूक कर आह्वान किया जायेगा।

### पर्यावरण सुरक्षा करने में सहयोग करें नागरिकः मैडम रितु

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश रितु वाईके बहल के आदेशानुसार प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मैडम रितू द्वारा विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर पुलिस कर्मचारियों के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में पैनल अधिवक्ता अरविन्द खुरानिया ने उपस्थितजनों को धुम्रपान निषेध कानून के बारे में जागरूक किया। इस कार्यशाला में स्वास्थ्य विभाग की तरफ डा. रेनु चावला सीएमओ कैथल और डा. संदीप जैन द्वारा उपस्थितजनों को तंबाकू और धुम्रपान से मनुष्य के जीवन में होने वाली गंभीर बीमारियों के बारे में बताया। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से प्राधिकरण द्वारा नया बस स्टेंड कैथल, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चीका, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय फतेहपुर, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढांड, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय राजौंद में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक से पांच जून तक विभिन्न गतिविधियां ड्रांईग प्रतियोगिता, पोलीथिन का प्रयोग कम से कम करने बारे, पौधारोपण करना, पशु-पक्षियों के लिए अपने घर पर व आसपास पानी की व्यवस्था के बारे में की जाएगी। इन गतिविधियों का आयोजन सामाजिक संस्था लांयस क्लब कैथल सिटी, भगवान से प्रेम, सनातन धर्म मंदिर सभा कैथल के सौजन्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा किया जाएगा। इस अभियान के तहत जिला शिक्षा अधिकारी के माध्यम से जिला के सभी सरकारी स्कूलों में सभी प्रधानाचार्यों को इस बारे में निर्देश जारी किये गये हैं कि वे ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाएं।

सम्पादकीय

# दिल्ली में जल संकट गंभीर, लेकिन दूसरे राज्य भी अछूते नहीं

देश की राजधानी नई दिल्ली में जल संकट चिंता का विषय है। हालांकि देश के दूसरे राज्यों में भी आजकल पानी की भयंकर किल्लत जारी है, पंजाब एवं हरियाणा समेत चंडीगढ़ आदि में पानी का संकट लगातार बना हुआ है। बेशक, दिल्ली का मामला संवेदनशील है, क्योंकि इस प्रदेश के पास अपने जल स्रोत नहीं हैं, सिवाय यमुना नदी के। यमुना का पानी किसी भी प्रकार से न पेयजल के लिए उपयोगी है और न सिंचाई के लिए। दिल्ली अपने पड़ोसी राज्य हरियाणा पर निर्भर है, लेकिन गर्मियों में हरियाणा भी खुद जल संकट का सामना करता है। गौरतलब यह है कि इस मामले को लेकर अब दिल्ली सरकार सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई है और याचिका दायर कर दिल्ली को हरियाणा, उत्तर प्रदेश और हिमाचल प्रदेश से और पानी दिलाने की मांग की है। निश्चित रूप से यह विषय राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में भी सर्वोपरि होगा, क्योंकि बगैर पानी के काम नहीं चल सकता। दिल्ली में जल संकट का असर व्यापक होता है, क्योंकि दिल्ली की आबादी लगातार बढ़ रही है और इस आबादी की जरूरत पूरी करने के लिए सरकार के पास जल संसाधन समुचित नहीं हैं।

**गौरतलब है कि हरियाणा जैसे हरित प्रदेश में भी जल संकट पैदा होने लगे तो फिर यह पूरे देश की स्थिति का उदाहरण हो सकता है। प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में आजकल पानी की भारी किल्लत हो गई है, पीने का जल मिलना मुश्किल हो गया है। दूर-दराज से पानी ढोकर लाने को मजबूर ग्रामीणों को फिर भी खारा पानी ही नसीब हो रहा है। राज्य के अनेक जिलों में भूजल सैकड़ों फीट नीचे जा चुका है। क्या यह स्थिति चिंताजनक और अलार्मिंग नहीं है।**


सरकार की यह अदालत के समक्ष यह दलील कि भीषण गर्मी में दिल्ली में पानी की जरूरत बढ़ी है, सही है। हालांकि पंजाब एवं हरियाणा के बीच एसवाईएल नहर के निर्माण और सतलुज के पानी की मांग की तरह ही दिल्ली और हरियाणा के बीच भी तकरार का विषय बन चुका है। दिल्ली सरकार का आरोप है कि हरियाणा ने उसके हिस्से का पानी रोक लिया है। यह आरोप गंभीर है, लेकिन हरियाणा सरकार का भी तर्क है कि हरियाणा अपने हिस्से से भी कहीं ज्यादा पानी दिल्ली को दे रहा है। इन बातों में क्या सच है, क्या झूठ है, यह तो राजनीतिक समझें। हालांकि यह जरूर है कि दिनों दिन बढ़ती पानी की जरूरत को पूरा कर पाना राज्य सरकारों के लिए मुश्किल हो रहा है। ऐसा तब है, जब पानी के प्राकृतिक स्रोत सूख रहे हैं और पहले की तुलना में पानी की उपलब्धता बेहद कम होती जा रही है। हरियाणा की ओर से जब एसवाईएल का पानी मांगा जाता है, तब यही स्थिति बताई जाती है कि राज्य के अनेक इलाके सूखे की जद में हैं, वहीं पंजाब का तर्क भी यही होता है कि उसके पास देने को पानी नहीं है और उसके काफी भूभाग सूखे की चपेट में है।

गौरतलब है कि हरियाणा जैसे हरित प्रदेश में भी जल संकट पैदा होने लगे तो फिर यह पूरे देश की स्थिति का उदाहरण हो सकता है। प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में आजकल पानी की भारी किल्लत हो गई है, पीने का जल मिलना मुश्किल हो गया है। दूर-दराज से पानी ढोकर लाने को मजबूर ग्रामीणों को फिर भी खारा पानी ही नसीब हो रहा है। राज्य के अनेक जिलों में भूजल सैकड़ों फीट नीचे जा चुका है। क्या यह स्थिति चिंताजनक और अलार्मिंग नहीं है। वास्तव में यह बेहद गंभीर विषय है और प्रदेश की जनता को इस तरफ ध्यान देने की आवश्यकता है, क्योंकि सरकार अपने तौर पर प्रयास कर रही है, लेकिन जनता का उसे समर्थन नहीं मिल रहा है। राज्य सरकार ने तो धान की फसल की बजाय अन्य फसलों को उगाने के लिए भी प्रोत्साहित किया है। लेकिन इन योजनाओं को राजनीतिक विरोध का सामना करना पड़ रहा है, जो नेता सरकार में रहते पानी बचाने की बात करते हैं, वे विपक्ष में रहते सरकार की ऐसी योजनाओं को किसानों की विरोधी करार देते हैं।

वास्तव में हरियाणा, दिल्ली समेत दूसरे राज्यों को जल संसाधनों के रख रखाव और उनके संवर्धन के लिए कार्य करना है। जैसे ही सर्दियों का मौसम आता है, पानी की जरूरत लगभग पूरी हो जाती है। लेकिन पानी एक सदैव प्रयोग में लाए जाने वाला द्रव्य है, जिसके बगैर मानवता का गुजारा नहीं हो सकता। क्या सरकारों को साल भर पानी बचाने और उसके संवर्धन के लिए काम नहीं करना चाहिए। यमुना नदी के प्रदूषण को खत्म करने की इतनी बातें हुई हैं, लेकिन यह अब भी प्रदूषित है। क्या हम अपने प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करते हुए बदले हुए हालात में नए तौर तरीकों के साथ जीवन जीना नहीं सीखेंगे। गर्मियां इतनी प्रचंड होने लगी हैं, जमीनी पानी लगातार कम होता जा रहा है। वनों का कटाव जारी है, नदियों के रास्ते बदल दिए गए हैं। आखिर यह सब संकट मनुष्य ने खुद पैदा किया है, लेकिन वह क्षण कब आएगा, जब सभी मिलकर धरती और उस पर मौजूद प्राकृतिक संसाधनों को बचाने के लिए ईमानदारी से कोशिश करेंगे।

# सुनो भई साधो

**दैनिक अर्थ प्रकाश**




स्पिरिचुअल हीलर
**सिद्ध गुरू प्रमोद जी**
गिनीज़ विश्व रिकॉर्ड विजेता लेखक

यह परम सत्य है कि ज्ञान खुद में शक्ति हो या न हो, पर इसे शक्ति में, ताकत में, रचनात्मक ऊर्जा में परिवर्तित किया जा सकता है। जैसे बिना कर्म कांड के चक्कर में पड़े, सिर्फ़ भक्ति भाव से ही परमात्मा को वश में किया जा सकता है वैसे ही किसी दुखी आत्मा के दुख को दूर करने के लिए अक्सर ज्ञान से भी ज्यादा जरूरत इस बात की होती है कि हम धीरज के साथ सामने वाले की बात सुन लें, सिर्फ़ सुन लें ताकि उनके मन की भड़ास निकल जाए। अपने समय के प्रसिद्ध मनोचिकित्सक डॉ. विक्टर फ्रैंकल ने एक बार एक महत्वपूर्ण घटना का जिक्र करते हुए बताया कि एक बार आधी रात के समय एक महिला ने फोन करके उनको बताया कि वो आत्महत्या करने जा रही है। डॉ. फ्रैंकल उस महिला से लगातार बात करते रहे ताकि वह महिला अपने अवसाद की स्थिति से उबर सके और वे उस महिला को जीवित रहने के कई-कई कारण बताते रहे। आखिरकार वह महिला मान गई और उसने वायदा किया कि वह आत्महत्या नहीं करेगी। इस घटना के कुछ समय बाद जब डॉ. फ्रैंकल उस महिला से मिले तो उन्होंने उससे पूछा कि उनकी किस बात ने उससे सबसे ज्यादा प्रभावित किया जिससे उसने आत्महत्या का विचार त्याग दिया। महिला के उत्तर से वे अवाक रह गये। महिला ने कहा कि उनके किसी तर्क ने उसे प्रभावित नहीं किया। उन्होंने फिर ज़ोर देकर पूछा कि किस बात ने उसे प्रेरित किया जिससे उसने आत्महत्या के विचार से किनारा किया। महिला का उत्तर बहुत आश्चर्यजनक था। महिला ने कहा कि आधी रात के समय भी आप धीरज से मेरी बात सुनते रहे, मेरे लिए इतना ही काफी था। उस महिला का यह उत्तर हम सबकी आंखें खोल देने वाला है। डॉ. फ्रैंकल उस महिला की बात सुनते रहे, उसका दर्द समझते रहे, अपने तर्क देते रहे, तर्कों ने तो काम नहीं किया लेकिन बातचीत की इस प्रक्रिया में उस महिला के दिल की भड़ास निकल गई, उसका दिल हल्का हो गया और जीवित रहने की इच्छा फिर से बलवती हो गई।

एक कहानी है जो बचपन में पढ़ी थी। शायद मुन्शी प्रेमचंद की लिखी कहानी है, कहानी का नाम भी याद नहीं। गूगल पर मैं अब उसे ढूढ़ नहीं पाया। कहानी का सार यह है कि एक गरीब तांगे वाला जीवन की कठिनाइयों से जूझ रहा है। वह अपना दुख किसी को सुनाना चाहता है, पर वह जिसे भी कुछ बताने की कोशिश करता, वह अपना ही दुख लेकर बैठ जाता। अंततः तांगे वाला अपने घोड़े से लिपटकर रोते हुए उसे अपना दुख सुनाता है और इस तरह से अपना दिल हल्का कर लेता है।

अक्सर जीवन में ऐसे क्षण आते हैं जब कोई हमें अपना दुख बताना चाहता है, अपनी चिंता ज़ाहिर करना चाहता है, अपनी समस्या के बारे में बात करना चाहता है, लेकिन हम हैं कि सुनते ही नहीं, पूरी बात सुने बिना सलाह देने लग जाते हैं, या तो उसकी गलती निकालने लग जाते हैं या फिर तरह-तरह के हल सुझाने शुरू करदेते हैं। हमने पूरी स्थिति को समझा नहीं, जाना नहीं, समस्या से जुड़े बाकी तथ्यों और लोगों के बारे में कुछ भी जाने बिना सलाह देने पर उतर आते हैं। हम में सुनने का धीरज ही नहीं है। जो व्यक्ति हमें अपनी समस्या बताकर दिल की भड़ास निकालने आया था, हमारे व्यवहार से वह और भी परेशान होकर वापिस चला जाता है। परिवारों में भी ऐसा अक्सर होता है। बच्चा अपनी कोई बात मां-बाप को बताना चाहता है पर मां-बाप के पास फुरसत ही नहीं है। वे बच्चे को बच्चा समझ कर उसकी बात की उपेक्षा करते




चले जाते हैं और समस्या बढ़ती चली जाती है।

सच तो यह हैकि बहुत से मामलों में समस्या ग्रस्त व्यक्ति को हमारी सलाह की आवश्यकता ही नहीं होती, उन्हें बस धीरज से सुन पाने वाला कोई व्यक्ति चाहिए, जो सहानुभूतिपूर्वक उनकी बात सुन ले, कोई सलाह न दे, कोई सुझाव न दे, बस बात सुनता जाए और ''हां'', ''हूं'' करता रहे। जो व्यक्ति अपनी समस्या बता रहे हैं, समस्या बताते-बताते ही उन्हें कोई कारगर हल भी सूझ सकता है क्योंकि उनका दिमाग़ समस्या बताने के साथ-साथ समस्या का विश्लेषण भी करता चल रहा है। समस्या से जुड़े होने के कारण उन्हें समस्या के हर पहलू का ज्ञान है, अपनी समस्या के बारे में बताते हुए बातचीत में उन्हें कुछ ऐसे पहलू भी नज़र आ गये जिन पर पहले उनकी नज़र नहीं गई थी। सामने वाले की बात को सुनना, पूरी बात सुनना, धीरज से सुनना ही मानो सबसे बढ़िया इलाज है।

समस्याओं को सुनते समय धीरज तो बातचीत का एक पहलू है, भागदौड़ वाली इस ज़िंदगी में जल्दी-जल्दी काम खत्म करने के हम इतने आदी हो चुके हैं कि सामान्य बातचीत के दौरान भी अधिकांश बार हम बात सुनने के लिए बातचीत नहीं करते बल्कि जवाब देने के लिए बातचीत करते हैं। हम पूरी बात सुने बिना ही, पूरी स्थिति समझे बिना ही, जवाब देने को इतने आतुर होते हैं कि जवाब देने की दो-तीन बार की हमारी कोशिश के बाद ही सामने वाला हमारी मन्शा समझ लेता है और किसी सार्थक संवाद की गुंजायश ही खत्म हो जाती है। यही नहीं, हम व्यवसाय में हों और अपने किसी ग्राहक से बात कर रहे हों तो भी अक्सर बिना उनकी पूरी बात सुने ही हम जवाब देना या सलाह देना शुरू कर देते हैं। इसके विपरीत यदि हम धीरज से पूरी बात सुनने की आदत डाल लें तो हम ग्राहक को बेहतर सेवा दे सकते हैं, व्यवसाय में फल-फूल सकते हैं, नौकरी में तेजी से आगे बढ़ सकते हैं और परिवार में या समाज में बेहतर रिश्ते बना सकते हैं।

किसी की बात सुनना, ध्यान से सुनना, बिना किसी पूर्वाग्रह के सुनना तपस्या सरीखा है क्योंकि वह समय जो हम सामने वाले को देते हैं, वह हमारा जीवन है। हमने जितना समय सामने वाले की बात सुनने में लगाया, हमारा जीवन उतना गुज़र गया, उतना कम हो गया, पर वह समय सार्थक हो गया क्योंकि सामने वाले को सहानुभूतिपूर्वक सुनने वाला मिल गया, उनका दिल हल्का हो गया। यह किसी तपस्या से कम नहीं है। ''सहज सन्यास'' में तो हम सन्यासियों की दिनचर्या का यह महत्वपूर्ण अंग ही है कि हम किसी का दुख बंटायें, किसी की बात धीरज से सुनें, किसी का दर्द बांटें। आत्महत्या के जितने भी मामले होते हैं उनके पीछे एक मुख्य कारण यह भी है कि आत्महत्या करने वाले के पास कोई ऐसा व्यक्ति नहीं था जो उनकी बात सुनता, समझता, उन्हें धीरज बंधाता और उनमें जीवन की जिजीविषा को, जीवन जीने की चाह को फिर से जगाता। लब्बोलुबाब यह कि परिवार में, समाज में, व्यवसाय में, पेशेवर जीवन में रहते हुए हम बातचीत की कला सीखें या न सीखें, सुनने की कला में महारत अवश्य हासिल करें ताकि जीवन सुखमय हो जाए।

### अर्थ प्रकाश में **34 साल पहले** आज का दिन

## दोहरी सवारी पर पाबंदी बढ़ी

**चंडीगढ़।** प्रशासन ने रात आठ बजे से सुबह छह बजे तक स्कूटर, मोटरसाइकिल व मोपेड पर दोहरी सवारी पर लगी पाबंदी आज से 28 जुलाई तक बढ़ा दी है।महिलाओं बारह साल से कम उम्र के बच्चों, विकलांगों व साठ साल से अधिक उम्र के लोगों पर यह पाबंदी लागू नहीं होगी।

## आओ विचार करें!

आकाशवणी तथा दूरदर्शन कर्मचारियों ने आकाशवाणी, पटियाला केंद्र के कार्यवाहक निदेशक मोहन लाल मनचंदा की हत्या पर गहरा रोष व्यक्त करते हुए चंडीगढ़ और दिल्ली केंद्रों से कार्यक्रम प्रसारित नहीं होने दिये। वीरवार को चंडीगढ़ से आकाशवाणी के सभी कार्यक्रम सांय पांच बजकर सात मिनट के बाद और दिल्ली से 8 बजकर 50 मिनट से 8-57 और दूरदर्शन कार्यक्रम 8-58 से 9 बजकर 8 मिनट तक ठप्प रखे गये और कल भी चंडीगढ़ व पंजाब के रेडियो व टीवी केंद्रों में कामकाज पूरी तरह ठप्प रहा। पटियाला आकाशवाणी केंद्र के कार्यवाहक निदेशक मोहनलाल मनचंदा का पहले अपहरण कर लिया गया था और फिर कई दिनों बाद उनकी नृशंस हत्या कर दी गई। उनके शरीर के टुकड़े जिस तरह अलग-अलग स्थानों से मिले, वह समस्त मानवता के लिए दिल दहला देने वाली घटना है। दिसंबर 1990 में आकाशवाणी चंडीगढ़ के केंद्र निदेशक राजेन्द्र कुमार तालिब की उनके सेक्टर-19 के निवास पर हत्या ने पहले ही प्रसारण केंद्रों के कर्मचारियों को चौका रखा था। प्रसारण केंद्रों के उच्चाधिकारियों की जान लेने अथवा यूं कहिए मनचंदा की खौफनाक हत्या से जितना दुख और आघात हर एक को लगा है उससे यह सवाल भी उठता है कि क्या प्रसारण केंद्रों में कार्य करना अब जान देना हो गया है।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

1485- हंगरी के राजा मथायस ने ऑस्ट्रिया के विएना पर विजय प्राप्त की या वहां अपनी राजधानी स्थापित की।

1495- पहली स्कॉच व्हिस्की फायर जॉन कोर द्वारा बनाई गई।

1660- मैरी डायर को अमेरिकी राज्य मैसाचुसेट्स में निर्वासन के दौरान क्वेकर धर्म का पालन करने के लिए फांसी दी गई।

1792- केंटकी संयुक्त राज्य अमेरिका का 15वां राज्य बना।

1796- टेनेसी संयुक्त राज्य का 16वां राज्य बना।

1812- युद्ध- अमेरिकी राष्ट्रपति जेम्स मैडिसन ने यूनाइटेड किंगडम पर युद्ध की घोषणा करने के लिए अमेरिकी कांग्रेस का आह्वान किया।

1815- नेपोलियन बोनापार्ट ने फ्रांस के प्रति निष्ठा की शपथ ली।

1842- भारतीय सिविल सेवा में शामिल होने वाले पहले भारतीय सत्येंद्रनाथ टैगोर का जन्म 1 जून 1842 को हुआ। वह एक लेखक, गीतकार और भाषाविद् थे जिन्होंने ब्रिटिश राज के दौरान भारतीय समाज में महिलाओं की मुक्ति के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया था।

1855- संयुक्त राज्य अमेरिका के विलियम वॉकर ने निकारागुआ पर विजय प्राप्त की और दासता फिर से शुरू की।

1922- रॉयल अलस्टा पुलीस की आधिकारिक तौर पर स्थापना की गई। एनवर पाशा के नेतृत्व में बोल्शेविक बलों ने बसमची सेना को पराजित कर दिया।

1924- हैरी ग्राइंडेल पैरिस से लंदन लौटे। वे एक फिल्म के सहारे यह दिखाने की कोशिश कर रहे थे की उनकी मृत्यु किरण कार्य करती है।

1929- कोल्हापुर में प्रभात फिल्म कंपनी की स्थापना।

1945- भारतीय विज्ञान संस्थान के परिसर में टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ बेसिक रिसर्च की स्थापना।

2001- नेपाल के युवराज दीपेंद्र ने राजा बीरेंद्र समेत पूरे परिवार को गोली मार दी और फिर खुद को भी गोली मार ली।

## बोल ब्यूटीफुल

**रंगनाथ सिंह:** यूट्यूब और एक्स पर मोदी से नफरत करने वालों को



फालोइंग और सक्रियता मोदी समर्थकों से कई गुना ज्यादा देखने को मिलती है। अगर मोदी तीसरी बार बहुमत हासिल करते है तो किसी को इसका अध्ययन करना चाहिए कि आनलाइन और आफलाइन जनमत के बीच इतना अंतर क्यों है?

**धर्मेंद्र सिंह:** दिल्ली देश की राजधानी है और सबसे बड़ा राजनीतिक केंद्र है लेकिन यहां पानी की किल्लत की स्थिति में पानी पर राशनिग प्रदूषण होने पर आड इवेन, बिजली जाने पर बिजली की कटौती बेहद आम है। इसके बावजूद जिम्मेदार दिल्ली सरकार को नहीं, बल्कि पड़ोसी राज्यों को बताया जाता है।

अपराध  कथा

# हरियाणा के जिलों में क्यों बढ़ रहा है हत्याओं का ग्राफ?









आखिर हरियाणा में इन दिनों हत्याओं का ग्राफ क्यों बढ़ने लगा है? छोटी-छोटी बातों को लेकर क्यों लोग अपनों की ही हत्या करने से नहीं छोक्ति? क्या कोई मसला आपसी बातचीत से नहीं सुलझाया जा सकता? क्या पुलिस और कानून का डर खत्म हो गया है? यह सवाल इसीलिए उठ रहे हैं कि पिछले कुछ दिनों में झज्जर, रेवाड़ी, जींद और रोहतक जिलों में हत्या के कई मामले सामने आए हैं।

### झज्जर में हत्या

हरियाणा में झज्जर के गांव सुंदरहेटी में पशुओं के पास सो रहे एक अधेड़ व्यक्ति गजेसिंह की तेजधार हथियार से वार कर की हत्या कर दी गई।साल्हावास थाना पुलिस सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची। मौके पर एफएसएल टीम को भी बुलाया गया। एफएसएल टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्रित किए। पुलिस ने परिजनों की शिकायत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। मृतक अपने पीछे पत्नी, तीन बच्चे छोड़ गया है।

गजे सिंह खेतीबाड़ी का काम करता था। रात को वह पशुओं के पास प्लाट में सो रहा था। रात करीब 10 बजे तक वह सही सलामत था। उसके बाद गजे सिंह पर किसी ने तेजधार हथियार से हमला कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मुंह पर तेजधार हथियार के निशान मिले हैं।

झाडू निकाल रही बेटी ने जब सुबह चारपाई के पास बड़े खून के छिंटे देखें तो सन्न रह गई। उसने परिजनों को सूचना दी। परिजनों ने आकर देखा तो घर में कोहराम मच गया था, क्योंकि किसी ने देर रात गजे सिंह की हत्या तेजधार हथियार से काटकर कर दी थी। मृतक गजे सिंह जिस प्लांट में सोया हुआ था, उस प्लाट की तीन तरफ कोई दीवार नहीं है। प्लाट की चारदीवारी को लेकर भी गजे सिंह का अपने ही परिजनों के साथ मनमुटाव चल रहा था। इसके अलावा खेत का जमीनी विवाद भी परिजनों के साथ चला हुआ है।

गजे सिंह के ऊपर 2015 में भी कातिलाना हमला हो चुका है, जिसमें उन्हें के परिवार के लोगों पर धारा 307 के तहत मामला दर्ज किया हुआ है। उस मामले में भी गजे सिंह को गंभीर चोटें लगी थी और बड़ी मुश्किल से बच पाया था।

### जींद में हत्या

हरियाणा में जींद के उचाना क्षेत्र में एक महिला ने अपने जेठ की हत्या कर दी। महिला ने पहले व्यक्ति पर चाकू से वार किए और बाद में सिर में ईंट मार दी। इससे व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। पुलिस ने महिला के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हत्या का कारण दोनों के बीच आपसी विवाद को बताया जा रहा है।

उचाना थाना पुलिस को दी शिकायत में एक महिला सोनिया ने कहा कि उसकी भाभी कुसुम ने उसके बड़े भाई धर्मबीर की रात को हत्या कर दी। सोनिया ने कहा कि पूरा परिवार रात को अपने घर में ही सो रहा था। रात को उसे अचानक चीखने की तेज आवाज सुनाई दी। वह ऊपर बने कमरे में सो रही थी। जब वह नीचे आई तो उसने देखा कि उसकी भाभी कुसुम उसके भाई धर्मबीर पर चाकू से वार कर रही थी। धर्मबीर चाकू लगने से नीचे गिर गया। इसके बाद कुसुम ने ईंट उठाई और उसके सिर पर मार दी। इससे उसके भाई की मौके पर ही मौत हो गई।

शव लहुलूहान अवस्था में जमीन पर पड़ा मिला था। सोनिया ने कहा कि इसके बाद कुसुम मौके से फरार हो गई। सोनिया ने बताया कि उसका भाई धर्मबीर अविवाहित था। वह मजदूरी करता था। उचाना थाना प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि सोनिया की शिकायत पर कुसुम के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी गई है। पवन कुमार ने बताया कि फिलहाल पता चला है कि कुसुम व धर्मबीर के बीच आपसी झगड़ा चलता रहता था।

### रेवाड़ी में हत्या

हरियाणा के रेवाड़ी में एक युवक को लहूलुहान हालत में रेलवे लाइन के पास फेंक दिया गया। आसपास के लोगों द्वारा घायल को ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया, जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान मोहल्ला भजन का बाग के लोकेश उर्फ लक्की (19) के रूप में हुई है। लोकेश ने इसी साल 12वीं की पढ़ाई पूरी की थी। वह दो बहनों का इकलौता भाई था। उसकी मौत से पूरा परिवार सदमे में है।

पिता यशपाल कुमार ने बताया कि रात को सन्नी नाम का युवक लोकेश को अपने साथ ले गया था। लोकेश अपनी स्कूटी लेकर घर से निकला था, लेकिन उसके बाद वापस नहीं लौटा। परिजनों ने काफी तलाश की, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। अगले दिन सन्नी जब उनके घर आया तो कहा कि लोकेश एक निजी अस्पताल में भर्ती है। उसके सिर पर चोट लगी है। यह सुनकर लोकेश की मां और चाचा दोनों निजी अस्पताल पहुंचे, लेकिन वहां से उसे ट्रॉमा सेंटर भेज दिया गया। ट्रॉमा सेंटर पहुंचने पर पता चला कि लोकेश की मौत हो चुकी है।

यशपाल के अनुसार उसके बेटे के सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोट लगी थी। पिता का आरोप है कि लोकेश का एक सप्ताह पहले झगड़ा हुआ था। इसी कारण उसकी हत्या की गई है। उसके बेटे की हत्या करने वाले साहिल, हंसराज, राज, भोला और सन्नी हैं। पुलिस का कहना है कि मामले में जांच पड़ताल की जा रही है, जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### रोहतक में हत्या

हरियाणा में रोहतक के जींद बाईपास पर मोखरा से बहन के घर सोनीपत जा रहे बाइक सवार युवक की किसी ने गोली मारकर हत्या कर दी। हत्या के बाद हमलावर बाइक भी ले गए, जबकि बैग, पर्स व सोने की चेन नहीं तोड़ी गई। सिटी थाना पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

ग्रामीणों ने बताया कि मोखरा के अनिल उर्फ माड़िया जुड़वां भाईयों में से छोटा था। बड़े भाई का नाम सुनील उर्फ शेरू है। अनिल मोखरा गौशाला में ड्राइवर की नौकरी करता था। सुबह घर से बाइक लेकर बहन के घर सोनीपत जाने के लिए निकला था। करीब नौ बजे परिजनों को पता चला कि अनिल को किसी ने जींद बाईपास पर छाती में गोली मार दी। उसे बेहोशी की हालत में पीजीआई के ट्रामा सेंटर में दाखिल कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। अब पुलिस वारदात की जांच पड़ताल कर रही है, आखिर उसे किसने व क्यों अनिल को गोली मारी? जब अनिल सड़क अनिल बेहोश पड़ा था, मौके पर भीड़ जमा हो गई। 10 से 12 लोगों ने उसे बचाने का प्रयास किया। इसी बीच एक ट्रक चालक आया और उसे पीजीआई पहुंचाने की सलाह दी। तत्काल युवक को पीजीआई ले जाया गया, लेकिन उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया था। पुलिस को मौके पर मृतक अनिल की बाइक नहीं मिली, लेकिन बैग, पर्स व गले में पहनी सोने की चेन सुरक्षित मिल गई। अगर लूट के चलते वारदात अंजाम दी जाती तो बैग, पर्स व चेन भी हमलावर ले जाते। अब पुलिस परिजनों से पूछताछ यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि आखिर किसी से कोई रंजिश, झगड़ा या दूसरा विवाद तो नहीं है।

ग्रामीणों ने बताया कि अनिल जुड़वा भाईयों में केवल डेढ़ घंटा छोटा था। उसकी अभी शादी नहीं हुई थी। पिता के देहांत के बाद मां ने ही पालन-पोषण किया है। किस ने उसकी गोली मारकर हत्या कर दी, यह अभी रहस्य ही है।

जांच अधिकारी कुलदीप सिंह के मुताबिक जींद बाईपास से गोहाना जाते समय रास्ते में मोखरा का रहने वाला अनिल बेहोशी की हालत में मिला था। पीजीआई में उसकी मौत हो गई। डॉक्टरों ने बताया कि अनिल की छाती में गोली मारी गई है। वारदात की जांच पड़ताल कर रहे हैं। अभी हत्या के कारणों का पता नहीं लग सका है।



**रिपोर्ट: सुमित्रा**




# मतदान के लिए चुनाव आयोग के साथ-साथ उम्मीदवारों ने कसी कमर

**हरेक राजनीतिक दल ने किए जीत के दावे**

अर्थ प्रकाश/चेतन सिंह



**चंडीगढ़, 31 मई।** शनिवार को होने वाले लोकसभा चुनावों के मद्देनजर पंजाब निवार्चन कार्यालय और उम्मीदवारों ने अपनी तरफ से सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। एक ओर मतदान के लिए पोलिंग पार्टियों को पोलिंग स्टेशनों के लिए रवाना कर दिया गया है तो दूसरी ओर उम्मीदवारों ने अपने अपने पोलिंग एजेंटों की तैनाती सुनिश्चित कर ली है। निर्वाचन कार्यालय ने पोलिंग और सुरक्षा स्टाफ के खाने पीने की व्यवस्था कर दी है तो उम्मीदवारों ने अपने समर्थकों के लिए भोजन का इंतजाम कर दिया है। कुल मिला कर चुनाव के इस पर्व के लिए दोनों पक्ष अपने अपने मोरचों पर डट गए हैं।

इस बीच उम्मीद और उत्साह से भरे उम्मीदवार अपनी अपनी जीत के दावे कर रहे हैं। बात चाहे राजनीतिक पार्टियों के उम्मीदवारों की हो या निर्दलीय प्रत्याशियों की सभी पूरे जोश से भरे हुए हैं। चुनाव से एक दिन पहले सभी उम्मीदवारों ने मतदाताओं से अपने अपने तरीके से वोट देने की अपील की है।

भारतीय जनता पार्टी पंजाब अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने मतदाताओं से पंजाब के विकास के लिए भाजपा को वोट देने की अपील की है। शुक्रवार को जारी एक बयान में उन्होंने कहा है कि भाजपा ने जो कहा उसे करके दिखाया है। भाजपा ने देश को विकसित राष्ट्रों की पंक्ति में लाकर खड़ा कर दिया है। यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी ने हर मोरचे पर देश को यथोचित सम्मान दिलवाया है। उन्होंने देश का गौरव बढ़ाया है। बात चाहे धर्म की रही हो या आस्था की, रसोई गैस की रही हो या जन धन खातों की, मुफ्त राशन की रही हो या शौचालय की प्रधानमंत्री ने जीवन के हर क्षेत्र को एक समान प्रोत्साहित किया है। उन्होंने कहा है कि प्रधानमंत्री तीसरी बार देश की बागडोर संभालेंगे यह निश्चित है।

दूसरी ओर पंजाब प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने इंडिया गठबंधन की जीत का दावा किया है। उन्होंने कहा है कि इंडिया गठबंधन ही केंद्र सरकार बनाएगा। देशवासी भारतीय जनता पार्टी की नीतियों से परेशान हो चुके हैं। भाजपा के नेतृत्व में देश में धर्म की राजनीति चल रही है। यह चुनाव देश का संविधान बचाने का चुनाव है। चार जून को केंद्र में गठबंधन की सरकार बनेगी यह तय है।

उधर शिरोमणि अकाली दल ने भी जीत का दावा किया है। दल के मुताबिक पंजाब की मौजूदा सरकार हर मोरचे पर नाकाम साबित हुई है। सरकार अपने वादे पूरे करने में भी नाकाम रही है। सरकार ने राज्य की हर महिला को एक हजार रुपये देने का वादा ढाई बरस पूरा होने के बावजूद अब तक नहीं दिया है। राज्य के किसान सरकार से नाराज हैं। दल के अनुसार अकाली दल के सभी उम्मीदवार जीत दर्ज करेंगे।

आम आदमी पार्टी पंजाब अध्यक्ष भगवंत मान और पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल इंडिया गठबंधन का ऐलान काफी पहले ही कर चुके हैं। शुक्रवार को जारी एक बयान में केजरीवाल ने कहा है कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी ने पूरी ईमानदारी से पंजाब की सेवा की है। सरकार ने स्वास्थ्य, बिजली, शिक्षा, रोजगार और कानून व्यवस्था के अलावा हर क्षेत्र में विशेष उपलब्धियां दर्ज की हैं। पंजाब में आम आदमी पार्टी तेरह शून्य से जीत दर्ज करेगी। उन्होंने कहा है कि इस बार केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी और इसमें सबसे बड़ा योगदान आम आदमी पार्टी का ही होगा।

उधर बहुजन समाज पार्टी ने भी अपनी जीत का दावा किया है। पार्टी के मुताबिक पार्टी का पंजाब में बड़ा जनाधार है। लोग पूरी तरह पार्टी के साथ हैं। पार्टी के अध्यक्ष जसवीर सिंह गढ़ी ने कहा है कि बहुजन समाज पार्टी पंजाब में अच्छा प्रदर्शन करेगी। गढ़ी श्री आनंदपुर साहिब से चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस हलके में पार्टी की लोकप्रियता को देखते हुए कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने एक गुप्त समझौता किया है। इस समझौते के तहत कांग्रेस की वोटों को आम आदमी पार्टी को दिलवाने की रणनीति तैयार की गई है। इसके बावजूद वह बड़े अंतर से अपनी जीत दर्ज करेंगे।




राज्य में लोक सभा मतदान 2024 के लिए सभी पोलिंग टीमों के ईवीऐमज़ और अन्य चुनाव सामग्री समेत अपने - अपने पोलिंग बूथों के लिए रवाना होने पर पंजाब के मुख्य निर्वाचन अधिकारी सिबिन सी ने प्रत्येक को बधाई और शुभकामनाएँ देते इस बार 70 पार के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए समूह वोटरों को लोकतंत्र के इस त्योहार में बढ़- चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की है।

## पटियाला में आचार संहिता का उल्लंघन करने पर एफआईआर



**भाजपा व कांग्रेस कैंडिडेट को भेजे गए नोटिस, सरकारी जगह पर लगाए पोस्टर**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पटियाला, 31 मई।** पटियाला में चुनावी नियमों का उल्लंघन करने के मामले में अब शिरोमणि अकाली दल के बाद बीजेपी और कांग्रेस का नाम शामिल हो गया है। कोतवाली थाना इलाके में सरकारी जगह पर लगे राजनीतिक पोस्टरों के बाद इन पार्टियों के उम्मीदवारों को नोटिस भेजा गया। नोटिस जारी होने के बाद चुनाव अधिकारी की कंप्लेंट पर कांग्रेस व बीजेपी के उम्मीदवारों के मामले में अनजान लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। यह सभी पोस्टर व फ्लैक्स उस समय चुनाव ड्यूटी देने वाली टीम की नजर में आए, जब सीएम पंजाब ने शहरी इलाके में रैली निकाली थी।

### डा. धर्मवीर गांधी ने नहीं दिया नोटिस का जवाब

कांग्रेस पार्टी की तरफ से लोकसभा चुनाव लड़ने वाले डा. धर्मवीर गांधी के समर्थन में पहले भी फव्वारा चौक इलाके में फ्लैक्स लगे हुए पाए थे, जिसमें एफआईआर भी दर्ज है। अब शहर के साइकिल बाजार व जौड़ियां भट्ठी इलाके में डा. गांधी के समर्थन में सरकारी खंभों व अन्य जगह पर फ्लैक्स व पोस्टर लगे हुए मिले थे, जिसके बाद डा. गांधी को जवाब मांगने के लिए नोटिस भेजा, लेकिन जवाब नहीं दिया। इसके बाद निगम ने नोटिस मिलते ही फ्लैक्स व पोस्टर हटा दिए और पुलिस ने अनजान लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

### नाभा गेट इलाके में लगे परनीत कौर के पोस्टर

कोतवाली पुलिस स्टेशन में दूसरा केस अनजान लोगों के खिलाफ दर्ज हुआ है, जिसमें जिक्र किया गया है कि नाभा गेट इलाके में बीजेपी उम्मीदवार परनीत कौर के समर्थन वाले पोस्टर व फ्लैक्स लगे हुए थे। नगर निगम ने नोटिस जारी करने के बाद यह सामग्री हटा दी, लेकिन उम्मीदवार ने कोई रिप्लाई नहीं किया तो अनजान लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली।

## साइलेंट वोट प्रत्याशियों पर पड़ सकती है भारी

**दो हैवीवेट कैंडीडेटों के बीच है चंडीगढ़ के रण में जबरदस्त टक्कर**

**भाजपा अपनी तो कांग्रेस प्रत्याशी अपनी जीत के प्रति आश्वस्त**

अर्थ प्रकाश/खुशविंदर धालीवाल




**चंडीगढ़, 31 मई।** चंडीगढ़ की संसदीय सीट देश की सबसे हॉट सीटों में एक बनी हुई है। भाजपा के संजय टंडन और पेशे से चार्टड् अकाउंटेंट, कांग्रेस-आप गठबंधन के मनीष तिवारी जो पेशे से वकील हैं के सामने उतरे हैं। मुख्य बात यह है कि दोनों की गिनती हैवीवेट कैंडीडेटों में हो रही है। मनीष तिवारी कांग्रेस की सरकार के दौरान देशभर में एक जाना माना नाम रहे हैं तो दूसरी ओर संजय टंडन स्थानीय होने का दावा करते हुए जीत के प्रति आश्वस्त हैं। भाजपा चुनाव घोषणा पत्र समिति के सदस्य ओम प्रकाश धनखड़ ने बताया कि उनका घोषणा पत्र पार्टी के नेता नहीं बल्कि देश की जनता तैयार कर रही है। चंडीगढ़ का संकल्प पत्र भी इसी आधार पर बनाया गया है। वहीं कांग्रेस अपनी पांच गारंटी योजना को लेकर जीतने का दावा कर रही है।

भाजपा स्पष्ट तौर पर सत्ता विरोधी लहर से जूझ रही है। इस बात से अवगत होकर, पार्टी ने चंडीगढ़ से दो बार की सांसद किरण खेर की जगह भरोसेमंद सिपाही संजय टंडन को मैदान में उतारा है , जो पंजाब में मंत्री रहे और छत्तीसगढ़ के राज्यपाल बलराम दास टंडन के बेटे हैं।

वर्ष 2014 में किरण खेर ने 69,642 वोटों के अंतर से जीत हासिल की थी जो 2019 में घटकर 46,970 वोटों पर आ गई। डड्डूमाजरा लैंडफिल साइट को हटाने और यातायात प्रबंधन के लिए नए फ्लाईओवर जैसे स्थानीय मुद्दों के अलावा, लोगों के दिमाग में यह बात भी चल रही है कि किस तरह से चंडीगढ़ मेयर चुनाव में धांधली हुई और कैसे आप-कांग्रेस उम्मीदवार को विजेता घोषित करने के लिए सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप की जरूरत पड़ी। सेक्टर 26 फ्रूट मार्केट के दुकानदार विशाल कुमार कहते हैं कि भाजपा की मजबूत रणनीति हर जगह काम नहीं कर सकती। लोग अब बदलाव चाह रहे हैं। वहीं दूसरी ओर इसी सेक्टर के आढ़ती संगठन ब्राह्मण समाज सभा और जेएंडके डोगरा सभा स्पष्ट रूप से भाजपा के समर्थन की बात करते हैं।

अगर सेक्टरों की बात करें तो उसमें शत प्रतिशत भाजपा की लहर देखने को मिल रही है। यदि कॉलोनी में वोट प्रतिशत ज्यादा पड़ता है तो कांग्रेस को बढ़त मिल सकती है। यदि सेक्टर में वोट प्रतिशत ज्यादा होता है तो भाजपा जीत दर्ज कर सकती है। गठबंधन की केमिस्ट्री भले ही तिवारी के लिए काम कर रही हो, लेकिन चंडीगढ़ में कांग्रेस एक विभाजित घर है। चंडीगढ़ से तीन बार के सांसद पवन बंसल तिवारी के लिए प्रचार नहीं कर रहे हैं। भीतरघात हालांकि भाजपा को भी नुकसान पहुंचा रहा है। पूर्व सांसद सत्यपाल जैन संजय टंडन के प्रचार से नदारद दिखे। किरण खेर भी बहुत कम ही नजर आई। 13 अप्रैल को जब कांग्रेस ने तिवारी को पार्टी का उम्मीदवार घोषित किया था, उसके बाद से उन्हें किसी भी पार्टी समारोह में नहीं देखा गया। प्रियंका गाँधी की रैली में वह जरूर पहुंचे। सवाल ये भी है कि चंडीगढ़ में कौन सी पार्टी नारी शक्ति को रिझाने में कामयाब होती है , इस पर दारोमदरा रहेगा। चंडीगढ़ की महिलाएं, जो शहर के कुल मतदाताओं का 48.2 फीसदी हैं, अपनी चिंताओं और मुद्दों पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं। महंगाई इनके लिये सबसे बड़ा मुद्दा है। लगभग 6.59 लाख मतदाताओं में से लगभग 3.15 लाख महिलाएं और 3.38 लाख पुरुष हैं।

### अल्पसंख्यक समाज का वोट महत्वपूर्ण

शहर का अल्पसंख्यक चाहे खामोश है लेकिन पूर्व में भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं के हिंदुत्व और हिन्दू राष्ट्र संबंधित बयान भाजपा के लिए बखेड़ा खड़ा कर सकते हैं। सार्वजनिक मंच पर मुस्लिम समाज के किसी भी स्थानीय नेता को अभी तक भाजपा का मंच साँझा करते हुए नहीं देखा गया। यहीं स्थिति कमोबेश कांग्रेस की भी है जो बड़े अल्पसंख्यक समुदाय से पार्टी के पदाधिकारी हैं। अर्थ प्रकाश संवाददाता ने जब मतदाता की राय जानी तो कई जगह भाजपा तो कई जगह कांग्रेस बढ़त पर दिख रही है। कुछ जगहों पर बसपा उममीदवार को अप्रत्याशित समर्थन मिल रहा है। यह देखना दिलचस्प होगा कि इससे किसे नुकसान होता है।

## सभी करें अपने मत का प्रयोग: सलाहकार राजीव वर्मा



**चंडीगढ़, 31 मई (अप्रस)।** चंडीगढ़ में शनिवार को लोकसभा चुनाव में मतदान को लेकर प्रशासन की ओर से सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सभी शहरवासियों से आग्रह है कि वह अपने मत का प्रयोग जरूर करें। प्रशासन की कोशिश है कि इस बार मतदान का प्रतिशत ओर बेहतर हो। युवाओं की इसमें भागेदारी महत्वपूर्ण होगी। मतदान केंद्रों पर गर्मी को देखते हुए सभी जरुरी इंतजाम किए गए है। दिव्यांगजनों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चंडीगढ़ पुलिस और सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स तैनात की गई है।

## पटियाला लोकसभा सीट पर ड्रोन से निगरानी

**मतदाताओं को लुभाने के लिए शराब और नशीली दवाएं बांटने को लेकर प्रशासन अलर्ट**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पटियाला, 31 मई।** लोकसभा चुनाव 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए पटियाला जिला प्रशासन ने हाई-टेक ड्रोन की मदद से 31 मई की रात को सभी निर्वाचन क्षेत्रों में शराब और नशीली दवाओं के वितरण की निगरानी करने का निर्णय लिया है। 1 जून को होने वाले चुनाव से पहले ड्रोन के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। जानकारी देते हुए डिप्टी कमिश्नर शौकत अहमद परे ने बताया कि पटियाला जिले के 29 पोलिंग बूथों की पहचान कॉस्ट संवेदनशील के तौर पर की गई है। जो नाभा, राजपुरा, घनौर, सनौर, पटियाला शहरी, समाना और शुतराना में आते है। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में फुटेज रिकॉर्ड करने के लिए विशेष तौर पर प्रशिक्षित टीमें ड्रोन और यूएवी का प्रयोग कर रहीं हैं। जिला चुनाव अधिकारी शौकत अहमद परे ने कहा है कि मुफ्त सामग्री आदि बांटकर मतदाताओं को लुभाने की किसी भी संभावित घटना को रोकने के लिए सख्त कदम उठाए हैं। निगरानी रखने के लिए अतिरिक्त कमिश्नर इन्वेस्टिगेशन, टैकसेशन को पत्र लिखा गया। उन्होंने बताया कि भारत चुनाव आयोग द्वारा 1 जून 2024 को होने वाले मतदान के संबंध में पटियाला लोकसभा क्षेत्र के लिए तैनात किए गए विशेष पुलिस ऑब्जर्वर और खर्चा ऑब्जर्वर द्वारा दिए गए आदेशों के मद्देनजर यह कदम उठाया गया है।

## पहले की पार्टियां लोगों से झूठे वादे करके सत्ता में आई पर अब नहीं : नोनी

अर्थ प्रकाश/प्रदीप पाल



**जगराओं 31 मई।** हर पार्टी लोकसभा चुनाव जीतने का दावा कर रही है. जगराओं से आम आदमी पार्टी के शहरी अध्यक्ष गुरप्रीत सिंह नोनी ने कहा कि पहले की पार्टियां लोगों से झूठे वादे करके सत्ता में आई थीं, लेकिन उन्होंने लोगों से वादा खिलाफी की. उन्होंने अपने वादे पूरे नहीं किये. उन्होंने कहा कि पांच साल कांग्रेस पार्टी और पांच साल अकाली दल ने लोगों को गुमराह करके सत्ता हासिल की बदलाव के नाम पर वोट देकर आदमी पार्टी को मिली जीत लुधियाना से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी अशोक कुमार के पक्ष में राष्ट्रपति ने कहा कि लोकसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी ने जनता से अपना वादा पूरा किया है। पापी, गुरप्रीत सिंह नोनी ने मतदाताओं से जोरदार अपील करते हुए पूछा कि क्या आम आदमी पार्टी अपने ढाई साल के कार्यकाल के दौरान ऐसे काम कर रही है जो नहीं हुए आज तक किसी भी पार्टी के बस में नहीं, 600 यूनिट बिजली बिल माफ करके, जाति भेद करके 80त्न से ज्यादा लोगों के बिल जीरो कर दिए गए, मोहल्ला क्लिनिक में दवाएँ और जाँचें पूरी तरह से मुफ्त हो गई।

हर फसल सही समय पर और सही कीमत पर बाजार में बिकी। इसके अलावा 43 हजार से ज्यादा सरकारी नौकरियां जरूरतमंद युवाओं को दी गई। 1076 टोल फ्री नंबर जारी किया गया है पंजाब में लोगों के घरों और काम-काज में आम आदमी पार्टी की नीतियों से हर वर्ग खुश है, लुधियाना विधानसभा क्षेत्र के उम्मीदवार अशोक कुमार पप्पी पाराशर जी, जिन्होंने दो साल तक विधायक के रूप में काम किया है और लोगों के बीच काम किया है उनके काम के लिए उनके घरों के दरवाजे 24 घंटे खुले हैं।

प्रदर्शन से खुश होकर लोगों ने लोकसभा की सीढ़ियां चढ़ने का फैसला किया और लोगों से जोरदार अपील करते हुए कहा कि हम अपने वोटों का सही इस्तेमाल करके अशोक कुमार पप्पी को ज्यादा से ज्यादा वोटों से जिताएं विधानसभा की सीढ़ियां चढ़ें ताकि लुधियाना जिले का विकास अधिक से अधिक हो सके। अशोक कुमार पप्पी पराशर ने लोगों से वादा किया कि अगर लोग उनका सम्मान करेंगे तो लुधियाना और पी जी आई के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। प्राथमिकता के आधार पर लुधियाना में अस्पताल खोला जाएगा गुरप्रीत सिंह नोनी ने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि अपने वोटों का सही इस्तेमाल करें।

## पंजाब में नवजोत सिद्धू का कांग्रेस को झटका चुनाव प्रचार छोड़ आईपीएल में कमेंट्री करते रहे

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 31 मई।** पंजाब में आज वोटिंग होगी। चुनाव के लिए प्रचार 30 मई की शाम 6 बजे थम गया। करीब 83 दिनों तक चली लंबी कैंपेन में पूर्व क्रिकेटर व कांग्रेस के पूर्व प्रधान नवजोत सिद्धू गायब रहे। वह न तो किसी चुनावी मंच पर दिखे और न ही उन्होंने किसी उम्मीदवार के लिए वोट मांगे। हालांकि चुनावी कैंपेन के आखिरी चरण में इंडियन प्रीमियम लीग (आईपीएल) भी संपन्न हो गया था। ऐसे में उम्मीद थी कि किसी अन्य हलके में न सही पटियाला में राहुल गांधी की रैली में मंच पर दिख सकते हैं, लेकिन ऐसा भी नहीं हुआ। सिद्धू की पत्नी कैंसर से जूझ रही है। ऐसे में उनका फोकस इन दिनों उनकी सेहत पर लगा हुआ है। 16 मार्च को लोकसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के साथ ही आचार संहिता लग गई थी। इसके बाद 22 मार्च को आईपीएल का आगाज हो गया था। इससे पहले उनका नाम निजी चैनल में कमेंट्री के लिए शामिल हो गया था। इसके साथ वह राजनीति से दूर हो गए। इस दौरान वह अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर आईपीएल को लेकर पोस्ट शेयर करते रहे, लेकिन उन्होंने चुनाव को लेकर एक भी पोस्ट नहीं डाली। आईपीएल के साथ वह पत्नी के इलाज की जानकारी भी शेयर करते रहे।

## मतदाताओं को मतदान केंद्र तक पहुंचाकर वोटिंग करवाएं युवा कार्यकर्ता : पूनिया

**यूथ अकाली दल जिला प्रधान ने युवाओं की लगाई चुनाव के लिए ड्यूटियां**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**लालड़ू, 31 मई।** यूथ अकाली दल के जिला प्रधान तरनबीर सिंह पूनिया ने युवाओं को एकजुट करते हुए कहा है कि लोकसभा चुनाव के दौरान वह शिरोमणि अकाली दल प्रत्याशी एन.के.शर्मा के समर्थन में अपने सभी प्रयास लगाएं और उन्हें भारी मतों से विजयी बनाएं। चुनाव से एक दिन पहले तरनबीर सिंह पूनिया ने युवाओं की बैठक लेकर मतदान वाले दिन अधिक से अधिक मतदाताओं को वोट डालने के लिए मतदान केंद्र तक पहुंचाने की ड्यूटियां लगाई। पूनिया ने कहा कि मतदान वाले दिन सभी नौजवान कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्रों के मतदाताओं को अधिक से अधिक वोट डालने के लिए मतदान केंद्र तक पहुंचाएं और एन.के.शर्मा के समर्थन में वोट डालने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि एन.के.शर्मा की डेराबस्सी इलाके के साथ अपनी सांझ है और वह प्रत्येक व्यक्ति के साथ निजी रूप से परिचित हैं। पूनिया ने कहा कि परनीत कौर व धर्मवीर गांधी पहले भी यहां से सांसद रह चुके हैं लेकिन वह कभी भी इस हलके के लोगों के दुख-सुख में शामिल नहीं हुए। इस अवसर पर युवा अकाली नेता नवदीप सिंह, गुरबिंदर सिंह हसनपुर, गगनसैनी, साहिल जैन, नूर धर्मगढ़, दीपेंद्र सिंह, समेत कई युवा नेता मौजूद थे।

# बिलासपुर जिले में तीन लाख से अधिक मतदाता करेंगे मतदान, 16 संवेदनशील मतदान केंद्र बनाए

**12 हजार नए युवा मतदाता भी डालेंगे पहला वोट**

अर्थ प्रकाश /प्रविंद्र शर्मा



**बिलासपुर।** बिलासपुर जिला में 3 लाख 34 हजार 389 मतदाता इन लोकसभा चुनावों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

जिनमे 1 लाख 67 हजार 881 पुरूष तथा 1 लाख 66 हजार 502 महिला एवं 6 थर्ड जेंडर मतदाता भी अपने मत का प्रयोग करेंगे। यह जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी आबिद हुसैन ने दी। उन्होंने बताया कि 3 हमीरपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत जिला बिलासपुर के चारों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों पर सभी 418 मतदान केन्द्रों में मतदान के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। । उन्होंने बताया कि जिला में 418 पीठासीन अधिकारी, 418 सहायक पीठासीन अधिकारी, 1693 पोलिंग अधिकारी मतदान प्रक्रिया की पूर्ति के लिए तैनात किए गए हैं। उन्होंने बताया कि जिला में 410 प्रदेश पुलिस 410 उतराखंण्ड पुलिस, सीएपीएफ (आन्ध्रा पुलिस) के 8 सेक्शन जिसमें 60 कर्मी तैनात जिसमें 16 संवेदनशील मतदान केन्द्र शामिल हैं पर भी तैनात रहेंगे।

उन्होंने बताया कि जिला में 16 संवेदनशील मतदान केन्द्र हैं। 16 आर्दश मतदान केन्द्र जबकि 8 महिला व्यवस्थित मतदान केन्द्र, 01 दिव्यांग व्यवस्थित, तथा 4 युवा व्यवस्थित मतदान केन्द्र शामिल हैं। उन्होंने बताया कि संवेदनशील मतदान केन्द्रों में 46-झंण्डूता के अन्तर्गत 50-समोह-1 एवं 51-समोह-2, 47-घुमारवीं के अन्तर्गत 10-बम-1 और 110-औहर, 48-बिलासपुर सदर के अन्तर्गत परनाल-2, 12-लददा, 84-रौड़ा, 88-कोसरियां और 91-लक्ष्मीनारायण मंदिर तथा 49-श्री नयना देवी जी में 63-बैहल-1, 64-बैहल-2, 65-बैहल-3, 80-टोबा संगवाणा, 82-बस्सी, 83-दबट और 84-मजारी शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि आदर्श मतदान केन्द्रों में 46-झंण्डूता के अन्तर्गत 2-बूखर, 45-सुनाहणी, 59-बैहरन, 67-झंण्डूता-3, 47-घुमारवीं में 45-नस्वाल, 83-घुमारवीं-1, 93-त्यूणखास तथा 102-रोपा, 48-बिलासपुर सदर में 27-धडाट, 55-भटेड़ उपरली-4, 90-चंगर-2 और 96-रघुनाथपुरा-2 जबकि 49-श्री नयना देवी जी में 54-धबेटा, 57-भोंई, 73-श्री नयना देवी जी और 92-माकड़ी शामिल है।

उन्होंने बताया कि महिला व्यवस्थित मतदान केन्द्रों में 46-झंण्डूता के अन्तर्गत 45-सुन्हाणी, 67-झंण्डूता-3, 47-घुमारवीं में 46-नस्वाल, 83-घुमारवीं-1, 48-बिलासपुर सदर में 89-चंगर-1, 96-रघुनाथपुरा-2 जबकि 49-श्री नयना देवी जी में 54-धबेटा, 73-श्री नयना देवी जी शामिल है।

उन्होंने बताया कि युवा व्यवस्थित मतदान केन्द्रों में 2-भूकड़, 47-घुमारवीं में 102-रोपा, 48-बिलासपुर में 27-धाट तथा 49-श्री नयना देवी जी में 57-भूई मतदान केन्द्र शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि दिव्यांग मतदान केन्द्र के अन्तर्गत 46-झंण्डूता निर्वाचन क्षेत्र में केवल एक 59-बैहरन-1 शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा गर्मी में मतदाताओं की सुविधा के लिए शामियाना पंखों के साथ साथ ओआरएस घोल आदि की विशेष रूप से व्यवस्था की गई है। प्रत्येक मतदान केन्द्र में मतदाताओं की सहायता के लिए मतदाता सहायता बूथ तथा वॉलेटियर तथा दिव्यांग मतदाता के लिए मांग के अनुरूप व्हील चेयर की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। प्रत्येक मतदान केन्द्र पर क्रेच तथा बुर्जुग मतदाताओं के लिए भी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई हैं।

# ऊना में 'मैराथन फॉर डेमोक्रेसी' से शत प्रतिशत मतदान का संदेश

अर्थ प्रकाश संवाददाता





**ऊना।** ऊना जिले में लोकसभा आम निर्वाचन और 2 विधानसभा उपचुनावों में मतदाताओं की शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मतदान दिवस की पूर्व संध्या पर 31 मई को ऊना शहर में 'मैराथन फॉर डेमोक्रेसी' का आयोजन किया गया। 1 जून को चुनावों में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए स्वीप के तहत आयोजित इस मैराथन को जिला निर्वाचन अधिकारी उपायुक्त जतिन लाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मैराथन ऊना के इंदिरा मैदान से आरंभ होकर पुराने बस अड्डे में संपन्न हुई। इस मौके उपायुक्त ने लोगों को मताधिकार के प्रयोग के लिए जागरूक किया और लोगों से अपील की कि वे 1 जून को घर से निकल कर मतदान करने अवश्य जाएं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती में हर एक वोट कीमती है। मतदान करना न केवल हमारी जिम्मेदारी है, बल्कि यह हमारा अधिकार भी है। इस चुनाव में अपना योगदान देकर हम सभी मिलकर एक सशक्त और सुरक्षित भविष्य की दिशा में कदम बढ़ा सकते हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिले के सभी मतदाताओं से शत प्रतिशत मतदान का आह्वान किया। उन्होंने लोगों से 1 जून को पूरे परिवार के साथ चुनाव के इस पर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा। बता दें, पहली जून को प्रातः 7 बजे से सायं 6 बजे तक वोट डाले जाएंगे। वोटों की गिनती 4 जून को होगी।

**खूब उत्साहित दिखे युवा :** मैराथन के मौके पर ऊना वासी चुनाव के पर्व में बराबर सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध दिखे। लोगों ने कदम से कदम मिलाकर जागरूकता संदेश का प्रसार किया ।

# दो महीने से मनाया जा रहा लोकतंत्र का महापर्व

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**नेरचौक।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश व्यापार प्रकोष्ठ के संयोजक गोविंद ठाकुर ने सभी व्यापारी भाइयों से आग्रह किया है कि आज कल पूरे देश में लगभग पिछले दो महीनों से लोकतंत्र का महापर्व मनाया जा रहा है अलग अलग चरणों में चुनाव हो रहे है जिस में अब आखिरी चरण बाकी है। ये चुनाव हर पांच सालों के बाद होते है, अर्थात हम सरकार चुनते है। इन चुनावों में हर किसी को अपनी भागीदारी को सुनिश्चित बनाया जाना चाहिए।हर 18 साल की उम्र के भारतीय नागरिक को सरकार द्वारा वोट डालने का अधिकार दिया गया है।हम सभी को अपनी मताधिकार का सदुपयोग करना चाहिए,,,अर्थात हर किसी को मतदान में भाग लेना चाहिए,। आप के द्वारा डाला गया वोट लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करता है। आप बहुत ही भाग्यशाली है कि आप विश्व के सब से बड़े लोकतांत्रिक देश के नागरिक है और आप को वोट डालने का अधिकार मिला हुआ है।वोट किस राजनैतिक दल को डालनी है ये सब आप का विशेषाधिकार है आप की मर्जी, आप का विवेक और आप की आस्था पर निर्भर करता है। आप अपनी मर्जी से किसी को भी वोट डाल सकते है,,आप के द्वारा डाली गई वोट देश की दिशा और दशा को निर्धारित करता है। लोकतांत्रिक और मजबूत सरकार बनाने के लिए सहयोग अवश्य करें।

# सोलन में अभिनय-2024 तीन से 8 जून तक

35 वर्षों से सोलन में फिलफॉट करवा रही है अखिल भारत नृत्य नाटक, संगीत, संगीत प्रतियोगिता का आयोजन

इसमें देशभर के 436 कलाकार लेंगे हिस्सा

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**सोलन।** फिटफॉट फोरम सोलन के 36वां वार्षिक आयोजन अभिनय-2024 यहां 3 से 8 जून तक सोलन में होगा। इसमें देश के विभिन्न राज्यों की24 टीमों के 436 कलाकार भाग लेंगे। फिलफॉट फोरम सोलन के चेयरमैन विपुल गोयल ने बताया कि फिलफॉट फोरम सोलन ऐसी संस्था है, जो कला के माध्यम से प्रदेश व देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण व संवर्धन की दिशा में पिछले 38 वर्षों से कार्य कर रही है।

विपुल गोयल ने बताया कि यह आयोजन हिमाचल प्रदेश पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन विभाग के सहयोग से किया जा रहा है। इसमें देश के असम, मणिपुर, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा, पंजाब, महाराष्ट्र, गुजरात, उड़ीसा व हिमाचल प्रदेश की 24 टीमों के 436 कलाकार भाग लेंगे। प्रतियोगिता का आयोजन बहुउद्देश्यीय सभागार कोठो के सभागार में आयोजित किया जाएगा।

प्रतियोगिता में नाटकों के साथ-साथ पारंपरिक भारतीय शैली के शास्त्रीय एवं लोक नृत्यों व भारतीय शैली के शास्त्रीय एवं लोक संगीत को शामिल किया गया है। प्रतियोगित में 18 सामूहिक नृत्य, 67 एकल नृत्य व 46 एकल वाद्य यंत्र एवं गायन समेत 10 नाटकों का मंजन किया जाए। उन्होनें बताया कि 6 जून को शोभा यात्रा निकाली जाएगी,जो शूलिनी माता मंदिर से पुराने डीसी चौक तक निकाली जाएगी। इसमें विभिन्न प्रदेशों से आए रंगकर्मी अपने-अपने पारंपरिक परिधानों में सुसज्जित होकर अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे।

**अब तक हो चुका है 622 नाटकों का मंचनः पुरी**

अभिनय-2024 की आयोजन सचिव व प्रधान फिलफॉट फोरम सोलन विजय पुरी ने बताया कि 36 वर्षों में फिलफॉट फोरम के मंच पर 622 नाटकों का मंचन हो चुका है। इसके अलावा 692 डांस प्रतियोगिताएं, 2100 कलाकार अपनी सोलो परफॉरमेंस दे चुके हैं। संस्था का उद्देश्य राष्ट्रीय एकता, अखंडता, साक्षरता व समाज सेवा के लिए कार्य कर रही है। इस मौके पर फिलफॉट फोरम के महासचिव राजीव उप्पल, उपाध्यक्ष सुनीता शर्मा,कोषाध्यक्ष गुलाब सिंह, सुनीता शर्मा, रवि कंवरपाल, मनोज गुप्ता समेत अन्य मौजूद रहे।

# नाग चला में वोल्वो-कार की टक्कर, कार चालक की मौत

अर्थ प्रकाश संवाददाता

गाड़ी कट मार वही वोल्वो पूरी स्पीड से जा रही थी और एक जोरदार टक्कर हो गई

**नेरचौक।** शुक्रवार सुबह 6.15 पर दिल्ली से मनाली जा रही वोल्वो बस की एक कार के साथ नागचला के पास टक्कर हो गई भिड़ंत इतनी जोरदार थी की गाड़ी वहीं पर पूरी तरह से मुड़ गई और चालक की मौके पर ही मौत हो गई

दिल्ली से मनाली जा रही वोल्वो बस जब डडोर से नाग चला की तरफ जा रही थी इस समय मंडी की तरफ से तेज राम पुत्र श्री परस राम निवासी चांडियाल नेर चौक की तरफ अपनी गाड़ी एचपी 82 0 767 से आ रहा था तेजराम ने नेर चौक की तरफ आने के लिए गाड़ी का कट मार वही वोल्वो पूरी स्पीड से जा रही थी और एक जोरदार टक्कर हो गई जिसमें कार चालक की गाड़ी पूरी तरह से घूम गई और कार चालक की मौके पर ही मौत हो गई

आनंन फानन में स्थानीय लोगों ने कार चालक को लाल बहादुर शास्त्री मेडिकल कॉलेज पहुंचा जहां उसे मृत घोषित किया गया

एस एच ओ पुरुषोत्तम धीमान ने बताया कि वोल्वो बस और कर की टक्कर का मामला सामने आया है बस और कर को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है मृतक का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया है धारा 279 आईपीसी 338 के तहत मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है

## न्यूज ब्रीफ

### पेयजल का दुरुपयोग किया तो कटेगा कनेक्शन

**गोहर (सुभाग सचदेवा)।** गर्मी के मौसम में पेयजल समस्या से निपटने के लिए जलशक्ति विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। जल शक्ति विभाग उप मंडल गोहर के तहत पेयजल का दुरुपयोग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगा। पेयजल का उपयोग गृह निर्माण व अन्य निर्माण कार्यो में करने, पेयजल का उपयोग सिंचाई कार्यो में करने व जरूरत से ज्यादा पेयजल का भंडारण करने वालों के बिना नोटिस दिए पानी के कनेक्शन काट दिए जाएंगे। गोहर उपमंडल के अंतर्गत कई पंचायतें ऐसी हैं जहां पर पेयजल योजना के जलस्रोतों में पानी की काफी ज्यादा कमी हो गई है। विभाग को पेयजल सप्लाई करने की समस्या पेश न आए इसके लिए उक्त निर्णय लिया गया है। जलशक्ति विभाग ने इसके लिए उपमंडल स्तर पर सहायक अभियंता व कनिष्ठ अभियताओं की अगुआई में टीमों का गठन किया गया है। ये टीमें हर पंचायतों के गांवों में जाकर सुबह व शाम औचक निरीक्षण करेंगी। उधर जल शक्ति विभाग के सहायक अभियंता दत्त राम ने बताया कि जहां भी पानी का दुरुपयोग पाया गया तो उस नल के कनेक्शन को मौके पर ही काट दिया जाएगा।

### महिला और दिव्यांग कर्मियों के दल मतदान केन्द्रों को रवाना

**मंडी(अप्रस)।** सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम मंडी ओम कांत ठाकुर ने बताया कि मंडी विधानसभा के मतदान केन्द्र खलियार-2, सुहड़ा-2 और पड्डल-2 मतदान केन्द्रों के लिए महिला कर्मियों के दो दल और एक दिव्यांग मतदान कर्मियों का दल रवाना कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि खलियार-2 का मतदान केन्द्र केन्द्रीय विद्यालय खलियार, सुहड़ा-2 मतदान केन्द्र ब्वायज स्कूल मंडी और पड्डल-2 मतदान केन्द्र राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में स्थापित किया गया है। खलियार-2 और सुहड़ा-2 मतदान केन्द्र में महिला मतदान कर्मी डयूटी देंगे जबकि दिव्यांग मतदान कर्मियों का दल पड्डल -2 मतदान केन्द्र आईटीआई मंडी में चुनाव डयूटी देगा। उन्होंने बताया कि इन तीन दलों के रवाना होने के बाद मंडी विधानसभा के सभी 117 पोलिंग स्टेशनों के मतदान दलों को चुनाव सामग्री के साथ रवाना हो गए है।

### आईटीआई में मनाया विश्व तंबाकू निषेध दिवस



**परमाणु (सुनील दत्त)।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में आज 'विश्व तंबाकू निषेध दिवस' के अवसर पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता स्वास्थ्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमित रंजन ने की।डॉ. अमित रंजन ने कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य तंबाकू के उपयोग के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता बड़ाना है। यह विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा तंबाकू के उपयोग के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता बड़ाने और तंबाकू की खपत को कम करने के लिए प्रभावी नीतियों की वकालत करने के लिए आयोजित एक वैश्विक अभियान है। उन्होंने कहा कि तंबाकू से जहां व्यक्ति को शारीरिक नुकसान होता है वहीं मानसिक रूप से भी क्षति पहुंचती है। कार्यशाला में क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट वैशाली शर्मा, डीसीसी समन्वयक राधा सहित लगभग 135 प्रशिक्षुओं ने भाग लिया।

# इंडेन गैस एजेंसी जोगिन्दर नगर का जून माह का रूट चार्ट जारी

**3 जून को द्रुबल , 10 को ऐहजु, 17 को भराड़ू व 28 जून को त्रामट में आएगी एलपीजी गैस**

अर्थ प्रकाश /राजन पुंछी

**मंडी।** इंडेन गैस एजेंसी जोगिन्दर नगर का माह अप्रैल-2024 का रूट चार्ट जारी कर दिया गया है, जिसके तहत उपभोक्ताओं को रसोई गैस का वितरण किया जाएगा।

इस बारे जानकारी देते हुए एसडीएम जोगिन्दर नगर मनीश चौधरी ने बताया कि 3 जून को द्रुब्बल, लडवाण, जोन, लोअर जोन, कुनकर, चडोंझ, नागण, बनवार, लोअर चड़ोंझ, सलेरा व फोगला जबकि 4 जून को कुराटी, पीपली, कुठेहड़ा, सुंआ, बैला, रोहटा सपैडू, सरमाणा, अलमरा, खड़ीहार, दन्देहड़, कुठेहड़ा, लंगारा व लांगणा में एलपीजी गैस का वितरण किया जाएगा। इसी तरह 5 जून को झमेहड़, चक्का, चक्का से कढेरनू, पाबो बनौण, त्रैम्बली, गोन्थला, लखनोट व नगर परिषद जोगिन्दर नगर में एलपीजी गैस का वितरण किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि 6 जून को नागनाला, द्राहल, अप्पर समोहली, बसाही, मकरीड़ी व भडयाड़ा, 7 जून को निचला भडयाड़ा, कमेहड़, चल्हारग, बल्ह, बनौण, जोल, जगैहड़ा, जौली, मच्छयाल, कुफरू, मोरचक्का, मचकेड़ा, टिकरू, बल्ही, ककडैना व दरकोटी, 8 जून को नगर परिषद् जोगिन्दर नगर, 10 जून को मोहनघाटी, रड़ा भखेड़, ऐहजु, सूकाबाग, चौंतड़ा, बीड रोड़, मटरू, सूजा, काथला व लोअर सेरी तथा 11 जून को अपरोच रोड, कूपड़, शानन, हरनाला, हार, आरठी, निचला गरोडू सामुदायिक भवन, छपरोट, रेलवे लाइन वाया सिंगला अस्पताल पंजागणा में रसोई गैस (एलपीजी) का वितरण किया जाएगा।

एसडीएम ने बताया कि 12 जून को जिमजिमा, बृजमंडी, हराबाग, छानग, गलू, दुल, बनाड़, गलू पटट व नगर परिषद जोगिन्दर नगर, 13 जून को बालकरूपी, घमरेड़, मझवाड़, दारट बगला, भरोलू वाया जालपा रोड़, अपर घमरेहड़, मकड़ैना व सजानका मोहल्ला, 14 जून को सेरू, जलपेहड़, बनाई हार, झलवाण, पहलून, भटठा, मसौली, धरूं लिंक रोड़, खुदर, छतर, हार झलवान, सेरू स्कूल से खवोड़ा, सूद बस्ती व नगर परिषद जोगिन्दर नगर, 15 जून को मझारनू, कुफरू, स्यूरी, नेर, बस्सी, मनोह, मच्छयालु भलैन्दरा, भुझड़ू, बडौण, कुन्डूनी व बनेहड़, 17 जून को भराडू, बिहूं, टिक्कर, छाम्ब, गडूही, कस, लोअर कस, बटोहलू, कोठी, आलगावाड़ी व सरस्वती स्कूल तथा 18 जून को नगर परिषद जोगिन्दर नगर में एलपीजी गैस का वितरण होगा।

इसी तरह जहां 19 जून को सैंथल, लोअर चौंतड़ा, चौंतड़ा, राजा चौकी, द्रौबड़ी, सगनेहड़, कोहरा, भाला रिहड़ा, चांदनी, सांलग, टटानका व डूहकी, 20 जून को घटटा, मोहनघाटी, रड़ा भखेड़, ऐहजू, रोपड़ी कलैहड़ू, गाहरू, लकरेहड़, द्रुब्बल, लडवाण, चक्का, बसाही, चलारग, मकरीड़ी, द्राहल व मोर डूहग भरोहन, 21 जून को मटरू, सूजा, भजराला, खौली, भटवाड़ा, सन्द्राहल, कुराटी, पीपली, कुठेहड़ा, सुआ व रोहटा सपैडू, 22 जून को स्यूण, बदेहड़, ठारू, भैरू, चांजड़ा, सतैन, अप्पर मचकेहड़, अपरोच रोड शानन, ब्रिज मंडी, हराबाग, गलू, जिम्म जिमा व आरठी 24 जून को बीड़ रोड़, मचकेहड़, सुकाबाग, पस्सल, बीड़ कालोनी, टिकरी मुशैहरा, खज चौगान, चौंतड़ा, तिब्बती कालोनी, सगनेहड़ हार वाया चौंतड़ा, बालकरूपी, मझवाड, दारट बगला, सेरू व बनाई में तो वहीं 25 जून को बजगर, लदरूंही, भडयाड़ा, बरनाहूं, धनैतर, पातकू, अपर ढ़ेलू, खलेही, हरड़ बेहडू, डकबगड़ा, भगेहड़, गदयाड़ा व घोडन्, 26 जून को नगर परिषद् जोगिन्दर नगर, झलवाण, भटठा, मसौली, छतर लिंकरोड, मकड़ैना, 27 जून को लोअर ढ़ेलू, ढ़ेलू वार्ड नम्बर-चार, योरा, टिकरू, भचकेहड़ा, भालारिड़ा, आडू, सांलग, चांदनी, ठठरी व बलोहल, 28 जून को डोहग, सारली, सैंथल, पड़ैन, कोहरा द्रौबड़ी, मझारनू, नेर, बस्सी, मनोह, भराडू, बिंहू, कस, बडोण, लोअर चौंतड़ा राजा चौकी, त्रामट, सगनेहड़ हार, सरौली व तथा 29 जून को नगर परिषद् जोगिन्दर नगर तथा लोअर सेरी में घरेलु रसोई गैस का वितरण किया जाएगा।

उन्होने बताया कि रूट चार्ट के अनुसार निर्धारित तिथि पर किसी कारणवश गाड़ी नहीं पहुंच पाती है तो अगले दिन घरेलु एलपीजी गैस की सप्लाई दी जाएगी। इसके अलावा कच्ची सडकों में गैस की सप्लाई मौसम पर निर्भर करेगी।

# सिपेट बद्दी में आवेदन करने की अंतिम तिथि 02 जून तक बढ़ी

अर्थ प्रकाश /संजीव कौशल

बद्दी। सोलन ज़िला के नालागढ़ उपमण्डल के बद्दी स्थित केन्द्रीय पेट्रोरसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेट-सेन्ट्रल इन्स्टीटयूट ऑफ पेट्रोकेमिकल इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी) में विभिन्न डिप्लोमा एवं पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए कम्प्यूटर आधारित प्रवेश परीक्षा 09 जून, 2024 को आयोजित की जाएगी। 14 जून, 2024 को चयनित उम्मीदवारों की काउंसलिंग की जाएगी तथा अगस्त, 2024 के प्रथम सप्ताह से पाठ्यक्रम की शुरआत की जाएगी। प्रवेश के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 31 मई, 2024 निर्धारित की गई थी और अब ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि को 02 जून, 2024 तक बड़ा दिया गया है।


**UNITED TEXTILES LIMITED**
Regd. Off:- 7th K.M. Stone, Barwala Road, Hisar
CIN: L17115HR1993PLC032092
STATEMENT OF AUDITED FINANCIAL RESULTS
FOR THE QUARTER AND YEAR ENDED 31MARCH, 2024

(Rs. in Lakhs, except per share data)

| | Particulars | Quarter Ended | | | Year Ended | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 31.03.2023 Audited | 31.12.2023 Unaudited | 31.03.2023 Audited | 31.03.2024 Audited | 31.03.2023 Audited |
| I | Revenue from operations | 283.58 | 443.92 | 350.64 | 1332.51 | 1652.88 |
| II | Other Income | 2.18 | 0.50 | (5.41) | 4.01 | 5.85 |
| III | Total Revenue (I+II) | 285.76 | 444.42 | 345.23 | 1336.52 | 1658.73 |
| IV. | Expenses | | | | | |
| | (a) Cost of materials consumed | 240.20 | 227.62 | 254.52 | 914.36 | 953.50 |
| | (b) Purchases of stock-in-trade | 6.16 | 1.19 | 22.10 | 7.35 | 67.52 |
| | (c) Changes in inventories of finished goods work-in-progress and stock-in-trade | (65.77) | 86.98 | (17.54) | (74.52) | (37.33) |
| | (d) Employee benefits expense | 18.32 | 15.24 | 16.22 | 62.31 | 59.80 |
| | (e) Finance costs | 11.39 | 11.73 | (5.76) | 64.10 | 40.44 |
| | (f) Depreciation and amortization expenses | 35.83 | 35.13 | 24.80 | 125.92 | 112.13 |
| | (g) Other expenses | 42.07 | 64.99 | 49.71 | 234.60 | 458.57 |
| | Total expenses (IV) | 288.20 | 442.88 | 344.05 | 1334.12 | 1654.63 |
| V | Profit(Loss)before exceptional Items and tax (III-IV) | (2.44) | 1.54 | 1.18 | 2.40 | 4.10 |
| VI | Exceptional items | - | - | - | - | - |
| VII | Profit(Loss)after exceptional Items but before tax (V-VI) | (2.44) | 1.54 | 1.18 | 2.40 | 4.10 |
| VIII | Tax expense: | | | | | |
| | (I) Current Tax | (0.73) | - | (3.39) | - | - |
| | (II) Deferred tax | 0.30 | 1.33 | 3.72 | 1.88 | 1.07 |
| | Total tax expense | (0.43) | 1.33 | 0.33 | 1.88 | 1.07 |
| IX | Profit/ (Loss) for the period From continuing operations (VII-VIII) | (2.01) | 0.21 | 0.85 | 0.52 | 3.03 |
| X | Other comprehensive income (OCI): | | | | | |
| | A. Items that will not be reclassified to profit or loss | | | | | |
| | (i) Re-measurement gain (losses) On defined benefit plans | 1.35 | - | 2.00 | 1.35 | 2.00 |
| | Income tax effect on above | (0.34) | - | (0.50) | (0.34) | (0.50) |
| | (ii) Equity instrument through Other Comprehensive Income (Gain on Fair Valuation of Long Term Investment) | | | | | |
| | Income tax effect on above | - | - | - | - | - |
| | Total Other Comprehensive Income (X) | 1.01 | - | 1.50 | 1.01 | 1.50 |
| XI | Total Comprehensive Income (Comprising Profit/(Loss) and Other comprehensive income For the period) (IX-X) (Comprising Profit (Loss) and OCI for the year) | (1.00) | 0.21 | 2.35 | 1.53 | 4.53 |
| XII | Paid-up equity share capital (Rs. 10 Par share) | 300.00 | 300.00 | 300.00 | 300.00 | 300.00 |
| XIII | Reserve/Other Equity | - | - | - | 747.41 | 745.88 |
| XIV | Earnings per equity share | | | | | |
| | (1) Basic | (0.04) | (0.02) | 0.03 | 0.02 | 0.10 |
| | (2) Diluted | (0.04) | (0.02) | 0.03 | 0.02 | 0.10 |

Note:
1. The aforesaid results were placed before and reviewed by the Audit Committee at its meeting held on 29th May,2024 and approved by the Board of Directors at its meeting held on the same date. The Statutory auditors have carried out limited review of these financial results.
2. There are no separate reportable segments as per the Indian Accounting Standard (Ind AS-108) on segment reporting.
3. The Figures have been regrouped/rearranged wherever considered necessary to facilitate comparison.

For United Textiles Limited
Vivek Aggarwal
(Whole Time Director)
DIN No. 07079208

Place : Hisar
Date : 29th May, 2024


# बल्ह घाटी में लाल सोना की पैदावार में जुटे हजारों

अर्थ प्रकाश /गोविन्द ठाकुर



**नेरचौक।** मिनी पंजाब के नाम से विख्यात बल्ह घाटी के पूरे उत्तरी भारत को टमाटर की सप्लाई देने के लिए 1200 हेक्टर भूमि में टमाटर की फसल लग रही है बल्ह घाटी का टमाटर दिल्ली हरियाणा पंजाब जम्मू कश्मीर के अलावा मध्य प्रदेश और राजस्थान तक जाता है बल्ह घाटी का लाल सोना यानी टमाटर जून जुलाई के महीने में में पूरी तरह से बाजार में आ जाता है पिछली वर्ष टमाटर का अधिकतम दम 5000 कैरट तक मिलने के कारण किसानों ने 700 करोड़ से अधिक का कार्य किया है।

दो दर्जन से अधिक बल्ह घाटी के किसानों ने करोड़ से अधिक का धंधा किया है। टमाटर के चोखे दाम मिलने के चलते इस वर्ष 2000 हेक्टर भूमि में अधिक टमाटर की फसल लगाकर किसानों ने जुआ खेला है। चार महीने की नकदी फसल से बल्ह के किसान हर साल 700 करोड़ से अधिक की कमाई करते हैं। बल्ह में टमाटर के अलग-अलग किस्मों की खेती होती है। स्काटा-4223 , लाल सोना, रॉयल, पानी-1263, अंसल, अभिमन्यु, गोल्डन-1247, कलर्स-816, बंटू, रिजवान- 444 अवतार 1711 स्‍ 920 किस्म के टमाटर का बीज खेतों में रोपा जा चुका है। इन पौधों को बांस के डंडों से सहारा देने का काम जोरों पर है। टमाटर के छोटे पौधे के साथ ही बांस की डंडियां लगानी पड़ती हैं। टमाटर का पौधा इसके ऊपर चढ़ जाता है और टमाटर की फसल खराब होने का डर नहीं रहता है।

**टमाटर की खेती**

माटर की फसल जुए के समान है। टमाटर का 1 कैरेट 50 से लेकर 500हृ रुपये तक भी बिक जाता है। यदि बाहरी राज्यों में टमाटर की पैदावार कम होती है तो यहां के किसान मालामाल हो जाते हैं। दूसरे राज्यों में अच्छी पैदावार से यहां के किसान को घाटा सहना पड़ता है।


**बांस की खेती को भी मिला बढ़ावा**

टमाटर की फसल से जहां किसान मालामाल हो रहे हैं वहीं बांस की बिक्री भी एकाएक बढ़ गई है। इससे बांस उत्पादन और बांस मालिकों को भी खूब मुनाफा हो रहा है। टमाटर का पौधा जैसे ही छोटा होता है उसको सपोर्ट देने के लिए बांस की डंडियां खेतों में गाड़ी जाती हैं। ऐसे में बांस की बहुत ज्यादा डिमांड होती है। आजकल एक जीप जिसमें 650 डंडे होते हैं वह 8,500 रुपये की मिल रही है। कृषि विशेषज्ञ चौधरी राम ने बताया बल्ह घाटी में 1,000 हेक्टर भूमि टमाटर की फसल बिजी जाती थी इस वर्ष 1200 हेक्टर भूमि में अधिक में टमाटर की फसल उगाई जा रही है। किसानों से आग्रह है कि वे ऑर्गेनिक खेती की तरफ अधिक ध्यान दें।




# वोटरों को लुभाने के साथ जीत के दावे कर रहे कांग्रेस–भाजपा के नेता

अर्थ प्रकाश /संदीप उपाध्याय



**शिमला।** अब समय वोटरों को अंतिम निर्णय लेने का आ गया है। शनिवार सुबह 7 बजे से वोटर अपने निर्णय के आधार पर मतदान करेंगे। कांग्रेस-भाजपा के नेता जीत के दावे के साथ वोटरों को अंतिम संदेश देकर लुभाने का प्रयास कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने मतदान के पहले वोटरों के नाम अपने संदेश में कहा कि यह चुनाव ईमानदारी और बेईमानी, सत्य और असत्य के बीच का है। आप ईमानदारी के साथ चलिए। सुक्खू ने दावा किया कि सत्य की जीत होगी। वहीं मुख्यमंत्री ने वोटरों को संदेश दिया है कि वह लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए वोट अवश्य डालें।



भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष राजीव बिंदल ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा की सर्जिकल स्ट्राइक के सबूत मांगने वाले कांग्रेस ने खुद सेना की कभी परवाह नहीं की। उसकी जरूरतों को भी अवैध कमाई का जरिया बनाया और सरकारी खजाने को खाली कर दिया। बिंदल ने कांग्रेस व इंडी गठबंधन पर जमकर निशाना साधा। कहा, कांग्रेस ने सेना को कमजोर करने का काम किया। तेजस लड़ाकू विमानों की खरीद को बरसों लटकाए रखा। इन लोगों ने जनरल विपिन रावत को गली का गुंडा कहा था, जो कि देश के वीरों समेत पूरी सेना का अपमान था। ऐसी सरकार को देश कभी माफ नहीं कर सकता। सेना को युद्ध के लिए तैयार किया जाता है, न कि उसके नाम पर राजनीति की जाती है।



कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने जनता से अपील की है कि वह प्रदेश के विकास के लिए कांग्रेस को वोट दें। कांग्रेस ही देश में विकास कर सकती है और आम आदमी को न्याय दे सकती है। प्रतिभा सिंह ने मतदाताओं से अपील की है कि वह वोट अवश्य करें और लोकतंत्र को मजबूत करें। इस तरह मतदान की पूर्व संध्या पर कांग्रेस भाजपा के नेताओं ने वोटरों को लुभाने का प्रयास अवश्य किया। सभी नेता आज डोर टू डोर प्रचार कर अंतिम संदेश दे रहे थे।



पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा कि इस बार पूरा देश विकास को मोदी की रफ़्तार देने के लिए मतदान करेगा। जिससे देश में बुनियादी ढांचा और मज़बूत हो सके। देश में और ज़्यादा सड़क, स्कूल, कॉलेज,अस्पताल खुल सकें। इस बार हिमाचल के लोग प्रदेश में स्कूल, अस्पताल और जनहित के संस्थानों पर ताला लगाने वाली तालेबाज़ सरकार पर भी ताला लगाने के लिए उपचुनाव में भाजपा के छह प्रत्याशियों को भारी मतों से विजयी बनाएंगे। उन्होंने सभी प्रदेशवासियों से अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने का आग्रह करते हुए कहा कि चुनाव में लोकतंत्र के मूल्य तभी मज़बूत होंगे जब सभी की चुनाव में भागीदारी होगी, इसके लिए सभी पहले मतदान फिर जलपान के लक्ष्य के साथ बूथ पर जाएं और साथ के लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। वह मतदान के एक दिन पहले अपने विधान सभाक्षेत्र सिराज के विभिन्न भागों में जाकर मतदान के लिए अपील की।

## राममंदिर पर बुलडोज़र चलाने वाली कांग्रेस को जनता देगी वोट की चोट : अनुराग ठाकुर



भाजपा का दूसरा नाम विकास है और विकास का दूसरा नाम भाजपा है। आप पुनः भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाएं और भर-भर कर विकास पाएं : अनुराग

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**हमीरपुर।** अनुराग ठाकुर ने कहा कि जिस उत्तर प्रदेश ने कांग्रेस पार्टी के कई प्रधानमंत्री देश को दिए, उस उत्तर प्रदेश के रायबरेली और अमेठी तक में लोग झुग्गी झोपड़ियों में रहने को मजबूर थे। लेकिन आज प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी की डबल इंजन की सरकार में उत्तर प्रदेश प्रगति के पथ पर अग्रसर है। आज योगी जी ने उत्तर प्रदेश को अपराध मुक्त, माफिया मुक्त व दंगा मुक्त करने का काम किया है। आज भाजपा के शासन में उत्तर प्रदेश, उत्तम प्रदेश बना है। योगी जी के संबोधन से हमीरपुर लोकसभा समेत पूरे हिमाचल का कार्यकर्ता अत्यंत उत्साहित व ऊर्जावान महसूस कर रहा है। जनता के अपार स्नेह आशीर्वाद, कार्यकर्ताओं की मेहनत व मोदी जी की गारंटी के बलबूते हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र इस बार प्रचंड विजय का इतिहास रचेगा।

हमने विकास और विरासत को सहेजने के साथ ही हमने दिव्य-भव्य राम मंदिर के रूप में 500 वर्षों की प्रतीक्षा को भी ख़त्म करने का काम किया है। लेकिन कांग्रेस के ये नेता राम मंदिर को क्यों गिराना चाहते हैं? ये राममंदिर पर बुलडोज़र क्यों चलवाना चाहते हैं? जो भी लोग ये सोचते हैं कि वे राम मंदिर पर बुलडोजर चला सकते हैं, उनको पहले राम भक्तों का सामना करना होगा और राम भक्तों पर हमला करना होगाआखिर क्यों ये लोग भगवान राम को काल्पनिक कहते हैं. क्यों ये लोग हिंदू धर्म का अपमान करते हैं. राम और राममंदिर से नफ़रत करने वाले कांग्रेसी नेताओं को जनता वोट की चोट से चारों खाने चित्त करेगी।

श्री अनुराग ठाकुर ने आगे कहा कि आज चुनाव परिणाम से पहले हीं कांग्रेस पार्टी हार मान चुकी है इसलिए वह कभी ईवीएम तो कभी इलेक्शन कमीशन तो कभी कुछ और पर ठीकरा फोड़ने की तैयारी कर रहे हैं। कांग्रेस की देश विरोधी नीतियों का आलम यह है कि आज उन्हें समर्थन भारत से नहीं बल्कि पाकिस्तान से मिल रहा है। विदेशी ताक़तें कांग्रेस से अपनी उम्मीदें लगाए बैठी हैं लेकिन भारतीय जनता अब कांग्रेस के हाथों में देश कभी नहीं देगी। यह वही कांग्रेस है जो सैन्य खरीद में भी भ्रष्टाचार करती है। यह वही कांग्रेस है जो सेना को कमजोर बनाना चाहती है। यह वही कांग्रेस है जो सेना के पराक्रम पर सवाल उठाती है और कसाब जैसे आतंकवादी के पकड़े जाने के बाद भी पाकिस्तान पर कोई कार्रवाई नहीं करती है। कांग्रेस जनता के बीच अपनी विध्वसनीयता खो चुकी है इसलिए आज इनके नेता कार्यकर्ता सब हताश और निराशा हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### शमरोड़ सीसे स्कूल में बच्चों को बताए तंबाकू के खतरे

**सोलन (अप्रस)।** सोलन के सीनियर सेकंडरी स्कूल शमरोड़ विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर सोलन के पूर्व सीएमओ डॉ. एसपी सिंह ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस मौके पर हैल्पेज इंडिया टीम के एसपीओ मनोज राज वर्मा ने बच्चों को तंबाकू के दुष्प्रभाव के बारे में अवगत करवाया। इको क्लब वालंटियर द्वारा नशे के कहर पर एक प्रस्तुति देकर तालियां बटोरी। इस मौके पर बोलते हुए डॉ. एसपी सिंह ने बताया कि तंबाकू का सेवन सेहत को कई तरह के नुकसान पहुंचा सकता है। इससे मानसिक स्वास्थ्य भी प्रभावित हो सकता है। धूम्रपान से शरीर में रिलीज होने वाले हार्मोन स्ट्रेस लेवल बढ़ाने का काम करते हैं। तंबाकू के इस्तेमाल से हृदय रोग, कैंसर, फेफड़ों की बीमारी और स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है। स्कूल की प्रिंसिपल पूनम कालटा ने बच्चों को किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि हर साल 31 मई को 'विश्व तंबाकू निषेध दिवस' मनाया जाता है।

### आग की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत

**बिलासपुर (अप्रस)।** बिलासपुर जिला के स्वारघाट क्षेत्र से अग्निकांड में एक 64 वर्षीय बुजुर्ग की मौत का समाचार सामने आया है। जानकारी के अनुसार स्वाहन्ब के साथ लगते मोड़ू निवासी बच्चन सिंह 64 वर्ष अपने खेतों में घासफूस झाडियों को जला रहा था । जहां पर बच्चन सिंह अचानक आग की चपेट में आ गया। जैसे ही इसके परिजनों को इस बात का पता चला तो उन्होंने बच्चन सिंह को उपचार के लिए एम्स कोठीपुरा पहुंचाया। जहां पर इसकी मृत्यु हो गई है। वहीं, पुलिस ने शव का पोस्ट मार्टम करवाकर परिजनों के हवाले कर दिया हैं । तथा मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। गौरतलब है कि गत 29 मई को भराडी उप तहसील के तहत समलाह गांव में भी एक 88 वर्षीय बुर्जग की भी खेतों में घासफूस झाडियों को आग लगाते समय आग की चपेट में आने से मौत हो गई थी। इस माह में आग की चपेट में आने से मौत होने का यह दूसरा मामला है। उधर, डीएसपी जिला मुख्यालय एवं पुलिस प्रवक्ता मदन धीमान ने मामले की पुष्टि की है। उधर , जिला प्रशासन की ओर से मृतक के परिजनों को फौरी राहत के तौर पर रु20000 दिए गए हैं।

### पोलिंग पार्टियां अपने गंतव्य को रवाना

**ऊना (रोहित शर्मा)।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने बताया कि शनिवार पहली जून 2024 को ऊना जिले में लोकसभा और दो विधानसभा उप चुनावों में होने वाले मतदान के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। जिला के सभी विधानसभा क्षेत्रों के लिए संबंधित मतदान पार्टियां आज शुक्रवार 31 मई को अपने गंतव्य के लिए रवाना हुई। बता दें, जिले में 2482 मतदान कर्मी मतदान प्रक्रिया सम्पन्न कराएंगे। वहीं सुरक्षा की दृष्टि से 1207 पुलिस जवान मतदान केंद्रों पर तैनात रहेंगे।

## देश की एकता, अखंडता के लिए प्रधानमंत्री मोदी का नेतृत्व आवश्यक : कंगना

अर्थ प्रकाश /राजन पुंछी



**मंडी।** कांग्रेस ने हमेशा देश को तोड़ने का काम किया है और यह बात किसी से छुपी नहीं है । मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत ने प्रेस को जारी ब्यान में कहा कि कांग्रेस की नीतियां सदैव ही देश को कमजोर करने की रही है चाहे वो आंतरिक तौर पर हो ना बाह्य तौर पर हो। स्वतंत्रता मिलने के बाद से ही कांग्रेस का शासन रहा है और ये जग जाहिर बात है की कैसे हर बार कांग्रेसी नेताओ ने देश की संप्रभुता को तोड़ने के कार्य किए है। उन्होंने कहा कि शुरुआत से ही कांग्रेस ने एक खास वर्ग का लालन पोषण किया है जिसके चलते हमारे हिंदू भाइयों व बहनों को हक उनसे छीन कर बिना किसी को भनक लगवाएं उस खास वर्ग में बांटे गए हैं। लेकिन क्या ये कोई पहली बार है जब ऐसा किया है कांग्रेस ने? तो इसका सीधा सीधा जवाब है नहीं। कांग्रेस से शुरुआत से ही ये फितरत रही है की गरीब और लाचार हिंदुओ का हक अपने वोटबैंक के नाम करना। उन्होंने कहा कि आज ये इंडी गठबंधन देश को लोकतंत्र का हवाला लेकर वोट मांग रहा है । इनका कहना है की ये चुनाव संविधान को बचाने का चुनाव है लेकिन कोई इनसे पूछे की बाबा भीम राव अंबेडकर के दिए संविधान से आज तक खिलवाड़ कौन करता आया है?

दलितों और पिछड़े वर्गों का आरक्षण छीन कर घुसपैठियों में बांट दिया ताकि इनका वोटबैंक मजबूत हो और जब प्रधानमंत्री मोदी ने इनके काले धंधे से पर्दा हटाया तो अब उन्हीं को खरी खोटी सुना रहे हैं । इनकी बौखलहाट का जवाब इन्हें अब जनता देगी क्यूंकि जनता जानती है कि मोदी है तो विकास मुमकिन है।

## इस बार सोच समझकर मताधिकार का प्रयोग करे जनता : रायजादा

अर्थ प्रकाश /रोहित शर्मा



**ऊना।** संसदीय सीट हमीरपुर से कांग्रेस के प्रत्याशी सतपाल सिंह रायजादा ने जनता से आग्रह किया है कि मतदान के इस पर्व में सभी मतदाता बढ़चढ़ कर हिस्सा लें और अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि संसदीय क्षेत्र की जनता इस बार सोच समझ कर अपने मताधिकार कर प्रयोग करे। पिछले कई वर्षों से संसदीय क्षेत्र में कोई विकास नहीं हुआ है और सांसद खुद भी कभी कभार ही संसदीय क्षेत्र में नजर आए हैं। आपदा के समय भी वह यहां से गायब रहे और आपदा राशि भी वह नहीं दिलवा पाए हैं। न ही अग्निवीर योजना के खिलाफ कुछ बोला है। यहां तक की अपने गृह जिला में रेल लाइन तक नहीं पहुंच पाई है और टोणी देवी के दरकोटी में केंद्रीय विद्यालय बनाने का सपना दिखाते रहे हैं। उनके गृह क्षेत्र में एनएच. से प्रभावित लोगों को उन्होंने अपने हाल पर छोड दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी विधानसभा क्षेत्र में वह कोई स्टेडियम तक नहीं बनवा पाए हैं। ऐसे में जनता अब एक बार कांग्रेस को मौका दे ताकि मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री के साथ मिलकर संसदीय क्षेत्र का विकास हो सके और दिल्ली की संसद में हिमाचल की आवाज उठाई जा सके।

## हरित मतदान केंद्र मतदाताओं के लिए बनेंगे आकर्षण का केंद्र

### जिला के दस मतदान केंद्रों में बिखरेगी हरे रंग की छटा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**मंडी।** ग्रीन मतदान केंद्र न केवल मतदाताओं को आकर्षित करेंगे बल्कि मतदाताओं को पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी देगें। यह जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी अपूर्व देवगन ने देते हुए बताया कि इससे मतदाताओं की चुनावों में शत प्रतिशत भागीदारी भी सुनिश्चित होगी।

उन्होंने बताया कि मंडी जिला के 10 विधानसभा क्षेत्र में एक-एक पर्यावरण अनुकूल ग्रीन मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि मतदान केंद्र ''वन हैं तो हम हैं'' तथा मतदाता लोकतंत्र के 'प्राण वायु' थीम पर स्थापित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि मतदान केंद्रों को पर्यावरण के अनुकूल सामग्रियों से सुसज्जित किया गया है। बताया कि हरित मतदान केंद्रों में किसी भी प्रकार के प्लास्टिक का प्रयोग नहीं किया गया है।

उन्होंने बताया कि हरित मतदान केंद्र को स्थापित करने का मुख्य उद्देश्य मतदाताओं को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना तथा अधिक से अधिक लोगों को मतदान हेतु आकर्षित करना है।

उन्होंने बताया कि मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की सुविधा के लिए मिट्टी के घड़े तथा गिलास की व्यवस्था भी होगी ताकि मतदाताओं को प्राकृतिक ठंडा पेयजल उपलब्ध हो सके। इसके अतिरिक्त मतदाताओं के स्वागत के लिए हरे पत्तों के स्वागत द्वार, ग्रीन कारपेट के अतिरिक्त दोनों तरफ फूल पौधे भी रखे गए हैं। वहीं मतदान केंद्रों पर पर्यावरण संरक्षण हेतु जागरूकता पैदा करने के लिए दीवारों पर हरे रंग से क्लीन अर्थ, ग्रीन अर्थ के संदेश भी अंकित किए गए हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि ग्रीन मतदान केंद्र करसोग विधानसभा क्षेत्र के 102-सेरी बंगलों, सुन्दरनगर विधानसभा क्षेत्र के 22-बनायक, द्रंग विधानसभा क्षेत्र के 88-बागी, सरकाघाट के 31-मसेरन, नाचन विधानसभा क्षेत्र के 79-देवीदढ़, सराज विधानसभा क्षेत्र के 19-केलोधार, जोगिन्द्रनगर विधानसभा क्षेत्र के 95-शानन, बल्ह विधानसभा क्षेत्र 47-गलमा-1, सदर विधानसभा क्षेत्र 106-कोट तथा धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र के 98-बरोटी मतदान केंद्र में स्थापित किए गए हैं।

उन्होंने बताया कि मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के लिए विभिन्न प्रकार की सभी सुविधाएं प्रदान करने की व्यवस्था की गई हैं ताकि मतदाताओं को किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े।

उन्होंने जिला के सभी मतदाताओं से लोकतंत्र के इस पर्व में अधिक से अधिक संख्या में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की है।

# अब अलग बूथों पर मतदान कर सकेंगे वार्ड-1 व दो के लोग

चुनाव आयोग ने बढ़ाई दून में मतदान केंद्रो की संख्या

बददी शहर बूथ नहीं लगेंगी अब लंबी लंबी कतारें, महिला- बुजुर्गों को राहत

डा. रणेश राणा की मेहतन से बददी बूथ को तोडकर बना बददी-3 के नाम से नया मतदान केंद्र

अर्थ प्रकाश /संजीव शर्मा



**बददी।** बददी शहरी बूथ में अब मतदान करने के लिए लंबी लंबी कतारों में नहीं लगना पड़ेगा। बददी शहरी का मतदान केंद्र जिसमें नगर परिषद के वार्ड 1 व वार्ड 2 का हिस्सा आता था दून विधानसभा का सबसे बडा बूथ था जिसमें 1485 के लगभग वोटें थी। इस बूथ पर सुबह से मतदान की कतारें लग जाती थी और एक मशीन होने के कारण मतदान समय समाप्त होने के बाद भी वोटें डलती रहती थी। इसमें महिलाओं व बुजुर्गों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता था। 2022 के विधानसभा चुनावों में इस मुदद को चुनाव आयोग भांप नहीं पाया कि एक मशीन से इतने मतदाता भुगताए नहीं जा सकते और विभाग ने मतदान को प्रेरित तो किया लेकिन वो जी का जंजाल बन गया। इसके बाद इस मुददे को हिमालया जनकल्याण समिति के अध्यक्ष डा. रणेश राणा ने जिला निर्वाचन अधिकारी के पास प्रमुखता से उठाया। विभाग ने उनकी दलीलों से सहमति जताते हुए बददी शहर में नया बूथ ईजाद करने की रिपोर्ट उपमंडल निर्वाचन अधिकारी (एसडीएम नालागढ़) से मांगी। उसके बाद डा रणेश राणा ने एसडीएम नालागढ़ दिव्यांशु सिंघल से सारा मसला उठाया और नए बूथ को इजाद करने की जरुरत को समय की जरुरत बताया। उसके बाद तमाम दस्तावेजों को पूर्ण करने के बाद नालागढ़ निर्वाचन अधिकारी ने जिलाधीश सोलन ने दून विधानसभा के बददी में नया बूथ बनाने की स्वीकृति दी। वर्तमान बूथ पर मतदाताओं की संख्या बहुत ज्यादा होने से अब बददी के लोगों को लोकसभा चुनाव में आराम से व लंबी कतारों में न लगकर वोट डालने की सहूलियत मिलेगी।

### पहले भी बनवा चुके दो बूथ

सामाजिक कार्यकर्ता डा. रणेश राणा इससे पहले दो बूथ बनवा चुके हैं। इसमें बददी के लोगों को शीतलपुर नदिया पार करके वोट देने जाना पड़त था। उस शहरी बूथ को गांव से निकाल कर बददी स्कूल में नया बूथ बनवाया गया। इसी तरह हाऊसिंग बोर्ड फेस दो के लोगों को वोट के लिए गुल्लरवाला कडूआना बूथ जाना पड़ता था। डा रणेश राणा ने प्रदेश सरकार से पत्राचार कर हिमुडा कालोनी फेस वन के दफतर में शहरी लोगों के लिए नया बूथ बनाने में अहम भूमिका निभाई थी।

### बददी-1 में हैं 709 वोट

बददी-1 बूथ मतदान केंद्र 80 में अब 709 वोटें बची है जिसमें से 21 की मृत्यु हो चुकी है और 30 लोग अन्य स्थानों पर स्थानांतरित हो चुके हैं। इस बूथ में नगर परिषद के बस स्टैंड, शिव मंदिर , महाजन गली को शामिल किया गया है।

**बददी-3 नाम से बना नया बूथ-बीएलओ :** बीएलओ मधु कौशल ने बताया कि सरकार ने बडे बूथ को तोडकर मतदान केंद्र 82 पर बददी-3 नाम से नया बूथ बनाया है जिमसें 803 वोटे हैं और इसमें से 5 की मृत्यु हो चुकी है और 41 मतदाता यहां से शिफट हो चुके हैं जिनकी पर्चियां निर्वाचन अधिकारी के पास जमा करवा दी है। अब सीधे सीधे इस नए बने मतदान केंद्र संख्या 82 बूथ पर 757 पात्र मतदाता ही बचे हैं। बददी-3 बूथ में दलित और राजपूत बस्ती को शामिल किया गया है

## मोदी राज में भाजपा ने अनुसूचित समाज के हितों की रक्षा की: सिकंदर कुमार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश से राजसभा सांसद श्री सिकंदर कुमार ने आज कहा कि मोदी जी के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी की सरकार में आजादी के बाद पहली बार एससी और एसटी समुदाय को उनका सही हक और सम्मान मिला है जिससे प्रसन्न होकर हमारे एससी और एसटी भाई बहन आज पूरी तरह से मोदी जी और भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में आ गए हैं। कांग्रेस ने आजादी से लेकर आज तक एससी और एसटी को सिर्फ छलने का काम किया है और मात्र वोट बैंक के रूप में देखा है।

श्री सिकंदर कुमार ने कहा, 'पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ हमारे एससी एसटी भाइयों बहनों को मिला है। मोदी जी ने उनके जीवन में बेहद सार्थक बदलाव लाए हैं। कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में एससी समाज कल्याण के लिए प्रतिवर्ष मात्र रु 40 हजार करोड़ का बजट आवंटित किया जाता था। आज, भाजपा सरकार में एससी समुदाय के कल्याण का बजट रु1 लाख 40 हजार करोड़ से अधिक है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, सामाजिक न्याय मंत्रालय के बजट में अनुसूचित जातियों पर विशेष ध्यान देने के साथ 90 प्रतिशत की पर्याप्त वृद्धि देखी गई है। कांग्रेस ने सदा अनुसूचित जाति का हक़ मारा और उन्हें हाशिए पर धकेलने का काम किया। आज एससी समाज का कांग्रेस से पूरी तरह मोहभंग हो चुका है और हर दिन सैकड़ों एससी परिवार भाजपा से जुड़ रहे हैं।'

श्री सिकंदर कुमार ने कहा कि आज कांग्रेस वाले अपनी स्पष्ट हार को देखते हुए संविधान का नाम लेकर झूठ और भ्रम फैला रहे हैं। लेकिन सच्चाई ये है की कांग्रेस ने हमेशा भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के योगदान को कम करके आंका है। कांग्रेस ने तो संविधान सभा के लिए बीआर अंबेडकर के चुनाव का भी विरोध किया था। इतिहास में दर्ज है कि कांग्रेस के दौर में संसद के अंदर बीआर अंबेडकर जी की तस्वीर लगाने के लिए भी जगह की कमी हो गई थी। जवाहर लाल नेहरू और इंदिरा गांधी ने खुद को भारत रत्न से सम्मानित किया, लेकिन बीआर अंबेडकर जी को उनके निधन के बाद भी भारत रत्न नहीं दिया।÷

श्री सिकंदर कुमार ने आगे कहा, 'बाबा साहेब अंबेडकर जी को भारत रत्न से तब सम्मानित किया गया जब जनता दल की सरकार भाजपा के समर्थन से सत्ता में थी। आज मोदी जी ने बाबा साहब को उनका उचित सम्मान दिया है। मोदी जी ने मऊ, नागपुर, मुंबई, दिल्ली और लंदन में पंच तीर्थ का निर्माण किया, संविधान दिवस मनाना शुरू किया और उनकी जयंती पर राष्ट्रीय अवकाश घोषित किया।'

श्री सिकंदर कुमार ने आगे बताया कि भारतीय जनता पार्टी हिमाचल में भी एससी समुदाय के उत्थान के लिए दशकों से कार्य करती आ रही है। '1998 में जब भारतीय जनता पार्टी की प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल जी के नेतृत्व में सरकार बनी तब उस समय अनुसूचित जाति उप योजना का बजट मात्र 11 प्रतिशत था जबकि अनुसूचित जाति की जनसंख्या 25 प्रतिशत थी।







पहली मंजिल पर लगे इलेक्ट्रिकल पैनल में लगी आग से फैला धुआं

# कम्पयूटर इंस्टीट्यूट में आग लगने से 20 बच्चे टॉप फ्लोर पर फंसे

दमकल कर्मियों ने शोरूम की खिड़कियां तोडड़र बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला

शहर में स्कूल बंद होने के बावजूद इंस्टीट्यूट खुले, दमकल विभाग करेगा



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** सेक्टर 16 स्थित कम्पयूटर हाट्रेन इंस्टीट्यूट की बिल्डिंग में पहली मंजिल पर इलेक्ट्रिकल पैनल में आग लगने के कारण करीब 30 बच्चों की जान पर बन आई। गनीमत यह रही कि दमकल कर्मचारियों की मुस्तैदी के चलते आग पर तुरंत काबू पाकर बच्चों को सीढ़ी से सुरक्षित नीचे उतार लिया गया। दरअसल, शुक्रवार की दोपहर 12.11 बजे दमकल कार्यालय को घटना की सूचना मिली। तभी मौके पर दो फायर टेंडर मौके पर रवाना किए गए। जिस समय यह हादसा हुआ तब करीब 20 बच्चे शोरूम के टॉप पर बने हाट्रेन इंस्टीट्यूट में कोचिंग ले रहे थे। इस बीच पहली मंजिल पर सीढियों में लगे इलेक्ट्रिकल पैनल में अचानक शार्टसर्किट होने से चिंगारियां निकलते ही धुआं और आग फैल गई। धुआं पहली मंजिल से दूसरी मंजिल पर पहुंचने में देर नहीं लगी और बच्चों में हाहाकार मच गया। सीढ़ियों से सटे इस बॉक्स में आग की लपटों में घिरा लकड़ी का बॉक्स जल कर नष्ट हो गया। जिससे आग भडने के बाद दरवाजों तक फैल गई। शोरूम में पहली मंजिल पर भी लोग थे। पिछली तरफ से खिड़की में से बच्चों ने मदद के चिल्लाना शुरू कर दिया। यह देखकर देखकर लोग भी भारी संख्या में उनकी मदद के लिए दौड़े और देखते ही देखते इंस्टीटयूट के बाहर भारी संख्या में लोग जुटना शुरू हो गए। हालांकि आग पर काबू पाने के लिए रेत भी फेंका गया लेकिन यह कोशिश नाकाम रही। सेक्टर-16 के चौंकी इंचार्ज प्रितम सिंह ने बहादुरी का परिचय दिया।

दमकल विभाग के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंच कर सबसे पहले पहली और दूसरी मंजिल के शीशे तोड़े और फिर अंदर दाखिल हुए। इसके बाद इलेक्ट्रिकल पैनल के नजदीक पहुंच कर आग पर काबू पाया गया। तब तक दूसरी तरफ पीछे और आगे सीढ़ी लगा कर बच्चों को सुरक्षित नीचे लाया गया। जिला दमकल अधिकारी तरसेम राणा समेत अन्य दमकल कर्मचारियों ने आग से हुए नुकसान का जायजा लिया।

उन्होंने बताया कि इलेक्ट्रिकल पैनल में आग होने की वजह से धुआं सीढ़ियों में भर गया और यही धुआं ऊपर दूसरी मंजिल पर पहुंचा तब खिड़कियों के शीशे तोड़कर कर्मचारियों ने बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला। इस बीच इंस्टीट्यूट के स्टॉफ ने रेत डाल कर आग को काबू करने का भी प्रयास किया मगर वे असफल रहे। कुछ समय के बाद आग पर काबू पा लिया गया। इस घटना में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ और न ही किसी को चोट आई।

### स्कूल बंद तो कैसे चल रहे प्राइवेट इंस्टीट्यूट

सरकार की तरफ से हीट वेव को देखते हुए शहर के तमाम प्राइवेट, सरकारी और अर्ध सरकारी स्कूलों को बंद करने के आदेश जारी किए गए थे। लेकिन शहर में कितने ऐसे इंस्टीट्यूट हैं जहां बच्चे कोचिंग ले रहे हैं। सारा सारा दिन ये इंस्टीटयूट चल रहे हैं। सेक्टर 16 इंस्टीट्यूट में आग लगने के कारण बच्चों की जान को खतरा पैदा हो गया था। यदि आग भयंकर होती तब इसका नतीजा भी बुरा हो सकता था। शहर की बड़ी मार्केट में अधिकतर इंस्टीट्यूट चलाए जा रहे हैं।

### दमकल विभाग करेगा इंस्टीट्यूट का निरीक्षण

दमकल विभाग द्वारा प्राइवेट इंस्टीट्यूट में आग से निपटने के क्या प्रबंध किए गए हैं और शोरूमों में फायर एनओसी है या भी नहीं या एक्सपायर हो चुकी है इन सभी बिंदुओं पर दमकल विभाग कल से ही अपनी जांच शुरू कर देगा। यह जानकारी जिला दमकल अधिकारी तरसेम राणा ने दी। उन्होंने कहा कि जिला में सरकार द्वारा भीषण गर्मी में स्कूलों को बंद कर दिया गया। बकायदा हरियाणा सरकार की तरफ से आदेश जारी किए गए हैं मगर बच्चों को बुला कर ना सिर्फ हीट वेव के खतरे में डाला जा रहा है बल्कि इंस्टीट्यूट में आग लगने के कारण भी परेशानी पैदा हो सकती है, जिसमें बच्चे व स्टाफ दोनों के लिए मुसीबत खड़ी हो सकती है।

## डिलीवरी बॉय की बाइक को कार ने मारी टक्कर

**पंचकूला (अप्रस)।** सेक्टर 23 स्थित डंपिंग ग्राउंड के नजदीक एक कार ने बाइक पर जा रहे डिलीवरी बॉय को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में पीड़ित को अस्पताल में भर्ती करवाने की बजाए चालक कार समेत फरार हो गया। पिंजौर के मुकुल ने पुलिस को बताया कि वह जोमैटो पंचकूला में डिलिवरी का काम करता है। बीती 28 मई की रात करीब 11 15 बजे वह सेक्टर 20 से ऑर्डर लेकर सेक्टर 24, 25 के लिए निकला था। जब वह अपने मोटरसाइकिल पर डंपिंग ग्राउंड के नजदीक चौक सड़क पर पहुंचा एक कार चालक ने टक्कर मोटरसाइकिल के पीछे मार दी। वह मोटरसाइकिल समेत सड़क पर गिर कर जख्मी हो गया लेकिन वहां से फरार हो गया। मुकुल ने बताया कि आरोपी के फरार होने से पहले उसने कार का नंबर नोट किया जिसके बारे उसने पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने पीड़ित को अस्पताल में दाखिल करवा कर आरोपी कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी शिनाख्त की।

## न्यूज ब्रीफ

### 'लाइब्रेरी ऑन व्हील्स' मुहिम बच्चों की खुशी का ठिकाना नहीं



**कालका (जग्गी)।** सेंट विवेकानन्द मिलेनियम स्कूल के कक्षा छठी के परमार्थ सैनी के अभिभावकों की प्रसन्नता आज किसी से भी छिपी नहीं थी जब उन्होंने विद्यालय के 'लाइब्रेरी ऑन व्हील्स' मुहिम के माध्यम से अपने बच्चे के साथ किताबों को प्राप्त किया। 'नयी सोच – नए आयाम' के ध्येय से सदैव आगे बड़ते हुए विद्यालय ने वर्ष 2020 के कोरोना काल के दौरान 'लाइब्रेरी ऑन व्हील्स' का आगाज किया था। उस समय भी जब हम सभी अपने घरों में अनिश्चित रूप से बैठने के लिए मजबूर हो गए थे, तब विद्यालय के इस प्रयास ने बच्चों के मूल्यवान समय को पुस्तकों की अनोखी व ज्ञानवर्धक दुनिया से जोड़ दिया था। इस वर्ष भी, अधिक ग्रीष्मताप के कारण सरकार द्वारा विद्यालयों में ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित कर दिया गया है। बच्चों के लिए यह अवकाश वह स्वर्णिम समय होता है जब वे अपने आंतरिक गुणों को बखूबी निखार सकते हैं, और ऐसे में अगर उन्हें अपनी मनपसंद पुस्तकों का साथ मिल जाए तो सोने पे सुहागा वाली बात हो जाती है। 'लाइब्रेरी ऑन व्हील्स' मुहिम के तहत दिनांक 30 व 31 मई को विद्यालय द्वारा लाइब्रेरियन श्रीमती आँचल वर्मा, ज्योति शर्मा व सहायक वर्ग के सहयोग से कालका, पिंजौर, हिमशिखा, सीआरपीएफ, अमरावती, सूरजपुर, कालीमाता मंदिर, भूरियाँ, महादेव कॉलोनी आदि स्थानों पर बच्चों को पुस्तकें उपलब्ध कराई गई हैं। आज के इस डिजिटल समय में, जहां सभी सोशल मीडिया पर ही अपना कीमती समय बिताने का काम करते हैं और नतीजतन ऊटपटाँग सी जानकारियों से खुद को लबालब भर लेते हैं, ऐसे में 'लाइब्रेरी ऑन व्हील्स' का मंच इस समय का सही उपयोग करने के लिए एक उचित समाधान है। सभी बच्चे अपनी पसंद की पुस्तकों को पाकर बहुत खुश हैं। विद्यालय के छात्र निवेदिता शर्मा, निशि, राधिका, आतिफ, आयुष, वैभव, सुनिधि, सिमरप्रीत कौर व अन्य सभी अपनी खुशी व्यक्त करते हुए बताते हैं कि अचानक ग्रीष्मकालीन अवकाश की सूचना मिली तो मन में उदासी सी छा गई कि इस बार हम अपनी पसंदीदा पुस्तकें लाइब्रेरी से नहीं ले पाएंगे। परंतु अगले ही दिन जब 'लाइब्रेरी ऑन व्हील्स' का संदेश हमें मिला तो हम सभी की खुशी का ठिकाना नहीं रहा।

### 'स्वच्छता पखवाड़ा-2024' के तहत पौधारोपण



**चंडीगढ़ (सुशील सहगल)।** एनएचपीसी क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ में दिनांक 16 मई से 31 मई तक 'स्वच्छता पखवाडा –2024' का आयोजन किया जा रहा है। इस पखवाड़े के अंतर्गत आज 31 मई को स्वच्छ पर्यावरण एवं उसके संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए कार्यालय परिसर, सैक्टर 31 में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस अवसर पर श्रीमती रूबी रैना, महाप्रबंधक (विधि), श्री रजब हुसैन महाप्रबंधक (विद्युत), श्री संजय वर्मा महाप्रबंधक (वित्त), तथा क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ के अन्य कार्मिकों ने मिल कर क्षेत्रीय कार्यालय परिसर के आस पास के क्षेत्र मे पौधा रोपण किया व पर्यावरण संरक्षण करने की शपत ली।

## प्रियंका गांधी ने संतोष शर्मा के साथ ली सेल्फी



अर्थ प्रकाश /जग्गी

**कालका।** कालका क्षेत्र से वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री जिन्होंने लगभग अपना पूरा जीवन कांग्रेस पार्टी की सेवा में समर्पित किया है हरियाणा गोसेवा आयोग की पूर्व चेयरमैन संतोष शर्मा ने बताया कि वह सोलन में कांग्रेस प्रत्याशी विनोद सुल्तानपुरी के रोड शो में शिरकत करने के लिए गई थी। उन्होंने बताया कि रोड शो खत्म हुआ और वह पंचकूला आने के लिए जब सड़क पर खड़ी थी, तो अचानक उनके पास गाडियों काफिला रुका। वह उस समय अचंभित रह गई जब कार से प्रियंका गांधी अपनी गाड़ी में जब वहां से निकली तो उन्होंने जैसे ही संतोष शर्मा को वहां देखा तो तुरंत गाड़ी से उतर कर उन्हें गले से लगा लिया और पूरा मान-सम्मान दिया। जिसके बाद उन्होंने उसे मोबाइल दिया और खुद प्रियंका गांधी ने उनके साथ कर सेल्फी ली । संतोष शर्मा ने कहा कि वह गत 40 साल से कांग्रेस की सेवा कर रही हैं। उन्होंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि प्रियंका गांधी इनते करीब से उनसे मिलेंगी। जिसको लेकर संतोष शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हाई कमान और पदाधिकारी इसी तरह अपने हर कार्यकर्ता को मान सम्मान देते हैं जिससे प्रभावित होकर वह आज तक पार्टी की सच्ची सिपाही बनी हुई है कहा कि कांग्रेस हाई कमान की नजर में हर एक कार्यकर्ता उनके लिए विशेष है और पार्टी में प्रत्येक पदाधिकारी व कार्यकर्ता को भरपूर मान सम्मान दिया जाता है।

## नशीली दवाईयां का तस्कर गिरफ्तार, 6180 लोमोटिल बरामद, 4 दिन का पुलिस रिमांड



अर्थ प्रकाश /सुनील दत्त

पिंजौर। पुलिस प्रवक्ता नें जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस कमिश्नर शिबास कविराज के मार्गदर्शन में इन्चार्ज एंटी नारकोटिक्स सेल अजीत सिंह के नेतृत्व में उसकी टीम नें नशीली दवाईया की तस्करी में आरोपी को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार किये गये आरोपी की पहचान अमृत रावत पुत्र राजेश कुमार वासी धर्मपुर कालौनी कालका के रुप में हुई ।

जानकारी के मुताबिक कल दिनांक 30.05.2024 को एंटी नारकोटिक्स सेल को गुप्त सूचना मिली कि उपरोक्त व्यक्ति अमृत रावत पुत्र राजेश कुमार जो कि नशीली गोलिया की तस्करी का धंधा करता है जिस बारे सूचना प्राप्त करके पुलिस की टीम नें गुप्त सूचना के आधार पर रेलव अंडर ब्रिजके पास मौजूद थे तभी पुलिस के एक व्यक्ति कधों पर पिट्ट बैग लेकर आता दिखाई दिया । पुलिस ने सदिग्ध व्यक्ति को काबू करके पुछताछ की गई ।

## खेत में पानी दे रहे दो युवकों पर हमला कर किया जख्मी

**पंचकूला (अप्रस)।** रामगढ़ चौकी के अंतर्गत आने वाले गांव रत्तेवाली में दो युवकों पर कुछ हमलावरों ने लोहे की रॉड से हमला कर उन्हें बुरी तरह जख्मी कर दिया। यह वारदात तब हुई जब वे तड़के खेतों में पानी दे रहे थे। इस हमले में दोनों को गंभीर चोटें आई। चंडीमंदिर थाना पुलिस ने पीड़ित युवकों पर हमला करने वाले आरोपियों की शिनाख्त करते हुए उनके खिलाफ केस दर्ज कर पड़ताल शुरू कर दी।

बलराम ने पुलिस को बताया कि बीती 23 मई को सुबह 3 बजे अपने खतों में वह और विक्रम पानी लगा रहे थे। उस समय श्यामटू का रहने वाला मनीष कुमार उर्फ काला मारूति कार में वहां पहुंचा। उसके साथ कार में अन्य युवक भी सवार थे। उसने रास्ते से मोटरसाइकिल हटाने के लिए कहा तो उन्होंने हटा दी। इस पर उसने धमकी देते ही उस पर लोहे की रोड से हमला किया। बलराम ने आरोप लगाया कि आरोपियों के पास हथियार भी थे। आरोपियों ने उसके सिर पर रोड से वार किया तो सिर फट गया। हमले के कारण दोनों के हाथों पैरों और शरीर पर काफी चोटे लगी। विक्रम को भी रोड से मारा उसको भी अंदरूनी चोटे लगी। दोनों ने वहां से भाग कर अपनी जान बचाई। उसके बाद दोनों को सेक्टर 6 के जनरल अस्पताल में भर्ती करवाया।












# लोकसभा चुनाव : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 61 दिन में लगाया दोहरा शतक

सीएम योगी ने 204 चुनावी कार्यक्रम किए, 169 जनसभा, 15 प्रबुद्ध सम्मेलन और 13 रोड शो कर राजग प्रत्याशियों के लिए बहाया पसीना

उत्तर प्रदेश के 80 लोकसभा सीटों के साथ ही 12 राज्य व दो केंद्रशासित प्रदेशों में भी गए योगी

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कप्तान योगी आदित्यनाथ ने महज 61 दिन के भीतर 204 चुनावी कार्यक्रम किए। 27 मार्च को मथुरा से प्रबुद्ध सम्मेलन के जरिए भाजपा से मिले चुनावी दायित्व का आगाज करने वाले योगी आदित्यनाथ ने 169 जनसभा, 15 प्रबुद्ध सम्मेलन और 13 रोड शो कर राजग प्रत्याशियों के लिए पसीना बहाया। उत्तर प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ अपने राज्य की वाराणसी संसदीय सीट से सांसद व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा लखनऊ से सांसद-रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के नामांकन में भी शामिल हुए। मतदाताओं ने मोदी के सारथी योगी आदित्यनाथ पर यकीन किया, जिसका परिणाम रहा कि हर रैली में लाखों की संख्या में पहुंचे मतदाताओं ने उन्हें सिर आंखों पर बैठाया। यही नहीं, योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश के सभी 80 लोकसभा सीटों के साथ ही 12 राज्य व दो केंद्रशासित प्रदेशों में भी 'कमल के कमाल' की अपील की।

योगी ने की 169 जनसभा, 15 प्रबुद्ध सम्मेलन और 13 रोड शो योगी आदित्यनाथ ने 27 मार्च को ब्रज भूमि में हेमा मालिनी के पक्ष में प्रबुद्ध सम्मेलन कर चुनावी कार्यक्रम का आगाज किया। इसके बाद तापमान 47-48 भी पहुंचा तो भी योगी की इच्छाशक्ति को डिगा न सका। उत्तर प्रदेश से भाजपा, सुभासपा, रालोद व अपना दल एस के सभी प्रत्याशियों के लिए वोट मांगा। ढाई महीने के चुनावी कार्यक्रम में योगी आदित्यनाथ ने 61 दिन प्रचार किया। इस दौरान उन्होंने कुल 204 चुनावी कार्यक्रम किए। इनमें से 169 जनसभा, 15 प्रबुद्ध सम्मेलन, 13 रोड शो के अलावा अधिवक्ता सम्मेलन, नारी सम्मेलन, कार्यकर्ता सम्मेलन, लोकसभा संचालन समिति की बैठक, नामांकन समेत कई कार्यक्रमों में शिरकत की।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री स्मृति



ईरानी समेत कुल 12 केंद्रीय मंत्रियों के लिए योगी आदित्यनाथ ने यूपी में मोर्चा संभाला। इसके अलावा भाजपा के कई राष्ट्रीय पदाधिकारियों के पक्ष में भी उनकी लोकसभा सीटों पर प्रचार करने पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नामांकन के साथ ही अधिवक्ता सम्मेलन, लोकसभा संचालन समिति की बैठक, नारी वंदन संवाद, जनसभा समेत कई कार्यक्रमों का सीएम योगी ने नेतृत्व किया तो वहीं रक्षा मंत्री के नामांकन से लेकर जनसभा तक की कमान भी संभाली। वहीं यूपी की सीटों से सांसद व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, एसपी सिंह बघेल, भानु प्रताप सिंह वर्मा, पंकज चौधरी, महेंद्र नाथ पांडेय, अनुप्रिया पटेल, संजीव बालियान, साध्वी निरंजन ज्योति, अजय मिश्र टेनी, कौशल किशोर के पक्ष में भी योगी आदित्यनाथ ने यूपी के मुखिया के दायित्व का निर्वहन करते हुए कई रैलियां कीं। इसके अलावा भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार चाहर समेत कई राष्ट्रीय पदाधिकारियों के लिए भी योगी ने जनसमर्थन मांगा।

हर बार की तरह इस बार भी यूपी ही दिल्ली की जीत का बड़ा रास्ता तय करेगा। अबकी पार-400 पार का आधार यूपी ही बनेगा। इस आधार के मजबूत स्तंभ के रूप में योगी आदित्यनाथ ने नरेंद्र मोदी को तीसरी बार सत्ता दिलाने के लिए हर मुमकिन कदम उठाए। योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश के संभवतः ऐसे पहले मुख्यमंत्री होंगे, जो लगभग तीन-चार महीने के भीतर हर जनपद में पहुंचते हैं। इस बार भी ढाई महीने के भीतर योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश की सभी 80 लोकसभा सीटों पर पहुंचे और कार्यकर्ताओं से यहां की विकास कार्यों की जानकारी भी ली। आमजन से योगी का यह संवाद यूपी में भाजपा की जीत का मार्ग प्रशस्त करने में बड़ी भूमिका का निर्वहन करता है।

### मुखिया के तौर पर नए प्रत्याशियों का भी हाथ थामे रखा

भारतीय जनता पार्टी ने कई सीटों से नए प्रत्याशियों को उत्तर प्रदेश के चुनावी रण में मैदान में उतारा। योगी आदित्यनाथ ने उनका भी हाथ थामते हुए धुआंधार रैली की। श्रावस्ती से साकेत मिश्र, कैसरगंज से करण भूषण शरण सिंह, घोसी से अरविंद राजभर, जौनपुर से कृपाशंकर सिंह, राबटर्सगंज से रिंकी कोल, पीलीभीत से जितिन प्रसाद, मैनपुरी से जयवीर सिंह, बरेली से छत्रपाल सिंह गंगवार, बदायूं से दुर्विजय सिंह शाक्य, मेरठ से अरुण गोविल, गाजियाबाद से अतुल गर्ग, हाथरस से अनूप प्रधान, फिरोजाबाद से विश्वदीप सिंह, कानपुर से रमेश अवस्थी, बहराइच से आनंद गोड़, बाराबंकी से राजरानी रावत, गाजीपुर से पारसनाथ राय, इलाहाबाद से नीरज त्रिपाठी, फूलपुर से प्रवीण पटेल, भदोही से विनोद बिंद, देवरिया से शशांक मणि त्रिपाठी, बलिया से नीरज शेखर सरीखे प्रत्याशियों के लिए भी योगी आदित्यनाथ ने खूब पसीना बहाया और रैली-जनसभा कर इन सदस्यों को सदन में भेजने की अपील की।

# मतगणना का कार्य बहुत जिम्मेदारी वाला लापरवाही की गुंजाइश नहीं : रणवीर सिंह



मतगणना को लेकर होडल के सहायक निर्वाचन अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ की बैठक

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ

**पलवल।** होडल उपमंडल के सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम रणवीर सिंह ने पलवल के डॉ. भीमराव अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय में 4 जून को होने वाली मतगणना को लेकर शुक्रवार को होडल में स्थित लघु सचिवालय के सभागार में सहायक अधिकारियों और कर्मचारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वह समय रहते मतगणना केंद्र पर बिजली और पानी की उचित व्यवस्था होना सुनिश्चित कर लें। इसके अलावा उन्होंने मतगणना के दिन मतगणना केंद्र में बेहतर साउंड सिस्टम की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतगणना केंद्र पर मोबाइल शौचालय आदि की भी व्यवस्था की जाए।

उन्होंने कहा कि लोकसभा आम चुनाव 2024 की 4 जून को होने वाली मतगणना को लेकर नियुक्त किए गए अधिकारियों और कर्मचारियों का कार्य बहुत ही जिम्मेदारी वाला है। इस कार्य में लापरवाही की कोई गुंजाइश नहीं है। इसलिए मतगणना के लिए नियुक्त किए गए सभी अधिकारी व कर्मचारी पूरी ईमानदारी और कर्तव्य निष्ठा के साथ अपने कार्य का निर्वहन करें। उन्होंने बताया कि होडल समेत जिला की तीनों विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना पलवल के डॉ. भीमराव अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय के भवन में करवाई जाएगी। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि चुनावी ड्यूटी में किसी भी स्तर पर कोई कमी न बरती जाए और मतगणना से संबंधित समस्त व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण कर ली जाएं।होडल स्थित लघु सचिवालय के सभागार में होडल उपमंडल के सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम रणवीर सिंह मतगणना की ड्यूटी से जुड़े अलग-अलग विभागों के सभी अधिकारी और कर्मचारी की बैठक ली

## अमृता विश्व विद्यापीठम ने फरीदाबाद परिसर में एआई व डेटा साइंस में बीटेक व एमटेक कोर्स शुरू

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ

**फरीदाबाद ।** अमृता विश्व विद्यापीठम ने अमृता अस्पताल, फरीदाबाद में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा साइंस में बीटेक और एमटेक कार्यक्रम शुरू करने की घोषणा की है, ये पाठ्यक्रम एआईसीटीई सरकार द्वारा अनुमोदित हैं। अमृता विश्व विद्यापीठम को 2023 नेशनल इंस्टीट्यूशन रैंकिंग फ्रेमवर्क में भारत में 7वां सर्वश्रेष्ठ समग्र विश्वविद्यालय का दर्जा दिया गया है। एआई और डेटा साइंस में नवीन कार्यक्रमों के बारे में बात करते हुए अमृता विश्व विद्यापीठम के स्कूल ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के डीन प्रोफेसर कमल बिजलानी कहा, ÷शिक्षा और उद्योग में एआई का महत्व लगातार बढ़ रहा है। बाजार में जेनरेटिव एआई और चैटजीपीटी (ओपनएआई, माइक्रोसॉफ्ट), जेमिनी (गूगल), लामा (मेटा) और अन्य जैसे मुफ्त एआई टूल के आने से जेनरेटिव एआई में ऊंचाई हासिल करने के लिए एआई प्रौद्योगिकी दिग्गजों के बीच लड़ाई तेज हो गई है। इस एआई औद्योगिक क्रांति में, प्रत्येक संगठन अपने निजी डेटा के आधार पर त्वरित सटीक उत्तर प्रदान करने के लिए एआई टूल का उपयोग करना चाहेगा।

## पांच साल का कार्यकाल पूरा करने पर मुख्यमंत्री जगन को दी बधाई

अर्थप्रकाश/बोम्मा रेड्डी

**विजयवाड़ा।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी को बधाई, जिन्होंने अपना पांच साल का कार्यकाल पूरा कर लिया है, यह उपलब्धि उनके दिवंगत पिता वाईएस राजशेखर रेड्डी (वाईएसआर) ने अपने कार्यकाल के दौरान हासिल की थी। हालांकि, उनके राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी तेलुगु देशम पार्टी के चंद्रबाबू नायडू को 2014 में चुने जाने पर एक अलग स्थिति का सामना करना पड़ा था।

जबकि नायडू ने 8 जून, 2014 को मुख्यमंत्री के रूप में कार्यभार संभाला था, उन्हें चुनावों में अपनी



पार्टी की हार के कारण 30 मई, 2019 को पांच साल का कार्यकाल समाप्त होने से आठ दिन पहले अपना पद छोड़ना पड़ा। रेड्डी पिता-पुत्र की जोड़ी के लिए ऐसा नहीं था, जिन्होंने दोनों ने अपना कार्यकाल पूरा किया।

नायडू का राजनीतिक सफर उतार-चढ़ाव भरा रहा है। 1995 में, उन्होंने अपने ससुर एनटी रामाराव को अपदस्थ कर दिया और मुख्यमंत्री बन गए। अक्टूबर 1999 में वे सत्ता में वापस लौटे, लेकिन 2003 में विधानसभा भंग कर दी, लेकिन मई 2004 में चुनावी हार के बाद उन्हें पद से हाथ धोना पड़ा।

वर्तमान मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी अपने पूर्ववर्तियों के बीच एक अद्वितीय राजनेता माने जाते हैं। सीएम जगन ने कठिन समय के दौरान अपनी वाईएसआर कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) की स्थापना की और कई कठिनाइयों का सामना किया। उल्लेखनीय रूप से, वाईएसआरसीपी ने उन नेताओं के निर्वाचन क्षेत्रों में हुए उपचुनावों में शानदार जीत हासिल की, जिन्होंने अवैध आरोपों में जेल में रहने के दौरान वाईएस जगन मोहन रेड्डी के समर्थन में इस्तीफा दे दिया था।

## यातायात नियमों का उल्लघंन करने पर 1041 वाहन के काटे चालान

अर्थ प्रकाश/ दयाराम वशिष्ठ

**फरीदाबाद।** यातायात नियमों का उल्लघंन करने वालों के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत शुक्रवार को 1041 वाहन चालकों के चालान काटे। इस दौरान यातायात पुलिस टीम ने ब्लैक फिल्म, विदाउट हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट, ओवर स्पीड, लेन चेंज, लाल एवं ब्लू लाइट के अनाधिकृत प्रयोग करने के अलावा प्रेशर हॉर्न आदि की जांच की। पुलिस की ओर से यह विशेष अभियान 28 मई से चलाया गया। इस दौरान न केवल वाहन चालको को जागरुक किया तथा नियमों की उल्लघं न करने वालों के चालान काट कर जुर्माना लगाया गया। पुलिस उपायुक्त यातायात उषा ने बताया कि इस अभियान के तहत पिछले 3 दिन में ब्लैक फिल्म के 64, विदाउट हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के 127, विदाउट नंबर प्लेट के 44, ओवर स्पीड के 374, लेन चेंज के 63, लाल व ब्लू बत्ती के अनाधिकृत प्रयोग के 02, प्रेशर हॉर्न के 19 चालान व इसके साथ ही ऑटो/रिक्शा चालाको के यूनिक कोड व विदाउट यूनिफॉर्म के 348 चालान कुल 1041 वाहन चालको के चालान कर जुर्माना लगाया गया है।

## 'फूली' के ट्रेलर ने इंडस्ट्री में तहलका मचा : अविनाश ध्यानी की बहुप्रतीक्षित फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होगी

**चंडीगढ़।** अभिनेता-निर्देशक अविनाश ध्यानी की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'फूली' के ट्रेलर ने फिल्म उद्योग के भीतर और फिल्म प्रेमियों के बीच एक रोमांचक हलचल पैदा कर दी है। अपनी रिलीज़ के बाद से, ट्रेलर ने व्यापक प्रशंसा और उत्साह प्राप्त किया है, जो एक सम्मोहक सिनेमाई अनुभव के आगमन का संकेत है।

7 जून, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए निर्धारित, 'फूली' एक मार्मिक कहानी होने का वादा करती है जो एक संगीत प्रेरक नाटक के लेंस के माध्यम से बाल शिक्षा की वकालत करती है। अविनाश ध्यानी द्वारा निर्देशित, जो फिल्म में एक जादूगर (जादूगर) की भूमिका भी निभाते हैं, 'फूली' में रिया बलूनी मुख्य भूमिका में हैं, उनके साथ सुरुचि सकलानी, प्रिंस जुयाल, ऋषि राज भट्ट, संजय अग्रवाल जैसे प्रतिभाशाली कलाकार हैं। विजय भट्ट, और भगत सिंह गुसाई।

ट्रेलर दर्शकों को फूली से परिचित कराता है, जो एक युवा लड़की है जो अपनी शैक्षिक यात्रा में बाधा डालने वाली प्रतिकूलताओं का सामना करने के बावजूद अपने सपनों को पूरा करने की उत्कट इच्छा से प्रेरित है। रहस्यमय 'जादूगर' में प्रवेश करें, जो फूली के लिए प्रोत्साहन का प्रतीक बन जाता है, चुनौतियों के माध्यम से उसका मार्गदर्शन करता है और उसे अकादमिक रूप से उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करता है। आज चंडीगढ़ में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में बोलते हुए, निर्देशक अविनाश ध्यानी ने ट्रेलर को मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा, हमारी फिल्म के ट्रेलर की शानदार सफलता को देखना वास्तव में एक सपने के सच होने जैसा है। दोनों परिचितों से सराहना की लहर चेहरे और अजनबी एक जैसे हैं, यह अविश्वसनीय रूप से विनम्र है।

## शराब की 50 बोतल सहित एक गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** आबकारी एवं पुलिस विभाग की संयुक्त कारवाई में विनोद कुमार पुत्र स्व. रोशन लाल म 12 किशन कॉम्प्लेक्स ग्राम कजहेड़ी चंडीगढ़ को उसके कमरे से गिरफ्तार किया गया है। उसके कब्जे से 50 बोतल व्हिस्की बरामद की गई है। एक्साइज विभाग से ईटीआई परवीन राणा मौके पर आये। उनकी मौजूदगी में वीडियोग्राफी व फोटोग्राफी के बाद



अवैध व्हिस्की को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया और मामले में आरोपी विनोद कुमार को केस दर्ज गिरफ्तार कर लिया गया है।

## एसआरएमयू-एपी ने जैव चिकित्सा अनुसंधान हेतु आईजीसीएआर के साथ किया समझौता

अर्थ प्रकाश/बोम्मा रेड्डी

**अमरावती।** एसआरएम विश्वविद्यालय-एपी ने जैव चिकित्सा अनुसंधान, आपदा प्रबंधन और अन्य क्षेत्रों में अकादमिक और अनुसंधान परियोजनाओं पर सहयोग करने के लिए तमिलनाडु के कलपक्कम में इंदिरा गांधी परमाणु अनुसंधान केंद्र (आईजीसीएआर) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। एमओयू पर डॉ. बी. वेंकटरमन, निदेशक-आई. जी. सी.ए.आर.और प्रो. मनोज के. अरोड़ा, कुलपति, एस.आर.एम. विश्वविद्यालय- ए.पी. ने डॉ.विद्या सुंदरराजन, प्रमुख पीएच.आर. एम.डी.और क्यू.ए.डी., आई.जी.



सी.ए.आर.कलपक्कम, श्रीमती एम. मेनका, प्रमुख आर. ए.एम. एस.,आर.ई. एस.डी.,एस. क्यू. आर.एम.जी.,आई.जी.सी.ए.आर. कलपक्कम, प्रो.रंजीतथापा, डीन-अनुसंधान, एस.आर.एम. विश्वविद्यालय- ए.पी.और डॉ.के.ए. सुनीता, एसोसिएट प्रोफेसर,एस. आर.एम. विश्वविद्यालय-ए. पी. की उपस्थिति में हस्ताक्षर किया गया ।

यह समझौता ज्ञापन दोनों संस्थानों के बीच पारस्परिक रूप से लाभकारी समझौते को रेखांकित करता है। शैक्षणिक मोर्चे पर, यह एमओयू एसआरएम एपी के छात्रों और संकाय के लिए इंटर्नशिप के अवसर, परियोजनाओं के लिए अनुसंधान सहयोग और उद्योग का दौरा प्रदान करेगा । यह दोनों संगठनों के बीच ज्ञान हस्तांतरण सुनिश्चित करता है, जिससे वैज्ञानिक और तकनीकी प्रगति में शानदार विकास को बढ़ावा मिलता है। एस.आर.एम.विश्वविद्यालय-ए. पी. के कुलपति प्रो.मनोज के. अरोड़ा ने कहा कि ÷यह एमओयू सुनिश्चित करेगा कि हम एस. आर. एम.ए.पी.में छात्रों को एक महान वैज्ञानिक स्वभाव के साथ पोषित करें। यह हमारे छात्रों के लिए अपने अध्ययन के क्षेत्रों को बढ़ाने, विशेषज्ञ वैज्ञानिकों से अकादमिक अंतर्दृष्टि प्राप्त करने और आई.जी. सी.ए.आर.में अत्याधुनिक अनुसंधान परियोजनाओं में भाग लेने का एक उल्लेखनीय अवसर है। एसआरएम एपी ने पिछले वर्ष जैव चिकित्सा अनुसंधान के अग्रणी क्षेत्र में एक परामर्श परियोजना पर आई.जी.सी.ए.आर. के साथ पहले भी सहयोग किया है।

### यह लोकतंत्र का महादान... आओ करें मतदान

## चंडीगढ़ लोकसभा चुनाव में लोग दिखाएं अपने मत की ताकत

लोकतंत्र का अभिप्राय जनता की ताकत है और जनता की यह ताकत उसके मत के माध्यम से नजर आती है, इसलिए जब इस लोकतान्त्रिक प्रक्रिया में चुनाव जैसा महापर्व आता है तो जनता को अपने मत का प्रयोग जरूर करना चाहिये। यह जनता का अधिकार तो है ही, साथ ही परम कर्तव्य भी है। हमें मतदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना है। अपने मत के महत्व और अधिकार से हम कतई अनभिज्ञ न रहें। इसलिए आइये जब आज चंडीगढ़ में लोकसभा चुनाव जैसा लोकतान्त्रिक महापर्व मनाया जा रहा है तो इसमें हम सब भागीदार बने और जिम्मेदारी के साथ मतदान करें। खासकर वो युवा जो पहली बार मतदान में शामिल हो रहे हैं उनमें इसे लेकर एक खास उमंग होनी चाहिए।

- शिवा तिवारी

## पू.सी. रेलवे लुप्त प्राय वन्यजीव प्रजातियों के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध

होलोंगापार गिब्बन अभयारण्य के वृक्षीय प्रजातियों की सुविधाजनक आवाजाही के लिए बनेंगे कैनोपी पुल

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**मालीगांव।** भारतीय रेल की नीति के तहत दुर्लभ और लुप्तप्राय प्रजातियों सहित वन्य जीव प्रजातियों की रक्षा के लिए पूर्वोत्तर सीमा रेलवे इस दिशा में उचित कदम उठाने को प्रतिबद्ध है। देश में जिस स्थान पर रेलवे लाइन वन क्षेत्र या अभयारण्यों से होकर गुजरती है, वहाँ दुर्घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाते हैं। असम के जोरहाट जिला में गिब्बन अभयारण्य पर दुर्लभ होलॉक गिब्बन का बसेरा है। इस अभयारण्य से होकर रेलवे लाइन गुजरती है। ये प्राणी अत्यधिक वृक्षीय प्रजातियाँ के हैं। इसलिए, पू. सी. रेलवे इन वन प्रजातियों को



अभयारण्य के बीच से गुजरने वाली रेल पटरियों को पार करने में सक्षम बनाने के उपाय पर जोर दे रही है। असम राज्य वन विभाग, भारतीय वन्यजीव संस्थान और सभी स्टेकधारकों के परामर्श से अभयारण्य में कैनोपी ब्रिज स्थापित करने का निर्णय लिया गया है।

रेलवे ट्रैक के एक हिस्से से दूसरे हिस्से तक वृक्षीय प्रजातियों की आवाजाही को सुगम बनाने के लिए इन कैनोपी पुलों को कई चिन्हित स्थानों पर स्थापित किया जाएगा। असम राज्य वन विभाग ने रेलवे ट्रैक के ऊपर कैनोपी पुलों की स्थापना के लिए प्राक्कलन के साथ रूपरेखा सौंपी है। इस रूपरेखा को भारतीय वन्यजीव संस्थान ने पू. सी. रेलवे के परामर्श से तैयार किया है। असम के वन विभाग द्वारा कैनोपी पुल के निर्माण के लिए पू. सी. रेलवे ने फरवरी, 2024 में अनुमानित लागत जमा कर दी है।

कैनोपी पुलों के सिरों के साथ-साथ गांठों को उचित एवं उच्च श्रेणी की बन्धन सामग्री तथा तकनीकों का उपयोग करके सुरक्षित और क्लैंप/कसाव किया जाएगा। एक विफल-सुरक्षा तंत्र के रूप में, मुख्य जुड़वां-रस्सी पुल के नीचे सुरक्षा जाल लगाए जाएंगे, ताकि गलती से पुल से गिरने वाले वन्य प्रजातियों की जान बचाई जा सके। कैनोपी रस्सी पुलों को इस प्रकार स्थापित किया जाएगा कि दीर्घायु लताएं और रेंगने वाले पौधें जैसे प्राकृतिक तत्वों को रस्सी पुलों के साथ दिशा मिल सकें तथा उसे रेंगने में मदद मिले और रस्सी कैनोपी पुल के चारों ओर केन्द्रित एक हाईब्रिड (या अर्ध-कृत्रिम) डिजाइन का हिस्सा बन सके।

पू. सी. रेलवे संबंधित राज्य के वन विभाग के परामर्श से लुप्तप्राय प्रजातियों को विलुप्त होने से बचाने के लिए हर संभव स्थान पर सुझाए गए आवश्यक कदम उठा रही है।

## जिला में प्रत्येक मतगणना केन्द्र पर बनेगा मीडिया सेंटर : विक्रम सिंह

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ

**फरीदाबाद।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त विक्रम सिंह ने कहा कि जिला में प्रत्येक मतगणना केन्द्र पर मीडिया सेंटर बनेगा। जहां टेबल राउंड वाइज विधानसभा क्षेत्र की मतगणना की अपडेट रिपोर्ट पत्रकारों को मिलती रहेगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि आगामी 04 जून को निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार लोकसभा चुनाव-2024 की मतों की गणना की जाएगी। एडीसी आनंद शर्मा ने भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों का पालन करते हुए बताया की आगामी 04 जून को मतगणना होनी है, जिसके चलते पुलिस और प्रशासन निष्पक्ष रूप से सफलतापूर्वक मतगणना कराने के लिए तैयारियों की जा रही है। उन्होंने बताया की मीडिया बंधुओं के लिए सभी मूलभूत सुविधाओं का ध्यान रखा गया है। सभी मतगणना केंद्रों पर मीडिया सेंटर स्थापित किया जाएगा। जंहा मीडिया सेंटर में मीडिया कर्मियों को राउंड वाइज गणना की अपडेट देने की समुचित व्यवस्था की जाएगी और साथ ही गर्मी के चलते कूलर, साफ पानी के पीने की व्यवस्था सहित तमाम इंतज़ाम किया जाएगा। जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी बिजेन्द्र कुमार ने बताया कि बल्लभगढ़ विधान सभा क्षेत्र के मतों की गणना की कवरेज के लिए सुषमा स्वराज राजकीय महाविद्यालय में मतगणना हाल के साथ मीडिया सैन्टर बनाया गया है। इसी प्रकार फरीदाबाद एनआईटी विधानसभा क्षेत्र के लिए लखानी धर्मशाला के मुख्य द्वार के नजदीक, बड़खल विधानसभा क्षेत्र के लिए एनआईटी में खान दौलतराम धर्मशाला के कार्यालय में, पृथला विधानसभा क्षेत्र के लिए सेक्टर-16 के पंजाबी भवन के कार्यालय में, तिगांव विधानसभा क्षेत्र के लिए गुर्जर भवन के कमरा नं 111 प्रथम तल पर और फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के लिए सेक्टर-14 के डीएवी स्कूल के ऑडिटोरियम के मुख्य द्वार के नजदीक मीडिया सेंटर बनाया जाएगा।

# फाजिल्का में वोटिंग के लिए 3000 सुरक्षा कर्मी तैनात

पंजाब-राजस्थान सरहद सील, सिटी सीलिंग प्लान लागू, 829 पोलिंग बूथों पर 7 बजे से मतदान

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**फाजिल्का, 31 मई।** लोकसभा चुनावों को लेकर फाजिल्का जिले में पुलिस ने पूरी तैयारी कर ली है। फाजिल्का के एसएसपी डाक्टर प्रज्ञा जैन का कहना है कि जिले में 3000 से अधिक पुलिस फोर्स तैनात की गई है और 71 से अधिक पेट्रोलिंग पार्टी रवाना की गई है। लोग बिना किसी डर भय के अपने घर से निकल अपने मत का इस्तेमाल कर सकेंगे।



जबकि डीसी का कहना है कि जिले में 829 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं जिसके लिए पोलिंग पार्टी रवाना की गई है।

फाजिल्का के एसएसपी डाक्टर प्रज्ञा जैन ने बताया है कि जिले में पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद है। पंजाब-राजस्थान सरहद सील कर दी गई है।



3000 से अधिक पुलिस फोर्स जिले में तैनात की गई है। एसएसपी का कहना है कि सिटी सीलिंग प्लान लागू कर दिया गया है द्य इंटरस्टेट नाकाबंदी के तहत बिना किसी काम के बाहरी लोगों को पंजाब में आने की अनुमति नहीं होगी।

उधर, फाजिल्का के डिप्टी कमिश्नर डा. सेनू दुग्गल का कहना है कि जिले के 829 पोलिंग बूथ पर पोलिंग पार्टी रवाना कर दी गई है। इतना ही नहीं उन्होंने कहा कि धारा 144 के तहत कई हिदायतें जारी की गई है द्य जिसका उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

डीसी का कहना है कि जो लोग चुनाव प्रचार के लिए बाहर से आए हैं वह फाजिल्का जिला छोड़कर चले जाएं। पोलिंग बूथ के 100 मीटर के घेरे के अंदर मोबाइल फोन ले जाने की मनाही होगी। और सियासी पार्टियों के बूथ भी पोलिंग केंद्र से 200 मीटर की दूरी पर लगेंगे। डीसी ने दो टूक साफ किया कि फेक न्यूज़ फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## पेयजल के लिए परेशान लोगों ने उपमंडल अधिकारी कालका के नाम ज्ञापन सौंपा



अर्थ प्रकाश/जग्गी

**कालका, 31 मई।** कालका में बिजली पानी की समस्या से लोग बेहद परेशान हैं . एक तो तपती गर्मी और उसके ऊपर बार बिजली कट से कालका निवासी बेहद परेशान हैं। सिर्फ इतना ही नहीं लोग पेयजल के लिए भी परेशान हो भाग दौड़ कर रहे हैं। कालका के वार्ड 31 में अहाता चतर सैन के निवासी शुक्रवार को पानी की समस्या को लेकर लिखित ज्ञापन लेकर कालका उपमंडल अधिकारी से मिलने पहुंचे. लोगों ने कालका उपमंडल अधिकारी के नाम एक ज्ञापन उनके कार्यालय में सौंपा और अपनी पेयजल की समस्या से अवगत करवाया। स्थानीय लोगों का कहना है कि उनके यहाँ दुसरे दिन पानी की सप्लाई होती है और वह भी 10 मिनट के लिए, जिससे उनका गर्मी के मौसम में गुजारा करना मुश्किल है। कई बार उन्हें पैसे खर्च कर टैंक से पानी मंगवाना पड़ता है। परन्तु टैंकर जाने के लिए गली तंग होने से काफी दूर टैंकर खड़ा कर पानी भरना पड रहा है जो कि सभी महिलाएं इतनी दूरी से पानी ढोने में असमर्थ हैं। उन्होंने गुहार लगाई है कि उनके क्षेत्र में पेयजल की समस्या को हल किया जाए. धीरज बाला, कांता रानी नरिंदर सिंह, सतनाम सिंह, रेखा रानी, कमलजीत कौर, पूनम, अनिता, शिखा, विकास कुमार दीपक पाल, बरजिंदर आहूजा, सरोज बाला ने बतलाया कि उनके यहाँ सर्दी के मौसम में भी पानी की सप्लाई बाधित रहती है। और अब तो गर्मियों का मौसम है और पानी के बिना रह पाना बड़ा मुश्किल है। जलापूर्तिविभाग इसका शीघ्र समाधान कर पेयजल की सप्लाई को सुचारू करे।

## पटियाला के युवक की छत्तीसगढ़ में हत्या, कंबाइन मशीन पर करता था काम, पीठ पर मारपीट के निशान

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पटियाला, 31 मई।** पटियाला के गांव अदालतीवाला से धान का सीजन लगाने गए 35 साल के युवक का छत्तीसगढ़ में कत्ल होने का आरोप लगाया गया। मृतक जसपाल सिंह को अपने साथ लेकर जाने वालों ने चोट लगने की बात कहते हुए डेड बॉडी को गांव में छोड़ दिया था। जहां परिवार के लोगों ने बॉडी को देखा तो खुलासा हुआ कि जसपाल सिंह के साथ मारपीट कर उसे टॉर्चर किया गया था। जिस वजह से 35 साल के जसपाल सिंह की मौत हो गई।जुल्का पुलिस स्टेशन के अधिकारियों ने घटना छत्तीसगढ़ के जिला बिलासपुर का होने की वजह से जीरो एफआईआर रजिस्टर करते हुए केस छत्तीसगढ़ भेज दिया है। पुलिस ने इस मामले में मृतक जसपाल सिंह के छोटे भाई लखबीर सिंह की स्टेटमेंट के आधार पर नरेंद्र सिंह उसके पिता सोहन सिंह मोहन सिंह के अलावा अंग्रेज सिंह के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

लखबीर सिंह ने बताया की उसका छोटा भाई जसपाल सिंह पिछले 1 साल से कंबाइन मशीन पर आरोपियों के साथ काम पर जाता था? इस महीने वह धान का सीजन लगाने के लिए आरोपी नरेंद्र सिंह वगैरा की मशीन लेकर छत्तीसगढ़ उनके साथ गया था। 28 मई को नरेंद्र सिंह ने फोन करके बताया कि जसपाल सिंह के चोट लगी है और उसे वापस लेकर आ रहे हैं लेकिन इन लोगों ने मौत होने के बारे में नहीं बताया। जसपाल सिंह को गाड़ी में डालने के बाद यह लोग गांव में पहुंचे और डेड बॉडी को चुपचाप रखकर वापस लौट गए। लखबीर सिंह ने कहा कि जब उन्होंने अपने बड़े भाई की बॉडी देखी तो पीठ पर मारपीट के निशान देखे। शरीर पर कई जगह पर मारपीट के निशान थे, जिसे देखकर साफ तौर पर पता लग रहा था कि उनके भाई जसपाल सिंह के साथ बुरी तरह से मारपीट की गई और उनके गुदा में लाठी या लोहे की रॉड घुसाने कोशिश की गई थी। उन्होंने भाई की डेड बॉडी को राजेंद्र अस्पताल में रखा है और उनकी मांग है कि जब तक कत्ल केस दर्ज नहीं होता वह पोस्टमॉर्टम नहीं करवाएंगे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ गैर इरादतन कत्ल का मामला दर्ज किया है जबकि उनकी मांग है कत्ल का मामला दर्ज किया जाए।

## विश्व तंबाकू दिवस पर स्वास्थ्य संस्थानों की रही सहभागिता

तंबाकू सेहत के लिए किसी जहर से कम नहीं : डा. मुक्ता कुमार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला, 31 मई।** सिविल सर्जन डा. मुक्ता कुमार ने कहा कि तंबाकू सेहत के लिए किसी जहर से कम नहीं है जो व्यक्ति को न केवल अंदर से खोखला करता है बल्कि सीधे मौत के मुंह में धकेला है। इसलिए तंबाकू कई गंभीर बीमारियों का कारण बन जाता है। सिविल सर्जन डा. मुक्ता कुमार विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर आयोजित



सिविल अस्पताल सेक्टर 6 में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दुनिया भर में हर साल 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य तंबाकू के इस्तेमाल से होने वाले दुष्प्रभाव से समाज को जागरूक एवं सचेत करना है। डा. मुक्ता ने कहा कि जिला में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल लोगों को तम्बाकू में होने वाले 4 हजार से अधिक जहरीले तत्वों के साथ-साथ स्मोकलेस तम्बाकू एवं सिगरेट से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। इसके अलावा जिला के हेल्थ एवं वेलनेस सेंटरों में डेंटल चिकित्सकों ने भी बढ़चढ़ कर भाग लिया और मुंह कैंसर बारे जागरूक किया। डेंटल ओपीडी में शामिल सैकड़ें नागरिक भी इन कार्यक्रमों में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि जिला के सभी हेल्थ एवं वेलनेस सेंटरों में तम्बाकू का सेवन न करें और दूसरे लोगों को भी बचाव बारे जागरूक करने की शपथ भी दिलवाई। जिला के स्वास्थ्य केन्द्रों में विश्व तम्बाकू दिवस पर कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को तंबाकू से होने वाले संक्रमण बारे जागरूक किया गया। कार्य क्रमों में युवाओं को तंबाकू निषेध स्लोगन लिखी टी शर्ट पहनकर जागरूक किया गया। तम्बाकू मुक्त जीवन अपनाकर अपने स्वास्थ्य को खुशहाल एवं सुखमय बनाना चाहिए।

## तंबाकू का सेवन जीवन के लिए खतरा : एसएमओ

### नो टोबैको डे पर तंबाकू का सेवन न करने को लेकर शपथ दिलाई

अर्थ प्रकाश/चौहान

**डेराबस्सी, 31 मई।** एक सिगरेट जिंदगी के 11 मिनट व पूरा पैकेट तीन घंटे चालीस मिनट तक छीन लेता है। तंबाकू व धूम्रपान उत्पादों के सेवन से देश भर में प्रति घंटा 137 लोग अपनी जान गंवा रहे हैं और दुनिया में प्रति 6 सैकेंड में एक व्यक्ति की मौत धूम्रपान या तम्बाकू सेवन से होती है।

उक्त विचार विश्व नो तंबाकू दिवस के अवसर पर सिविल अस्पताल डेराबस्सी के एसएमओ डॉ धर्मेंद्र सिंह ने आयोजित कार्यक्रम दौरान संबोधित करते हुए व्यक्त किए। इस मौके उन्होंने लोगों को तंबाकू का सेवन नहीं करने को लेकर शपथ भी दिलाई। इसके अलावा आरके पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के सहयोग से लेबर चौंक पर लोगों को तम्बाकू का सेवन न करने की अपील की। डॉ. धर्मिंदर सिंह ने बच्चों और शिक्षकों को तंबाकू के नकारात्मक प्रभावों के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने यह भी कहा कि भारत




के खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम के तहत सुगंधित/सुगंधित/संसाधित चबाने वाले तंबाकू पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

ई-सिगरेट को ड्रग और कॉस्मेटिक अधिनियम और सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम की धाराओं के तहत गैरकानूनी घोषित कर दिया गया है । इस मौके पर उन्होंने लोगों से अपील की कि अगर वे या उनका पड़ोसी इस आदत को छोड़ना चाहते हैं तो मोहाली के सेक्टर-66 स्थित नशामुक्ति केंद्र में जाकर काउंसलिंग करा सकते हैं व टोल फ्री नंबर 1800112356 पर फोन करके तम्बाकू से छुटकारा पाने हेतु जानकारी ली जा सकती है । इस मौके पर उक्त के अलावा हितेश कत्याल चेयरमैन राधा जी चैरिटेबल ट्रस्ट, कुलविंदर सिंह प्रिंसिपल आर के पब्लिक स्कूल, मनोज कुमार, रवि, राजिंदर सिंह स्वास्थ्य निरीक्षक व स्कूल का अन्य स्टाफ भी मौजूद रहा।

## कोर्ट ने एसीपी हरजिंदर के खिलाफ जांच रिपोर्ट सौंपने का आदेश दिया

**जगराओं 31 मई (प्रदीप पाल)।** एसीपी हरजिंदर के खिलाफ पुलिस शिकायत के बाद वकील संजीव गोयल ने मंन जोग कोर्ट का दरवाजा खटखटाया और आज पता चला है कि 31 मई को जगराओं के जाने-माने वकील संदीप गुप्ता इस मामले में अपनी दलीलें सुनने के लिए कोर्ट मेंबर 3 में कोर्ट में पेश हुए. मंन जोग जज साहिबा तेजिंदर प्रीत कौर ने एसीपी हरजिंदर सिंह वगैरा के खिलाफ 4 जून 2024 तक पुलिस रूरल को आदेश दिया था, जिसे संजीव गोयल एडवोकेट ने केस किया था, जिसमें लुधियाना रूरल पुलिस से एसीपी हरजिंदर के खिलाफ धारा 469, 471, 342, 219 के तहत एफआईआर दर्ज करने का अनुरोध किया गया था। , एसीपी हरजिंदर आदि के खिलाफ 220, 166, 166ए, 167,120 बी, आईपीसी। वकील संजीव गोयल के साथी अधिवक्ता संदीप गुप्ता ने कहा कि जब तक उनके साथी संजीव गोयल को न्याय नहीं मिल जाता तब तक न्याय की लड़ाई जारी रहेगी. यहां यह बताना जरूरी है कि उन्होंने इस शिकायत की कॉपी मंन जोग डीजीपी साहब, मंनजोग मुख्यमंत्री साहब को भी भेजी है।

## पूरा गांव एक ही कोने से गुजरेगा : अखाड़ा गैस फैक्ट्री संघर्ष विरोधी मोर्चा

'आवाज बहिष्कार जिंदाबाद, पंजाब सरकार मुर्दाबाद, मजदूर किसान एकता जिंदाबाद' के नारों से गूंज उठा पूरा गांव

अर्थ प्रकाश/प्रदीप पाल

**जगरांव, 31 मई।** वीरवार रात, पास के गाँव अखरा के हर घर से एकल पुरुष, महिलाएँ और बच्चे, पंक्तियों में, काले और किसान संगठनों के झंडे लेकर शाम को धालडी से नदी की तरह बह रहे थे। 'गंदी फैक्ट्री मत बनने दो',के नारे, 'आवाज बहिष्कार जिंदाबाद, पंजाब सरकार मुर्दाबाद, मजदूर किसान एकता जिंदाबाद' के नारों से पूरा गांव गूंज उठा। केरन दी केरन से ऐसा लगा मानो पूरे गांव ने बगावत कर दी हो और गांव में अपनी सरकार बना ली हो, क्योंकि गांव वालों के मुताबिक पंजाब



सरकार यानी भगवंत मान सरकार मर चुकी है. अखाड़ा हठूर रोड पर स्थित बायो गैस फैक्ट्री पूरे माह गांव व इलाके को नरक बना देगी. वायु, जल, पृथ्वी रसायनों से प्रदूषित हो जायेंगे, क्षेत्र में दुर्गन्ध फैल जायेगी, साँस लेना कठिन हो जायेगा, बीमारियाँ फैलने से जीवन समाप्त हो जायेगा। इन कारणों से गांव के सामान्य जनजीवन को बचाने की जरूरत है. चार ग्रामीण एक महीने से निर्माणाधीन बायोगैस फैक्ट्री को बंद करने की मांग कर रहे हैं. वे एक महीने से फैक्ट्री के सामने दिन-रात धरने पर बैठे हैं. गुरतेज सिंह तेज और सुखजीत सिंह के नेतृत्व में यह विशाल जागरूकता मार्च पूरे गांव की हर गली से होकर गुजरा। 19 सदस्यीय संघर्ष समिति ने कहा कि वोट बहिष्कार को लागू करने के लिए पूरा गांव एकजुट है. ग्रामीणों का सभी वोट पार्टियों के प्रति अविश्वास बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण किसी पार्टी का बूथ नहीं लायेंगे।

इस समय भारतीय किसान यूनियन एकता डकौंदा के जिला सचिव इंदरजीत सिंह धालीवाल ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि यह अनुकरणीय एकता इसी तरह जारी रहेगी और मजदूर किसानों के साझा संघर्ष की सफलता के लिए व्यापक और मजबूत होगी नसीब कोर, सदस्य बलजीत कोर, स्वर्णजीत कोर, सरपंच जसविंदर कोर, रछपिंदर कोर, हरदेव सिंह, सुखदेव सिंह, जगदेव सिंह, पाला सिंह, डॉ. इकबाल सिंह, बलजिंदर बरयार, जसपाल सिंह समरा, जीता समरा, जसवीर सिंह खालसा, हरप्रीत सिंह, प्रितपाल सिंह, अमृतपाल सिंह लोहाट, बलविंदर सिंह, भगवंत सिंह, सुख समरा, शिरा समरा, तारा सिंह, दर्शन सिंह, मनिंदर सिंह आदि मौजूद थे।

मोर्चा के नेताओं ने कहा कि 3 जून को लुधियाना में होने वाली सभी गैस विरोधी संघर्ष फैक्ट्रियों की संयुक्त बैठक में अखाड़े के प्रतिनिधि जायेंगे।

## रायपुर खुर्द, बहलाना वासी जानें अपना पोलिंग स्टेशन

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 31 मई।** लोकसभा चुनाव के मतदान के दिन रायपुर खुर्द और गांव बहलाना सहित सेक्टर 52, 55, 56 और सेक्टर 63 के 32521 मतदाता भागीदार होंगे। इनमें 17067 पुरूष और 15454 महिला मतदाता शामिल हैं। अर्थ प्रकाश द्वारा लोकसभा के अंतिम पोलिंग स्टेशनों पर पिछले काफी दिनों से चुनावी चहल पहल थी। मगर चुनाव प्रचार थमने के बाद भी गली मोहल्लों में बैठकों का दौर जारी रहा। कल मतदान के दिन मतदाताओं ने अपनी भागीदारी देने का निश्चय किया है। अर्थ प्रकाश की ओर से दिए जा रहे विवरण में वोटर अपने पोलिंग स्टेशन देख लें। (समाप्त)

| क्र.सं. | पोलिंग स्टेशन | पोलिंग स्टेशन लोकेशन | पोलिंग क्षेत्र | पुरुष | महिला | ट्रांसजेंडर | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 587. | सेक्टर 52 | गवर्नमेंट हाई स्कूल सेक्टर 52 | एलआईजी हाउसिंग बोर्ड, सेक्टर 52, 3001 से 3192, ब्लाक-पी ट्रांजिट हाउस सेक्टर 52 के 321 से 600 | 593 | 563 | 0 | 1156 |
| 588. | ब्लॉक-पी ट्रांजिट हाउस सेक्टर 52 | गवर्नमेंट हाई स्कूल सेक्टर 52 | ब्लाक-पी ट्रांजिट हाउस सेक्टर 52 के 601 से अंत तक बिजली कालोनी सेक्टर 52, 1001 से 1060, गीता भवन कजहेड़ी, गुरुद्वारा गोविंदसर | 182 | 164 | 0 | 346 |
| 589. | सेक्टर 55 | गवर्नमेंट हाई स्कूली सेक्टर 54 | सेक्टर 55 के 101 से 274, वेद माता गायत्री ट्रस्ट | 678 | 674 | 0 | 1352 |
| 590. | सेक्टर 56 | गवर्नमेंट मिडिल स्कूली सेक्टर 56 | अंबेडकर आवास योजना सेक्टर 56 के 1 से 360, आर्य समाज मंदिर | 656 | 626 | 0 | 1282 |
| 591. | सेक्टर 56 | गवर्नमेंट मिडिल स्कूली सेक्टर 56 | अंबेडकर आवास योजना सेक्टर 56 के 361 से 710 | 641 | 611 | 0 | 1252 |
| 592. | सेक्टर 56 | गवर्नमेंट मिडिल स्कूली सेक्टर 56 | अंबेडकर आवास योजना सेक्टर 56 के 711 से 1040 | 655 | 587 | 0 | 1242 |
| 593. | सेक्टर 56 | आंगनवाड़ी बिल्डिंग नं. 1, नजदीक पुलिस पोस्ट सेक्टर 56 | अंबेडकर आवास योजना सेक्टर 56 के 1041 से 1500 | 614 | 626 | 0 | 1240 |
| 594. | सेक्टर 56 | आंगनवाड़ी बिल्डिंग नं. 2, नजदीक रैग पिक्कर कालोनी , सेक्टर 56 | अंबेडकर आवास योजना सेक्टर 56 के 1501 से 2825 | 672 | 631 | 0 | 1303 |
| 595. | सेक्टर 56 | न्यू कम्युनिटी सेंटर, सेक्टर 56 | अंबेडकर आवास योजना सेक्टर 56 के 2826 से 3060 | 639 | 566 | 0 | 1205 |
| 596. | सेक्टर 56 | न्यू कम्युनिटी सेंटर, सेक्टर 56 | अंबेडकर आवास योजना सेक्टर 56 के 3061 से 3800 | 669 | 566 | 0 | 1235 |
| 597. | सेक्टर 56 | गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर 56 | अंबेडकर आवास योजना सेक्टर 56 के 3801 से 4120 | 651 | 593 | 0 | 1244 |
| 598. | सेक्टर 56 | गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर 56 | अंबेडकर आवास योजना सेक्टर 56 के 4121 से 5580 | 638 | 582 | 0 | 1220 |
| 599. | सेक्टर 56 | गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर 56 | अंबेडकर आवास योजना सेक्टर 56 के 5581 से 6213 | 642 | 589 | 0 | 1231 |
| 600. | सेक्टर 56 | गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर 56 | अंबेडकर आवास योजना सेक्टर 56 के 6214 से 6305 | 641 | 571 | 0 | 1212 |
| 601. | सेक्टर 56 | गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर 56 | सेक्टर 56 के 6306 से 6398 | 648 | 594 | 0 | 1242 |
| 602. | सेक्टर 56 | स्पोर्ट्स काम्पलेक्स सेक्टर 56 | सेक्टर 56 के 6399 से 6530 | 636 | 612 | 0 | 1248 |
| 603. | सेक्टर 56 | स्पोर्ट्स काम्पलेक्स सेक्टर 56 | सेक्टर 56 के 6531 से 6610, श्री गुरु कृपा डाबर, कम्युनिटी सेंटर, गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, रैग पिक्कर कालोनी 6733 से 6610 | 615 | 544 | 0 | 1159 |
| 604. | सेक्टर 56 | स्पोर्ट्स काम्पलेक्स सेक्टर 56 | सेक्टर 56 के 6611 से 6780 | 679 | 606 | 0 | 1285 |
| 605. | गांव बहलाना | गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल गांव बहलाना | गांव बहलाना के 1 से 65, एन-एरिया गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, आईटीबीपी, बहलाना, सनातन धर्म मंदिर | 570 | 501 | 0 | 1071 |
| 606. | गांव बहलाना | गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल गांव बहलाना | गांव बहलाना के 66 से 150 | 605 | 516 | 0 | 1121 |
| 607. | गांव बहलाना | गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल गांव बहलाना | गांव बहलाना के 151 से 230, रावत होटल, 12 विंग एयर फोर्स स्टेशन बरार | 592 | 473 | 0 | 1065 |
| 608. | गांव बहलाना | गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल गांव बहलाना | गांव बहलाना के 231 से अंत तक, डेरा, गांव बहलाना डी.आई.आर.ए गांव | 613 | 592 | 0 | 1205 |
| 609. | गांव रायपुर खुर्द | गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल रायपुर खुर्द | गांव रायुपर खुर्द 1 से 50, खन्ना हाउस, मेहला निवास, ट्यूबवैल नं. 11, गवर्नमेंट स्कूल, आईएक्स अशोक जनरल स्टोर, गांव रायपुर खुर्द | 698 | 544 | 0 | 1242 |
| 610. | गांव रायपुर खुर्द | गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल रायपुर खुर्द | गांव रायुपर खुर्द 51 से 75, जिऑन चर्च, सनातन धर्म मंदिर, ट्यूबवैल नं. 11 | 729 | 599 | 0 | 1328 |
| 611. | गांव रायपुर खुर्द | गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल रायपुर खुर्द | गांव रायुपर खुर्द 75 से 130 | 669 | 589 | 0 | 1258 |
| 612. | गांव रायपुर खुर्द | गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल रायपुर खुर्द | गांव रायुपर खुर्द 131 से अंत तक, धर्मशाला, ट्रिब्यून सोसायटी काम्पलैक्स ट्यूबवैल नं. 13, सीआर गांव रायपुर खुर्द | 547 | 515 | 0 | 1062 |
| 613. | सेक्टर 63 | बीएमडी पब्लिक स्कूल सेक्टर 63 | ब्लॉक नं. 1 चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड फ्लैट 2277 से 2284, ब्लॉक नं. 2 फ्लैट्स 2273 से 2276, ब्लॉक नं. 3 फ्लैट्स 2265 से 2272, ब्लॉक नं. 4 के 2257 से 2264, ब्लॉक 5 2245 से 2256, ब्लॉक 6 के 2169 सं 2180, ब्लॉक 7 के 2161 से 2168, ब्लॉक 8 के 2149 से 2160, ब्लॉक 9 के 2137 से 2148, ब्लॉक 10 के 2125 से 2136, ब्लॉक 11 के 2233 से 2244, ब्लॉक 12 के 2221 से 2233 | 465 | 428 | 0 | 893 |
| 614. | सेक्टर 63 | बीएमडी पब्लिक स्कूल सेक्टर 63 | ब्लॉक नं. 18 चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड फ्लैट 2021 से 2026 व 2035 से 2040, ब्लॉक 19 के 2041 से 2046, ब्लॉक 20 के 2073 से 2076, ब्लॉक 21 के 2047 से 2054, ब्लॉक 22 के 2027 से 2034, ब्लॉक 23 के 2007 से 2014, ब्लॉक 24 के 2067 से 2072, ब्लॉक 25 के 2095 से 2106, ब्लॉक 26 के 2061 से 2066 एंड 2083 से 2088, सेक्टर 27 के 2089 से 2094 एंड 2110 से 2112, ब्लॉक 28 के 2309 से 2320, ब्लॉक 29 के 2321 से 2328, ब्लॉक 30 के 2329 से 2332 एंड 2341 से 2344, ब्लॉक 31 के 2297 से 2308, ब्लॉक 32 के 2333 से 2340, ब्लॉक 33 के 2285 से 2296, ब्लॉक 34 के 2345 से 2352, ब्लॉक 35 के 2353 से 2360, ब्लॉक 36 के 2361 से 2368, ब्लॉक 37 के 2369 से 2376, ब्लॉक 38 के 2377 से 2384, ब्लॉक 39 के 2385 से 2392. | 430 | 392 | 0 | 822 |

# इस संसार में हम स्वयं देखें कि हमें किन-किन से राग-द्वेष है: आचार्य श्री सुबल सागर जी महाराज



कैलाश नगर दिल्ली में विराजमान सिद्धचक्र आराधक परम पूज्य आचार्य श्री सुबल सागर जी महाराज ने धर्म सभा को समझाते हुए कहा प्यारे बंधुओं, इस संसार का सारा खेल अपनत्व पना से चला रहा है अपनलपना अर्थात ममता रूप परिणाम। जिन जिन जीव के प्रति हमारे ममता ममत्व, अपनत्व या मोह रूप भाव है वहां वहां निश्चित रूप से राग-द्वेष भी है क्योंकि मोह रूपी राजा के एक मंत्री और एक हम अपना मानते है वह अगर हमारे मन के अनुरूप काम करता है तो हम उसे अच्छा समझते है, मानते है और अच्छा लगने के कारण हम उससे राग करने लगते वह हमारा प्रिय हो जाता है। और वहीं व्यक्ति अगर हमारे मन के अनुरूप नहीं चलता है तो हम उससे द्वेष करने लगते वह हमारी दृष्टि में गलत हो जाता है उससे हम अपना नहीं मानते उससे आंखें चुराने लगते है। आखिर कभी ऐसा विचार, चिंतवन किया कि ऐसा क्यों होता है तो निष्कर्ष निकलता है कि सारा यह खेल हमारे मोह रूपी राजा का है जो हमें संसार में नाच नचा रहा है।

हमारे भगवान सर्वज्ञ है वह सब कुछ जानते है और देखने वाले है वह हमें जिज्ञवाणी के माध्यम से समझा रहे है कि हे ज्ञानी आत्माओं अगर सुखी होना है तो इस ममता रूपी पिशाचनी से दूर होकर समता रूपी जिनवाणी का पान करो। जो हमें अपनी आत्मा के वास्तविक स्वरूप का ज्ञान करा रही है। जहां जहां ममता है वहां वहां नियम से दुख है और जहां जहां ममता है वहां वहां नियम से सुख शांति आनंद है। अगर सुख शांति आनंद की खोज है तो आध्यात्म में कहते है कि ममता का त्याग कर समता को भजो। इस संसार में हम स्वयं देखे कि हमें किन-किन से राग है और किन-किन से द्वेष बुद्धि है। संसार में अनंत जीव है हम जिन्हें अपना मानते है उन्हीं से राग, द्वेष होता है। हम जिनके संपर्क में आते है हमें उनसे मोह हो जाता है यह मोह ही संसार का कारण है। अपना नहीं समझते क्या उनसे राग द्वेष करते है नहीं क्योंकि संपर्क में नहीं आने से हमारी बुद्धि में वे नहीं आते है और हम बच जाते है उनके प्रति होने वाले राग द्वेष से। यही तो हमारे आचार्य भगवान हमें समझा रहे है हे भोले प्राणी। एक मात्र हमारी आत्मा को छोड़ कर यह दिखने वाले कोई भी पदार्थ मेरे नहीं है। अपनी अनादि काल की इस भूला को दूर करो और जो मेरा है उसे स्वीकारों। मन, वचन और शरीर इन तीनों से बाह्य में दिखने वाले पदार्थ व्यक्ति, वस्तु इनसे हम जितना दूर होते जाएंगे उतनी उतनी असीम शांति के समुख होते जाएंगे अर्थात संसार के संकल्प विकल्प से दूर होते जाएंगबे और जितना जितना इनसे दूर होंगे।

जहां समता है वहां राग द्वेष कोसों दूर रहते है और हमारी विशुद्धी भी बढ़ती जाती है कर्मों के अच्छे और बुरे उदय में समता भाव ही एक मात्र सहायक है मोक्ष रूपी मुक्ति वधु को प्राप्त करने के लिए समता एक दोस्त की तरह है अर्थात दोस्त के साथ चलने पर बड़ा कठिन मार्ग भी सरल हो जाता है इसीलिए हर पल समता रूपी का पान करते रहे। यह जानकारी संघस्थ बाल ब्र. गुंजा दीदी ने दी।

# अपरा एकादशी पर करें श्री हरि को प्रसन्न, जीवन में आएगी सुख-शांति

सनातन धर्म में अपरा एकादशी का व्रत बहुत फलदायी माना जाता है। इस दिन श्री हरि विष्णु और देवी लक्ष्मी की पूजा का विधान है। इस बार यह 2 जून को मनाई जाएगी। ऐसी मान्यता है कि जो जातक इस दिन भगवान विष्णु की पूजा करते हैं और उनके लिए व्रत रखते हैं उन्हें अपार धन की प्राप्ति होती है। इसके साथ ही इस दिन श्री विष्णु चालीसा का पाठ भी बेहद शुभ माना जाता है, तो आइए यहां पढ़ते हैं।



**।।विष्णु चालीसा का पाठ।।**

**'दोहा'**

विष्णु सुनिए विनय सेवक की चितलाय।
कीरत कुछ वर्णन करूं दीजै ज्ञान बताय॥
नमो विष्णु भगवान खरारी, कष्ट नशावन अखिल बिहारी।
प्रबल जगत में शक्ति तुम्हारी, त्रिभुवन फैल रही उजियारी॥
सुन्दर रूप मनोहर सूरत, सरल स्वभाव मोहनी मूरत।
तन पर पीताम्बर अति सोहत, बैजन्ती माला मन मोहत॥
शंख चक्र कर गदा विराजे, देखत दैत्य असुर दल भाजे।
सत्य धर्म मद लोभ न गाजे, काम क्रोध मद लोभ न छाजे ॥
सन्तभक्त सज्जन मनरंजन, दनुज असुर दुष्टन दल गंजन।
सुख उपजाय कष्ट सब भंजन, दोष मिटाय करत जन सज्जन॥
पाप काट भव सिन्धु उतारण, कष्ट नाशकर भक्त उबारण।
करत अनेक रूप प्रभु धारण, केवल आप भक्ति के कारण॥
धरणि धेनु बन तुमहिं पुकारा, तब तुम रूप राम का धारा।
भार उतार असुर दल मारा, रावण आदिक को संहारा॥
आप वाराह रूप बनाया, हिरण्याक्ष को मार गिराया।
धर मत्स्य तन सिन्धु बनाया, चौदह रतनन को निकलाया॥
अमिलख असुरन द्वन्द मचाया, रूप मोहनी आप दिखाया।
देवन को अमृत पान कराया, असुरन को छवि से बहलाया॥
कूर्म रूप धर सिन्धु मझाया, मन्द्राचल गिरि तुरत उठाया।
शंकर का तुम फन्द छुड़ाया, भस्मासुर को रूप दिखाया॥
वेदन को जब असुर डुबाया, कर प्रबन्ध उन्हें ढुढवाया।
मोहित बनकर खलहि नचाया, उसही कर से भस्म कराया॥
असुर जलन्धर अति बलदाई, शंकर से उन कीन्ह लड़ाई।
हार पार शिव सकल बनाई, कीन सती से छल खल जाई॥
सुमिरन कीन तुम्हें शिवरानी, बतलाई सब विपत कहानी।
तब तुम बने मुनीश्वर ज्ञानी, वृन्दा की सब सुरति भुलानी॥
देखत तीन दनुज शैतानी, वृन्दा आय तुम्हें लपटानी।
हो स्पर्श धर्म क्षति मानी, हना असुर उर शिव शैतानी॥
तुमने ध्रुव प्रहलाद उबारे, हिरणाकुश आदिक खल मारे।
गणिका और अजामिल तारे, बहुत भक्त भव सिन्धु उतारे॥
हरहु सकल संताप हमारे, कृपा करहु हरि सिरजन हारे।
देखहुं मैं निज दरश तुम्हारे, दीन बन्धु भक्तन हितकारे॥
चाहता आपका सेवक दर्शन, करहु दया अपनी मधुसूदन।
जानूं नहीं योग्य जब पूजन, होय यज्ञ स्तुति अनुमोदन॥
शीलदया सन्तोष सुलक्षण, विदित नहीं व्रतबोध विलक्षण।
करहुं आपका किस विधि पूजन, कुमति विलोक होत दुख भीषण॥
करहुं प्रणाम कौन विधिसुमिरण, कौन भांति मैं करहु समर्पण।
सुर मुनि करत सदा सेवकाई, हर्षित रहत परम गति पाई॥
दीन दुखिन पर सदा सहाई, निज जन जान लेव अपनाई।
पाप दोष संताप नशाओ, भव बन्धन से मुक्त कराओ॥
सुत सम्पति दे सुख उपजाओ, निज चरनन का दास बनाओ।
निगम सदा ये विनय सुनावै, पढ़ै सुनै सो जन सुख पावै ॥

।।इति श्री विष्णु चालीसा।।

# चुनौतियों से भागे नहीं बल्कि समाधान ढूंढिए : मुनिश्री विनय कुमार जी आलोक

चंडीगढ़। निर्णय लेने की फिर देखिये ये समाज कैसे निखर कर बाहर आता है। हर आदमी के जीवन में किसी न किसी बात की लगन होती है। यह लगन समाज सेवा से लेकर किसी भी प्रकार की हो सकती है। घर को, समाज या देश को बर्बाद कर देने वाले शौक अपने यहां वर्जित हैं। इनका त्याग स्वहित में भी जरूरी है। समाज है तो यहां लोग भी अनेक प्रकार के मिलेंगे। इन सबके शौक भी निश्चय ही अलग-अलग होंगे। जो समाज में वर्जित हैं, जो विध्वंसात्मक हैं, जिनसे व्यक्ति या समष्टि को नुकसान पहुंचता है, उसका तुरंत परित्याग कर देना चाहिए। दरअसल चुनौतियों का सामना किए बगैर प्रगति संभव नहीं। चुनौतियों से भागने या आंख मूंदने का अर्थ है समाधान से और अधिक दूर चले जाना। नई चुनौती व्यक्ति को तोड़ दे या झकझोर कर उसमें अभीष्ट तक पहुंचने की ललक जगा दे, यह उसकी सोच और नजरिए पर निर्भर है।चुनौती से डरने या इसे समस्या मानने के बदले हर समस्या को बतौर चुनौती स्वीकार करें और उससे निपटे। ये शब्द मनीषी



संत मुनिश्री विनयकुमार जी आलोक ने सैक्टर 24 सी अणुव्रत भवन तुलसी सभागा मे अपने व्यक्त्व मे कहे।

मनीषीश्रीसंत ने आगे कहा अच्छे आचरण और कर्मों को करने की सीख और दिशा केवल और केवल धर्म से मिलती है। यदि मनुष्य का ध्यान केवल धन अर्जित करने पर है तो बदले में भौतिक सुख तो मिल जाएंगे लेकिन शांति और संतोष केवल धर्म के बताए मार्ग पर चलने से ही प्राप्त होता है। दिन भर आप क्या करते हैं यह आपके चिंतन और व्यव्हार पर निर्भर करता है। लेकिन 24 घंटो में 23 घंटे यदि हम दूसरों के कामों में लगे रहे तो एक घंटा स्वयं के आध्यात्मिक उत्थान के लिए भी रखिए। इस एक घंटे की अवधि में आप चिंतन, मनन और सदविचारों का ध्यान करें। ताकि आप अपनी कमियों की ओर ध्यान कर उन्हें सुधारने का उपाय कर सकें। इससे जहां आपका चित्त और मन शांत होगा वही घर - गृहस्थी और समाज में संस्कार परक सौहार्द्र बढ़ेगा। अब बात अगर गृहस्थी में संस्कार की हो तो दंपति या परिवार में विघटन की नौबत क्यूं कर आती है? तो इसका एक बड़ा कारण है कि जुबान पर नियंत्रण न होना।

मनीषीसंत ने कहा आत्म नियंत्रण ही जैन धर्म का सबसे बड़ा संदेश है। यह आत्म नियंत्रण पाना न तो कठिन है न ही असंभव। जरूरत है केवल उसके लिए समय निकालने और संकल्प करने की। आत्म नियंत्रण के बिना पहले व्यक्ति आपे से बाहर से होता है। ऐसे व्यक्तियों से बना समाज भी अनियंत्रित लोगों का समूह बन जाता है। सब मर्जी के मालिक। जिन्हें अपनी स्वार्थपूर्ति के लिए किसी भी हद तक जाने में कोई हिचक नहीं। इसलिए पहल हमें स्वयं से ही करनी होगी। आज से और अभी से करनी होगी।

# इन्सान नाना प्रकार के भ्रमों से ग्रस्त है

कहते हैं कि-
खांड ही का नाम लेत मुख केसे मीठा होत,
मुख पुनि मठा होत खांड के चबान से।

कि केवल मीठे की रटन से हमारा मुख मीठा नहीं हो जायेगा। वो शक्कर मुख में डालनी होगी तब हमारा मुख मीठा होगा, केवल शब्दों से नहीं। इसीलिए महापुरुष-संतजन कहते हैं कि अगर सुख की चाहना रखते हैं, एक ऐसे माहौल की, एक ऐसी अवस्था की चाहना रखते हैं, तो उसके लिए सही मायनों में इसके साथ जुड़ना होगा। यह बोध हासिल करना होगा। वो दीपक की लौ जगानी होगी, यह नहीं कि दीपक ऐसे ही पड़ाहुआ है। जब लौ जग जाती है तो रोशनी हो जाती है। अगर ये धन प्राप्त हो जाता है तो मालामाल हो जाते हैं। वरना दौलत का भी ज़िक्रि तो किया जा सकता है। एक झोंपड़ी में रहने वाला या जो कंगालता की हालत में है, जो गुरबत की हालत में हैं, वो भी दौलत का, पैसों का, हजारों-लाखों-करोड़ों की रकम का जिक्र कर सकता है। जिक्र करने में क्या मुश्किल है, लेकिन केवल ज़क्रि करना अमीर नहीं बनाता है, वो उसकी लाचारी को दूर नहीं करता है। यानि कि जिक्रों, पढ़ाईयों, पाठ, जप-तप इनसे आगे निकलने के



सद्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

लिए महापुरुष प्रेरित कर रहे हैं कि इसी से बात बनेगी, इससे हटकर किसी की भी बात बनी नहीं है। ब्रह्म की प्राप्ति ही भ्रमों का नाश करती हैं, इसीलिए ये पंक्ति दोहराई जाती है-

ब्रह्म की प्राप्ति भ्रम की समाप्ति।

ब्रह्म जो है, ईश्वर जो है, पारब्रह्म परमात्मा जो है इसकी लखता, इसकी प्राप्ति हो जाती है तो भ्रम-भ्रान्तियों का नाश हो जाता है। कैसे-कैसे भ्रमों में इन्सान पड़ा हुआ है। पहले तो ये भी एक भ्रम ही है कि इन्सान आग से ठण्डक की उम्मीद करता है। विपरीत चाल चलकर मंज़लि पर पहुंचने के लिए वो सोचता हे कि यह उचित रास्ता है। एक भ्रम में पल रहा है और जिस तरफ मुख करके मंजिल पर पहुंचना मुमकिन होना है।

## पंचांग

शनिवार, 1 जून, 2024, सूर्योदयः 05:24 ए एम, सूर्यास्तः 07:15 पी एम, चन्द्रोदयः 02:08 ए एम, जून 02, चन्द्रास्तः 01:53 पी एम, शक सम्वतः 1946 क्रोधी, विक्रम सम्वतः 2081 पिङ्गल, गुजराती सम्वतः 2080 राक्षस, अमान्त महीनाः वैशाख, पूर्णिमान्त महीनाः ज्येष्ठ, वारः शनिवार, पक्षः कृष्ण पक्ष, तिथिः नवमी - 07:24 ए एम तक, क्षय तिथिः दशमी - 05:04 ए एम, जून 02 तक, नक्षत्रः उत्तर भाद्रपद - 03:16 ए एम, जून 02 तक, योगः प्रीति - 03:10 पी एम तक, करणः गर - 07:24 ए एम तक, द्वितीय करणः वणिज - 06:15 पी एम तक क्षय करणः विष्टि - 05:04 ए एम, जून 02 तक, सूर्य राशिः वृषभ, चन्द्र राशिः मीन, राहुकालः 08:51 ए एम से 10:35 ए एम, गुलिक कालः 05:24 ए एम से 07:07 ए एम, यमगण्डः 02:03 पी एम से 03:47 पी एम, अभिजित मुहूर्तः 11:51 ए एम से 12:47 पी एम, दुर्मुहूर्तः 05:24 ए एम से 06:19 ए एम, दुर्मुहूर्तः 06:19 ए एम से 07:14 ए एम, अमृत कालः 10:46 पी एम से 12:16 ए एम, जून 02, वर्ज्यः 01:47 पी एम से 03:17 पी एम।

## भविष्य फल



**मेषः** आप किसी नतीजे या फैसले का इंतजार कर रहे हैं तो शांति रखें, सब ठीक हो जाएगा।

**वृषः** आज समाज में आपकी प्रतिष्ठा में इजाफा होगा। रुका हुआ व उधार दिया हुआ रुपया प्राप्त होगा।

**मिथुनः** आज आपका कुछ बढ़िया खाने का मन करेगा और पैसे को लेकर स्थिति आज अच्छी होगी।

**कर्कः** बिजनेस में भी सफलता मिल सकती है। भावनाओं भरा दिन होगा। कोई बड़ा फैसला भावुक होकर न लें।

**सिंहः** अगर आज आप वाणी पर संयम रखेंगे तो बहुत सी समस्याओं से बच जाएंगे। आप सामाजिक रूप से सक्रिय रहेंगे और आज कुछ महत्वपूर्ण संपर्क भी स्थापित किए जा सकते हैं।

**कन्याः** आप आज अपने काम में काफी अच्छा महसूस करेंगे। आपका खूब मन लगेगा और आप जल्द से जल्द अपना काम निपटा लेंगे और खाली समय में अपने साथियों के साथ गपशप का भी समय निकाल लेंगे।

**तुलाः** बहुत से काम आसानी से पूरे हो सकते हैं और आपका अच्छा असर लोगों पर होगा। जो काम और बातें अटक रही हैं, उनके लिए कोई बीच का रास्ता भी निकल सकता है।

**वृश्चिकः** आज आप जीवन के प्रति आपके नजरिये में सकारात्मक बदलाव लाएंगे। प्रतिद्वंद्वी कोई नुकसान नहीं पहुंचा पाएंगे।

**धनुः** आप अपने अनुभव और अपनी कार्यक्षमता का प्रदर्शन लगभग सभी क्षेत्रों में करेंगे।

**मकरः** बेरोजगार लोगों को नौकरी मिल सकती है। उन मामलों को टाल दें जिनको निपटाने में आप परेशान हो रहे हैं।

**कुंभः** अचानक कुछ अच्छी खबर प्राप्त हो सकती हैं। व्यापारिक और व्यावसायिक क्षेत्र में आप अधिकारियों से पूर्ण सहयोग प्राप्त प्राप्त करेंगे और कमाई में उन्नति संभव है।

**मीनः** आज आप सामाजिक मोर्चे पर चलने वाले किसी घटनाक्रम में दिलचस्पी दिखा सकते हैं। यश और कीर्ति भी प्राप्त होगी।

**पंडित शशि पाल डोगरा वशिष्ठ ज्योतिष सदन शिमला**

# नशे पर प्रहार: सोनीपत में नशे के विरुद्ध एक दिवसीय 35वां जागरूकता कार्यक्रम



हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो द्वारा आह्वान- 9050891508 पर दें गुप्त सूचनाएं

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत।** विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर इंडियन मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल सोनीपत में नशे के विरुद्ध एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के प्रमुख ओपी सिंह भारतीय पुलिस सेवा अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक साहब के दिशानिर्देशों एवं पुलिस अधीक्षक पंखुरी कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। सोनीपत ि?ले में यह 35वां नशे के विरुद्ध एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम था। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा इस कार्यक्रम के मुख्य संयोजक और वक्ता थे। विद्यालय के प्राचार्य राजेंद्र सिंह, चेयरमैन नीलम रानी और उप प्राचार्या रेनू श्योराण की उपस्थिति में इस कार्यक्रम में 100 से अधिक शिक्षिकाओं, कर्मियों, बस चालकों और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों ने भाग लिया। मंच का संचालन उप प्राचार्या रेनू श्योराण ने किया। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ अशोक कुमार वर्मा ने उपस्थित शिक्षिकाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि समाज और राष्ट्र के विकास में नारी शक्ति का अमूल्य योगदान है। नारी के बिना समाज की कल्पना स्वप्न मात्र है। उन्होंने कहा कि शिक्षक होने के नाते आप पर और अधिक जिम्मेदारी बन जाती है क्योंकि राष्ट्र के निर्माण में शिक्षकों का सबसे अधिक योगदान रहता है।

# विश्व तम्बाकू निषेध दिवस मनाया

**नरवाना (अप्रस)।** शुक्रवार को कस्बे के सनातन धर्म महिला महाविद्यालय में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस मनाया गया। प्राचार्या डा. अंजना लोहान के कुशल मार्गदर्शन में छात्राओं ने तंबाकू निषेध की शपथ ग्रहण की और जीवन प्रयत्न अपने व अपने परिवार के सभी सदस्यों को तम्बाकू के सेवन से दूरी बनाकर रखने का प्रण लिया। प्राचार्या ने उपस्थित छात्राओं को तम्बाकू उत्पादों से होने वाले दुष्प्रभावों से भली प्रकार से अवगत करवाया व इनसे पूर्ण परहेज रखने की अपील की इस अवसर पर एन एस एस प्रभारी मधु शर्मा ने छात्राओं को आजकल के परिवेश में बढ़ते तम्बाकू सेवन के प्रति जागरूक किया और बताया कि तम्बाकू से बने बीड़ी, सिगरेट आदि उत्पाद धीरे-धीरे ना केवल बड़े बूढ़ों बल्कि युवा व अब छोटे बच्चों को भी अपनी लत के कुचक्र में फंसा रहे है।

# बिजली आपूर्ति के चलते गांव निमनाबाद के किसान एसडीओ से मिले

अर्थ प्रकाश/ दीवान

**सफीदों।** बिजली आपूर्ति में दिक्कत के चलते उपमंडल के गांव निमनाबाद के काफी तादाद में किसान नगर के बिजली घर पहुंचे और एसडीओ से मिले। किसान सुखवंत सिंह, अजिंद्र सिंह, मोहन सिंह, गुरविंद्र सिंह, गुरप्रीत सिंह, नरेंद्रपाल सिंह, सिंद्र सिंह, मनजीत सिंह व आजाद सिंह सहित अनेक ग्रामीणों का कहना था कि उनके गांव में समुचित बिजली की आपूर्ति नहीं हो रही है। उन्हे मात्र 3 से 4 घंटे ही बिजली दी जा रही है।

विभाग द्वारा सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक तथा रात को 7 से 11 बजे तक बिजली देने की बात कही जा रही है। इस शैड्यूल के



अनुसार भी उन्हे बिजली नहीं मिल रही। इस समयावधि में भी कट पर कट लगाए जा रहे हैं। इससे पूर्व उन्हे गेंहू के सीजन में आगजनी की संभावना के मद्देनजर पूरे अप्रैल माह बिजली आपूर्ति नहीं हुई। उसके बाद से बिजली आपूर्ति की समस्या गंभीर बनी हुई है। बिजली ना मिल पाने के कारण उन्हे भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। घर के सभी कार्य प्रभावित हो गए है तथा उनका जीना हराम हो गया है। बच्चे गर्मी में बिललिला रहे हैं और पशुधन के जीवन पर भी खतरा मंडरा रहा है। किसानों का कहना था कि उनकी बिजली गांव डिडवाड़ा स्थित पावर हाऊस से दी जा रही है। अन्य गांवों को तो बिजली आपूर्ति सही रूप से हो रही है लेकिन उनके गांव के साथ बिजली वितरण में भेदभाव किया जा रहा है। विभाग का कहना है कि उनके गांव लाईन लॉस ज्यादा है। अगर लाईन लॉस है तो उसका जिम्मेवार विभाग है, ना कि ग्रामीण। ग्रामीणों ने बताया कि उनके गांव में कोई बिजली चोरी नहीं है तथा गांव के घरों के बिजली मीटर बाहर खंभों पर लगे हुए है लेकिन उसके बावजूद भी विभाग उनके साथ यह हाल किए हुए है।

किसानों ने बताया कि वे सफीदों में इस समस्या को लेकर एसडीओ से मिलने के लिए आए थे लेकिन उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया।

एसडीओ कह रहे है कि वे उनको दी जा रही बिजली में से ही एक घंटे की एडजस्टमेंट कर सकते हैं, इससे ज्यादा वे कुछ भी नहीं कर सकते। किसानों ने बताया कि वे एसडीओ के जवाब से असंतुष्ट होकर गांव जा रहे हैं और वहां पर सामूहिक रूप से इकट्ठे होकर फिर से आएंगे।

किसानों ने साफ किया कि अगर उन्हे समुचित बिजली सप्लाई नहीं हुई तो वे पावर हाऊस के बाहर धरना देकर मार्ग को जाम करेंगे, जिसकी सारी जिम्म्मेवारी प्रशासन व बिजली विभाग की होगी।

# तारों की चोरी के आरोप में एक आरोपी काबू

अर्थ प्रकाश/विशाल

**सफीदों।** सफीदों पुलिस ने तारों की चोरी के आरोप में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान कश्तुरी लाल निवासी सफीदों के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि गांव बहादुरपुर निवासी जगजीत सिंह ने सफीदो थाना में एक शिकायत देकर कहा था कि उसके खेत की लगभग 112 फूट ट्यूबवैल केबल चोरी हो गई। वहीं एक अन्य मामले में गांव सिल्लाखेड़ी निवासी परमजीत ने सदर थाना सफीदों में खेत से केबल चोरी होने की शिकायत की थी। पुलिस ने दो अलग-अलग मामले दर्ज किए थे। पुलिस ने दोनों मामलों को संज्ञान में लेते हुए एएसआई सुरेश ने गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी कश्तुरीलाल को काबू करके उससे चोरी का सामान बरामद किया। आरोपी को कोर्ट में पेशन करके जेल भेज दिया गया।

# 960 नशीली अल्प्राजोलम गोलियों सहित एक झोला छाप डॉक्टर काबू

अर्थ प्रकाश/अनिल कुमार

नरवाना। नरवाना सीआईए टीम ने बड़ी कारवाई करते हुए धमतान साहिब एरिया से एक नशा तस्कर को 960 नशीली अल्प्राजोलम टेबलेट सहित काबू करने में बड़ी सफलता हासिल की है। पकडे गए आरोपी की पहचान सोहनलाल वासी गांव गुलाढी जिला संगरूर पंजाब के रूप में हुई है। जानकारी देते हुए सीआईए इंचार्ज सुखदेव सिंह ने बताया कि टीम के एएसआई अवतार सिंह को खुफिया सूचना मिली कि सोहनलाल वासी गुलाढी जो धमतान साहिब में झोला छाप डॉक्टर है और डॉक्टरी की आड़ में गाव में नशीली गोलियां बेचने का धंधा करता है और इस समय बड़ी मात्रा में नशीली गोलियां लेकर धमतान



साहिब से रसीदां गांव की तरफ जाने वाला है। सीआईए टीम ने खुफिया सूचना बारे तुरंत उच्च अधिकारियों को अवगत करवाया और भूलन कैंची चौक धमतान साहिब पर ट्रैप लगाया थोड़ी देर बाद एक काले रंग की हीरो ग्लैमर मोटरसाइकिल नंबर एचआर 23ई 5368 पर एक व्यक्ति धमतान साहिब की तरफ से आता दिखाई दिया । सीआईए टीम ने रुकने का इशारा किया तो आरोपी ने पुलिस की सरकारी गाड़ी को देखकर मौका से बाइक सहित भागने की कोशिश की लेकिन सीआईए टीम ने तत्परता से कारवाई करते हुए आरोपी को थोड़ी दूरी पर काबू कर लिया और राजपत्रित अधिकारी जितेंद्र कुमार बीडीपीओ नरवाना की हाजिरी में आरोपी की तलाशी ली तो आरोपी के कब्जे से कमर्शियल मात्रा में कुल 960 नशीली अल्प्राजोलम टेबलेट बरामद हुई । आरोपी झोला छाप डॉक्टर का काम करता है और चोरी छिपे डॉक्टरी की आड़ में गरीब मजदूरों को बड़ी मात्रा में नशीली गोलियों की सप्लाई करता था। जिसके खिलाफ गढी थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

# जींद जेल में मिले चार मोबाइल, अफीम और सुल्फा

## बड़ा सवाल: जेल में किसने मंगवाया था यह सामान

- आधी रात के बाद तीन युवकों ने जेल में फेंका सामान
- जेल की सुरक्षा पर लगा सवालिया निशान
- पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच की शुरू

अर्थ प्रकाश/नीरज सिंगला




**जींद, 31 मई।** जिला कारागार जींद में चार मोबाइल फोन, अफीम और सुल्फा मिलने के साथ ही हड़कंप की स्थिति मच गई। सिविल लाइन थाना पुलिस ने जेल उपाधीक्षक सुरेंद्र सिंह की शिकायत पर तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इस मामले में पुलिस इस बात की थी जांच कर रही है कि जेल में यह सामान किसके कहने पर पहुंचा था। जेल में यह सामान देर रात करीब सवा बजे दीवार बांधकर फेंका गया था।

जिला जेल के उप अधीक्षक सुरेंद्र सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि रोजमर्रा की तरह जेल के बन्दियों की गिनती खोलने से पूर्व तलाशी की जा रही थी तो प्रातः लगभग 6:50 बजे वार्डर नरेन्द्र कुमार को ब्लॉक नंबर 1 के बेड़े में गेट के पास में 1 पैकेट खाकी टेप लगी हुई मिला। वार्डर सिकन्दर को कैन्टीन के पार्क में एक और पैकेट बरामद हुआ तथा हैड वार्डर पवन कुमार को ब्लॉक नंबर 1 एवं 2 के बीच में खुले स्थान पर एक और पैकेट मिला, जिसको उक्त कर्मचारियों द्वारा उसके सुपर्द किया गया, जिसे खोलकर देखा गया तो उनमें से एक में 4 मोबाइल फोन, बैटरी व फोन चार्जर। दूसरे पैकेट में 8 ग्राम अफीम और तीसरे पैकेट में 12 ग्राम सुल्फा पाया गया। यह सामान तीन अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा पैट्रोल पंप के सामने गली में मोटर साईकिल खड़ी करके पेट्रोल पम्प की दिवार फांदकर जेल के अन्दर 29/30 मई की रात को लगभग 1:15 बजे जेल की रिहायशी कालोनी के तरफ से फेंका गया है। जेल, जेल के सामने लगे पेट्रोल पम्प एवं पेट्रोल पम्प के सामने गली में दुकानों के सामने लगे सीसीटीवी कैमरों को वार्डर विनोद कुमार से चैक करवाया गया है, उक्त अवैध सामान उक्त तीनों बाहरी व्यक्तियों की पेट्रोल पम्प की दिवार फांदकर जेल परिसर के अन्दर एवं बाहर आने जाने की पुष्टि हुई है।

जेल उपाधीक्षक ने जेल के अन्दर अवैध वस्तुओं को फेंकने वाले बाहरी तीनो व्यक्तियों एवं जेल के अन्दर अवैध सामान मंगवाने वाले बन्दियों की पहचान करके कार्रवाई करने को कहा है। सिविल लाइन थाना पुलिस ने धारा 18ए-20ए, 61-85 नशा निरोधक अधिनियम व जेल कानून की धारा 42ए के अंतर्गत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस पहले उन लोगों की पहचान कर रही है, जिन्होंने यह सामान जेल में फेंका। इनकी गिरफ्तारी के बाद ही इस बात का खुलासा होगा कि जेल में यह सामान किस कैदी या बंदी ने मंगवाया था।


एक ही दिन में जेल में तीन अलग-अलग पैकेटों में अवैध और नशीला सामान मिलने से जेल में हड़कंप की स्थिति मची हुई है। यह जेल की सुरक्षा पर भी एक बड़ा सवालिया निशान है। यह तो गनीमत है कि सुबह कैदियों को खोलने से पहले इस सामान पर सुरक्षा अधिकारियों की नजर पड़ गई। अगर यह सामान बंदियों के पास चला जाता तो जेल में काफी नुकसान हो सकता था। एक साथ चार मोबाइलों का मिलना इस बात का भी संकेत है कि जेल में एक ही व्यक्ति ने इस सामान को नहीं मंगवाया था। बिना सिम के मिले यह मोबाइल इस बात का भी संकेत कर रहे हैं कि जेल के अंदर बंदियों के पास सिम कार्ड मौजूद हैं।

# आकाश से बरसती आग से इंसान ही नहीं पशु पक्षी भी परेशान

अर्थ प्रकाश/पौलस्त्य

**पिहोवा, 31 मई।** भयंकर गर्मी आकाश से बरसती आग व लंबे-लंबे बिजली कटों के कारण जनता अति परेशान है। नगर में इन दोनों 45 डिग्री तक तापमान चल रहा है पिछले कई दिनों से चल रहे इस तापमान के कारण आकाश से पूरी तरह आग बरस रही है जिस कारण लोगों का जीना माहौल हो गया। भयंकर गर्मी के कारण पशु पक्षी भी परेशान है।

सुबह 10:00 बजे से ही बाजार सुबह से शाम तक सुनसान दिखाई देते हैं। जहां तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है ।वहीं पर बिजली के भी भारी कट लगने शुरू हो गए हैं। भयंकर गर्मी के कारण जहां बिजली की तारे बिजली सप्लाई में बाधा बनी हुई है वहीं पर ट्रांसफार्मर भी इस कदर गर्म हो जाते हैं कि वह भी सप्लाई करना बंद कर देते हैं भयंकर गर्मी के कारण लगातार खराब हो रही बिजली की तारों को इस आग बरसाती गर्मी में बिजली कर्मचारी भी ठीक करने में लगे रहते हैं जहां बिजली कर्मचारी इस भयंकर गर्मी के कारण परेशान है। वहीं बिजली कट के कारण जनता भी अति दुखित है ।बिजली न होने के कारण पीने के पानी की सप्लाई भी बाधित हो रही है नगर में जल संकट बना हुआ है इस भयंकर गर्मी के कारण बिजली पानी नहीं मिल रहे।



वही सब्जी भी लोगों को प्राप्त नहीं हो रही। लोगों की रसोई का बजट भी गड़बड़ा रहा है। स्थानीय सब्जी मंडी में दुकानदारों ने बताया कि गर्मी के कारण सब्जी खेतों में पड़ी खराब हो रही है। जिस कारण सब्जी के दाम बढ़ गए हैं ।वहीं गर्मी के कारण ग्राहक भी मार्केट में नहीं आ रहे ।उनके पास भी पड़ी हुई सब्जी खराब हो रही है ।उन्हें भी प्रतिदिन हजारों रुपए का आर्थिक रूप से नुकसान उठाना पड़ रहा है। दुकानदारों का कहना है कि जहां दुकानों में पड़ी सब्जी गर्मी के कारण खराब हो रही है वहीं खेतों में पड़ी सब्जी भी खराब होती जा रही है। जिस कारण सब्जी के दामों में भारी वृद्धि हो गई है।

गर्मी के कारण सब्जी के रेट इतनी बढ़ गए हैं कि गरीब आदमी को सब्जी खरीदना भी मुश्किल हो रहा है। वही इस गर्मी के बीच लोग भी अपने धार्मिक आस्था बनाए हुए हैं ।स्थान स्थान पर लोग ठंडे पानी की छबील लगाकर जल सेवा कर रहे हैं ।वहीं गलियों में भी लोग परिंदों जानवरों के लिए पानी रखे हुए हैं ताकि इन जीवों को पीने का पानी उपलब्ध हो सके ।परंतु भयंकर गर्मी के कारण बाहर रखा पानी भी गर्म होता जा रहा है। पशु पक्षी सभी इस गर्मी के कारण अति परेशान है ।फिलहाल इस गर्मी से कोई राहत मिलती भी नजर नहीं आ रही।

## न्यूज ब्रीफ

### श्याम खाटू के भजन पर झूमे श्यामप्रेमी



**कुरुक्षेत्र (अप्रस)।** समस्त श्यामप्रेमी परिवार कुरुक्षेत्र द्वारा शास्त्री नगर में 523वां श्री श्याम संकीर्तन एवं भंडारा आयोजित किया गया। श्यामप्रेमी अजय गोयल ने बताया कि कार्यक्रम में आयोजक नितिन मेहरा जॉनी परिवार ने श्याम पूजन में हिस्सा लिया। इस दौरान बड़ी संख्या में पहुंचे श्याम प्रेमीयों ने पंक्तिबद्ध होकर दरबार में शीश नवाया। आमंत्रित गायकों पिहोवा से जतिन जिंदल और गौरव शान ने श्याम जी के एक से बढ़कर एक भजन सुनाए जिनमें फूलों में सज रहे हैं मेरे श्याम खाटू वाले..., सांवरे की महफ़िल को सांवरा सजाता है...., साँवरिया ले चल परली पार...व हम तो बाबा के भरोसे चलते हैं... इत्यादि काफी सराहे गए। खाटू श्याम कथा में बताया गया कि ये हारे के सहारे हैं,दिनोंदिन श्यामप्रेमियों की संख्या बढ़ती जा रही है। श्याम आरती में गौरव गुप्ता,संजय चौधरी,मनोज गुप्ता,शिवम अरोड़ा,पियांशु तायल,वरुण गुप्ता,श्याम जुनेजा,जितेंद्र शर्मा,आशीष गंभीर,सुमन वर्मा,सुषमा,पुष्प व रीमा जुनेजा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुई।

### बाजारों पर गर्मी का असर

**उचाना मंडी (अप्रस/मित्तल)।** कुछ दिन से बढ़ रहे तापमान के चलते गर्मी बढ़ रही है। गर्मी का बाजारों पर असर दिखाई दे रहा है। सुबह एवं शाम को ही बाजारों में दुकानों पर ग्राहक नजर आते है। दोपहर को तो बाजारों में सन्नाटा पसरा रहता है। अभी बढ़ रहे तापमान से गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद नजर नहीं आ रही है। फसलों पर भी बढ़ रहे तापमान का असर दिखाई दे रहा है। कपास, सब्जियों की फसलें झुलसने लगी है। कपास की फसल पर गर्मी की ज्यादा मार नजर आ रही है। अनिल, जोगिंद्र, राजबीर ने कहा कि तापमान निरंतर मई माह के अंत से बढ़ रहा है। गर्मी के चलते स्कूलों के अवकाश तक प्रशासन द्वारा घोषित करने पड़े। दिन में तो घरों से बाहर निकलना तक मुश्किल हो जाता है। स्वाथ्य विभाग द्वारा दोपहर को घर से जरूरी काम हो तो निकलने की सलाह दी है। बाजारों पर भी बढ़ रहे तापमान का असर है। गर्मी के चलते सुबह, शाम ही ग्राहक बाजारों में नजर आते है।

### आपसी कहासुनी बनी धर्मबीर की मौत का कारण

**उचाना मंडी (अप्रस/मित्तल)।** शहर के कान्हा सेवा सदन के पास कालोनी में धर्मबीर की मौत का कारण आपस में छोटे भाई की पत्नी के साथ होने वाली कहासुनी बनी। थाना प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि हत्यारोपी कुसुम के पुलिस ने खेड़ी मंसानिया गांव के पास गिरफ्तार किया। मृतक की बहन सोनिया की शिकायत पर कुसुम के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया था। गुरूवार सुबह ही घटना के बाद मौके पर पहुंची सीन ऑफ क्राइम की टीम द्वारा जिस चाकू से हत्या की थी वो चाकू, ईंट कमरे से बरामद कर ली थी। गुरूवार को ही अदालत में कुसुम को पेश कर जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि कुसुम ने पूछताछ में बताया कि उसके पति की करीब तीन साल पहले मौत हो चुकी है। वो अपने दो बच्चों के साथ रहती है। उसका जेठ धर्मबीर भी उसी मकान में रहता है। धर्मबीर के अकसर कहासुनी होती रहती थी। गुरूवार सुबह जब वो सो रहे थे तो सुबह करीब चार बजे धर्मबीर दरवाजे खुलवाने लगा। दरवाजा खोलने के बाद उसके साथ तकरार हो गई। रसोई में रखा सब्जी काटने वाले चाकू से धर्मबीर के ऊपर दो से तीन वार कर दिए। ईंट से भी धर्मबीर पर वार कर दिया। अकसर होने वाला झगड़ा ही धर्मबीर की मौत का कारण बन गया।

### विधवा महिला के मकान से 10 लाख की नकदी चोरी

**जींद (अप्रस/नीरज सिंगला)।** रोहतक रोड़ स्थित रामबक्श कालोनी में एक विधवा महिला के मकान से 10 लाख की नकदी चोरी हो गई। कमला देवी पत्नी स्वर्गीय राम बाबू ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि उसने अपना प्लाट राजबीर नाम के एक व्यक्ति को 11 लाख रुपये में बेचा है जिसमें से एक लाख रुपये ब्याने के तौर पर पहले ही ले लिये थे और 27 मई को अपने प्लाट की रजिस्ट्री करवा कर 10 लाख रुपये लेकर वह रवि पुत्र विजेन्द्र सिंह निवासी श्याम नगर पटियाला चौंक के साथ अपने घर आ गई और रवि ने दस लाख रुपये पोलीथीन में डालकर बैड़ में रखे थे। 28 मई को करीब 11 बजे सुबह देखे तो बैड़ में रुपये नही मिले। किसी नाम-पता नामालूम व्यक्ति ने घर से दस लाख रुपये चोरी किये हैं। महिला की शिकायत पर पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर लिया है।

### महाराजा अग्रसेन अस्पताल के लिए हुआ भूमि पूजन

**समालखा (अप्रस)।** वैश्य एजुकेशन सोसाइटी के तत्वावधान में शुक्रवार को बापौली रोड स्थित भापरा खेल स्टेडियम के सामने महाराजा अग्रसेन अस्पताल के लिए विधि विधान से पूजा अर्चना कर भूमि पूजन किया गया। भूमि पूजन में अग्रवाल समाज के प्रतिनिधि शामिल हुए। सर्वप्रथम भूमि पूजन कर अस्पताल की नींव रखी गई। समिति के प्रधान सत्यनारायण ने बताया कि अस्पताल के निर्माण पर करीब दो करोड़ रुपये की लागत आएगी। समालखा शहर में मेडिकल सुविधा नाममात्र है। अगर कोई इमरजेंसी हो जाती है, तो पानीपत, खानपुर व रोहतक की ओर रूख करना पड़ता है। वैश्य एजुकेशन सोसाइटी ने शहर में पूर्ण सुविधाओं से सुसज्जित एक अस्पताल खोलने का निर्णय लिया। सेक्रेट्री सुमेश जैन ने कहा कि संस्था ने मानवता की सेवा के लिए ये सराहनीय कदम उठाया है। क्षेत्र के गरीब लोग बड़े नामी अस्पतालों में अपना इलाज नहीं करवा सकते। समालखा शहर व गरीब लोगों के लिए महाराजा अग्रसेन अस्पताल एक वरदान साबित होगा।

# साउथ में साफ, नॉर्थ में हाफ, बीजेपी का गिरा ग्राफ

## हरियाणा में हो सकता है सुपड़ा साफ: भूपेंद्र सिंह हुड्डा

- हार की बौखलाहट में अधिकारियों को धमकी दे रहे हैं बीजेपी नेता- हुड्डा
- बीजेपी के पास नहीं है बहुमत, प्रदेश सरकार को तुरंत देना चाहिए इस्तीफा- हुड्डा
- हरियाणा के हक का पानी लेने में पूरी तरह नाकाम बीजेपी सरकार- हुड्डा

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**रोहतक, 31 मई।** पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा का कहना है कि लोकसभा चुनाव में हरियाणा से बीजेपी का सुपड़ा साफ हो सकता है। क्योंकि चुनाव में जनता का रुझान पूरी तरह कांग्रेस के पक्ष में नजर आया और अब बीजेपी के नेता भी हार के बहाने ढूंढने लगे हैं। भाजपा नेताओं द्वारा लगाए जा रहे बोगस वोटिंग के आरोप चुनाव में उनकी हार की स्वीकृति है। हार की बौखलाहट में ही बीजेपी के पूर्व मुख्यमंत्री अधिकारी और कर्मचारियों को धमकी दे रहे हैं।

भूपेंद्र सिंह हुड्डा रोहतक में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने शांतिपूर्ण मतदान के लिए हरियाणा की जनता का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में वोटिंग के दौरान किसी भी तरह की अप्रिय घटना नहीं हुई। बावजूद इसके भाजपा नेता अब बोगस वोटिंग के बेबुनियाद आरोप लगा रहे हैं। जबकि हर पोलिंग बूथ में बीजेपी के एजेंट मौजूद थे। मौके पर किसी भी एजेंट ने ऐसी कोई शिकायत नहीं की। लेकिन जब बीजेपी को हार सामने दिखने लगी तो उसके नेता ऐसी बयानबाजी करने लगे।

भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि पूरे देश की जनता बीजेपी की वादाखिलाफी से खासी नाराज थी। इसलिए इस बार चुनावी नतीजे ऐसे लग रहे हैं, ÷बीजेपी साउथ में साफ, नॉर्थ में हाफ, बीजेपी का गिरा ग्राफ। लोकसभा चुनाव के बाद हरियाणा की जनता विधानसभा चुनाव में भी बीजेपी को करारा सबक सिखाने के लिए तैयार बैठी है। हरियाणा की जनता को यह मौका जल्द ही मिलना चाहिए, क्योंकि प्रदेश में अल्पमत की सरकार चल रही है। जिस पार्टी के पास बहुमत न हो, उसे सत्ता में बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। कांग्रेस ने राज्यपाल से भी इस बारे में मांग की है। पार्टी ने प्रस्ताव दिया है कि राज्यपाल सरकार को भंग करके, जल्द प्रदेश में विधानसभा चुनाव की व्यवस्था करें। दिल्ली और हरियाणा सरकार के बीच पानी को लेकर हो रही बयानबाजी पर भी हुड्डा ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि पूरे हरियाणा में भी आज पानी और बिजली की जबरदस्त किल्लत है। रोहतक में तो लंबे समय से लोग इसका सामना कर रहे हैं। लेकिन बीजेपी सरकार हरियाणा के हक का पानी लेने में नाकाम साबित हुई है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा स्ड्ढरु पर फैसला हरियाणा के हक में दिए जाने के बावजूद, अब तक बीजेपी की प्रदेश और केंद्र सरकार ने इस दिशा में कोई कदम आगे नहीं बढ़ाया। स्ड्ढरु का पानी लाना तो बहुत दूर, भाखड़ा मैनेजमेंट बोर्ड में भी इस सरकार ने हरियाणा की भागीदारी को कमजोर कर दिया है।

# बिजली पानी की समस्या से त्रस्त है प्रदेश की जनता: अनीता ढुल

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 31 मई।** कांग्रेस पार्टी की महिला प्रदेश महासचिव अनीता ढुल बड़सिकरी ने गांव गुलियाना में एससी चौपाल मे जनसभा को संबोधित करते हुए कहा गांव गुलियाना में भाजपा के हर घर नल, हर घर जल योजना के दावे धरातल पर फेल हैं। जनसभा के दौरान महिलाओं के उनके सामने पेयजल समस्या संबंधित दुखड़ा रोया। महिलाओं ने कहा कि उन्हें पीने के लिए शुद्ध पेयजल उपलब्ध नहीं हो रहा है। अनीता ढुल ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश में विकास का ढोल पिटने वाली भाजपा सरकार प्रदेश में बिजली व पानी जैसी मूलभूत सुविधा उपलब्ध करवाने में नाकाम रही है। प्रदेश में बिजली व पानी को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा की तानाशाही नीतियों के चलते देश व प्रदेश की जनता का भाजपा से मोह भंग हो चुका है। ऐसे में कांग्रेस का जनाधार दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है और जनता जान चुकी है कि उनके हित पूरी तरह से कांग्रेस के हाथों में ही सुरक्षित है। कांग्रेस शासनकाल में हरियाणा हर क्षेत्र में नंबर वन था, लेकिन भाजपा राज में हरियाणा विकास व रोजगार की राह में पिछड़ चुका है। जनता भाजपा को सत्ता सौंपकर पछता रही है और कांग्रेस के शासनकाल को याद कर रही है। अनिता ढुल ने दावा करते हुए कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में जनता वोट की चोट पर भाजपा का सफाया करते हुए हरियाणा में कांग्रेस सरकार बनाने का काम करेगी।

# तीन युवकों को इटली भेजने के नाम पर 12 लाख रुपए ठगे

अर्थ प्रकाश/नीरज सिंगला

**जींद, 31 मई।** जिले के गांव कैरखेड़ी में एक ही युवक द्वारा गांव के ही तीन युवकों को इटली भेजने का झांसा देकर उनसे 12 लाख रुपए की ठगी किए जाने का मामला सामने आया है। थाना सदर जींद पुलिस ने आरोपी युवक अमित के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है।

कैर खेड़ी गांव के हरकेश, गोर्धन और आकाश ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि आकाश व हरकेश 10जमा2 पास हैं। दोनों ने पीटीई कोर्स कुरुक्षेत्र से किये हुए हैं। आकाश व हरकेश विदेश जाकर काम करना चाहते थे जिसके लिये उन्होंने गांव के अमित से सम्पर्क किया था, जिसने बताया कि वह एजेंट है और विदेश में लोगों को भेजने का काम करता है। लोगों को काम दिलाता है और चंडीगढ़ व दिल्ली एम्बेसी में उच्चाधिकारियों से जान पहचान है। उसने दोनों को वहां पर काम दिलाने का आश्वासन दिया। गोर्धन कम पढ़ा लिखा है इसको भी वहां पर पशु डेयरी में हेल्पर का काम दिलवाने की बात कही। उसने कहा कि उसके पास इटली भेजने का पूरा पैकेज है। जो व्हाट्स अप पर भेज देगा। जिसके बाद अमित ने 31 मार्च 2023 को एक पेज में लिखित रूप में पूर्ण जानकारी भेज दी। जिसमें कुल राशि 6.50 लाख रूपये बताई। प्रथम चरण में 20,000 रूपये कागजात जमा करवाने से पहले और उसके बाद 3-4 महीने के बाद दूसरे चरण में 3,50,000 रूपये देने हैं। और 2,80,000 रूपये तीसरे चरण में इटली पहुंचने के बाद देने है। और इटली जाने की टिकट स्वयं अपने पैसों की कटवानी पड़ेगी। 31 मार्च 2023 को तीनों के कुल 60,000 रूपये यानि प्रत्येक के 20-20 हजार रूपये, कागजात जमा करवाने की प्रक्रिया के लिए अमित ने मांगे और उक्त ऑनलाइन पेमेंट लेने के लिए अमित ने उसकी पत्नी ज्योति का नम्बर हरकेश को दिया था क्योंकि अमित उस समय विदेश (साउथ अफ्रीका) में था, जिसके बाद अमित द्वारा मांगी गई 60 हज़ार रूपये की राशि अमित के दिए गये मोबाइल नम्बर पर भेज दी गई। जिसके बाद अमित ने 60 हज़ार रूपये प्राप्त होने की बात स्वीकार की। और विदेश से आने के बाद तीनों के पासपोर्ट अपने पास रख लिए थे। अमित ने 5 जुलाई 2023 को हरकेश को कहा कि तुम्हारा न्यूलोस्टा आ गया है। अब तुम्हें 2 लाख रूपये भरने है जो जल्दी से जल्दी उसके बैंक खाते में जमा करवाओ।

# भीषण गर्मी में बड़े कूलर से बेसहारा गोवंशों को मिलेगी राहत, दान देने वाले ने नहीं बताया अपना नाम

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**समालखा, 31 मई।** नेकी कर दरिया में डाल' यह एक बहुत ही प्रचलित कहावत है। जिसका सीधा और सरल अर्थ है, दूसरों की नेकी अर्थात भलाई करो और भूल जाओ। लेकिन भलाई भी करनी हो तो प्रयत्न यही होना चाहिए कि भला बनकर करें। इसका जीवित उदाहरण समालखा थाना प्रभारी फूलकुवार में देखने को मिला। जिन्होंने निस्वार्थ भाव से गोसेवा कर गोभगतो के लिए मिशाल बने। इसी कड़ी में वीरवार को भापरा रोड स्थित बेसहारा गोवंश चिकित्सालय में थाना प्रभारी फूलकुवार ने पहुँच कर समिति पदाधिकारी संदीप व कुलदीप रोहिल्ला से मिलकर गर्मी के दिनों में गाय व गोवंशों के लिए किए जा रहे उचित प्रबंधों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने बेसहारा गोवंश चिकित्सालय प्रबंधन समिति सदस्यों के कार्यों का निरीक्षण करने के बाद तारीफ करते हुए कहा कि मौजूदा कमेटी बहुत ही सुंदर तरीके से अपने कार्य का निर्वहन कर रही है और गाय सेवा में हर स्तर पर बढ़-चढ़कर भाग ले रही है। इस दौरान उन्होंने अपना नाम और सेवा न बताते हुए अपने निजी कोष से भीषण गर्मी के चलते जब तापमान अपने पिछले सभी पुराने रिकॉर्ड तोड़ते हुए नए रिकार्ड बना रहा है तो ऐसे में गायों के लिए एक बड़ा कूलर दान में दिया। जिससे कि गायों को गर्म लूं से निजात मिल सके। इस दौरान उन्होंने कहा कि चिलचिलाती गर्मी में जब तापमान पिछले सारे रिकॉर्ड को तोड़ते हुए दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है तो ऐसे में बेसहारा गाय व गोवंश को गर्मी से राहत देने के लिए उनकी ओर से एक छोटी सी सेवा दी गई है। उन्होंने कहा कि यह सेवा पब्लिसिटी के लिए नही की है। कही भी मेरा नाम नही आना चाहिए और आगे भी अगर मेरी सेवाओं की जरूरत होगी तो निसंकोच इस बारे में मुझे आकर मिल सकते हैं।

# हत्या के प्रयास का आरोपी दबोचा

## पांच दिन बाद पुलिस ने घायल राजेश को कुंए से बाहर निकाला

अर्थ प्रकाश/सुरेश सिसोदिया

**जींद, 31 मई।** जिला पुलिस ने एक हत्या के प्रयास में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है जिसने अपने साथियों के साथ मिलकर गांव लखमीरवाला के राजेश नामक व्यक्ति को चोट मारकर कुएं में फेंक दिया था। पकड़े गए आरोपी की पहचान विनय वासी निर्जन के रूप में हुई है।

जानकारी देते हुए थाना प्रभारी सत्यनारायण ने बताया कि दिनांक 03.04.2024 को सरीता पत्नी राजेश ने थाना सदर में एक शिकायत दी कि उसका पति राजेश दिनांक 31.03.2024 को सुबह 06 बजे गांव रधाना में शादी में काम करने के लिए गया था वह वापिस नहीं आया है। जिस पर पुलिस द्वारा जैर धारा 346 आईपीसी के तहत मामला दर्ज करके गुमशुदा राजेश की तलाश की गई। दिनांक 05.04.2024 को पुलिस को सूचना मिली कि एक व्यक्ति गांव पिंडारा के खेतों में बने कुएं में पड़ा हुआ है। पुलिस ने मौके पर जाकर लोगों की सहायता से उस व्यक्ति को बाहर निकाला। उस व्यक्ति की पहचान राजेश वासी लखमीरवाला के रूप में हुई। पुलिस ने उसे अस्पताल में भर्ती करवा कर उसका ब्यान अंकित किया गया जिसने अपने ब्यान में बताया कि वह गांव रधाना में शादी में काम करने लिए गया था। जब वह रात को करीब 10 बजे वापिस आ रहा था तो वह गांव पिंडारा की सीमा के पास पानी पीने के लिए रुका वहां तीन लडके आ गये उन्होंने उसके साथ मारपीट की उसे गहरी चोटें मारकर उसे एक खेत में बने कुएं के पास ले गए व जान से मारने की नियत से कुएं में फेंक दिया। दिनांक 05.04.2024 को गांव पिंडारा के आनंद राठी उर्फ नन्दु ने पुलिस की मौजूदगी में उसे कुए से बाहर निकाल कर अस्पताल में दाखिल करवा दिया।

# 8 सालों के विवादों में रहा शहर का ड्रीम प्रोजेक्ट सिटी स्क्वायर का टैंडर रद्द

## निर्माण कार्य से ही भ्रष्टाचार की सुर्खियों में रहा 43 कनाल 2 मरले में बनने वाले सिटी स्क्वायर

- 38 करोड़ से बढ़कर 54 करोड़ रुपए कर दी थी प्राजेकेट की लागत
- पूर्व नगर परिषद की अध्यक्षता सहित कई अधिकारियों व ठेकेदार सहित कई के खिलाफ हो चुका है केस दर्ज

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 31 मई।** शहर के पुराने बस स्टैंड के समीप 43 कनाल 2 मरले में बनने वाले सिटी स्क्वायर की एजेंसी को निष्कासित कर परियोजना की निविदा सूचना रद्द कर दी गई है। इसके बाद कांग्रेस खेमें के पार्षदों ने निविदा सूचना रद्द करने के आदेश को पार्षदों व शहरवासियों की जीत बताया है। इस मामले में शुक्रवार शाम कोयल कांप्लैक्स में आयोजित की गई प्रेसवार्ता में पार्षदों ने इस प्रोजेकट की खामियों की परतें खोली। वार्ड नंबर 28 पार्षद मोहन लाल शर्मा व दिनेश शर्मा ने कहा कि बेशक सिटी स्क्वायर का निर्माण करने वाली एजेंसी को निष्कासित कर निविदा सूचना रद्द की गई है, लेकिन अब तक सिटी स्क्वायर के निर्माण में नुकसान की भरपाई भी इस एजेंसी के माध्यम से की जानी चाहिए। उन्होंने एजेंसी के ठेकेदार पर नगर परिषद व शहर के लोगों को नुकसान पहुंचाने पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। कहा कि जब तक इस एजेंसी पर एफआईआर कर उससे जुर्माना लगा भरपाई नहीं की जाती। तब तक वे नई एजेंसी को काम नहीं सौंपने नहीं देंगे। पार्षद मोहन लाल शर्मा ने बताया कि नगर परिषद ने सिटी स्क्वायर के निर्माण के लिए वर्ष 2018 में निविदा सूचना जारी की थी। इसका कार्य 2020 तक पूरा करना था। बाद में कार्य पूरा न होने पर इसकी समय सीमा 31 दिसंबर 2023 तक बढा दी गई थी और इसकी राशि भी 38 से 54 करोड़ कर दी गई थी, लेकिन इसका कार्य अब तक काम पूरा नहीं हुआ। अब तक केवल 10 प्रतिशत कार्य पूरा हुआ। शुरूआत में ही नगर परिषद में पार्षदों ने इसका विरोध किया था। 24 अप्रैल 2024 को उन्होंने इस संदर्भ में एक ज्ञापन दिया गया। यह कंपनी कई जगह ब्लैक लिस्टिड है। शर्मा ने कहा कि यह शुरू से ही विवादों में रहा है। इसका ठेकेदार शंशाक आनंद पहली बार में ही नगर परिषद के अधिकारियों व चेयरमैन को गुमराह करके काम से अधिक एडवांस पेमेंट ले गया था। इसका सभी पार्षदों ने विरोध किया था। इसके निर्माण कार्य में लापरवाही व भ्रष्टाचार देखा गया। इसका नपा के पार्षदों ने विरोध किया था। इसे लेकर 25 मार्च 2019 को 11 कर्मचारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार का मामला दर्ज किया था, जो न्यायालय में विचाराधीन है। इसका 38 करोड़ की निविदा सूचना जारी की गई। इसमें 30 मरले में निर्माण कार्य करवाया जाना था। इसमें पार्किंग की व्यवस्था की जानी थी। शुरू से ही इस पर ग्रहण लग गया तथा भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया। बाद में सरकार ने इस पर मेहरबान होकर 38 करोड़ की निविदा सूचना को 54 करोड़ रुपये में दे दिया। पार्षदों ने इसका विरोध जताया व जन जन तक यह बात पहुंचाई।




# जिला चुनाव अधिकारी ने मतदान केंद्रों की तैयारियों और व्यवस्थाओं का लिया जायजा

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा



**चंडीगढ़, 31 मई।** जिला चुनाव अधिकारी व सह रिटर्निंग अफसर, चंडीगढ़ विनय प्रताप सिंह ने आज शुक्रवार को विभिन्न मॉडल और थीम आधारित मतदान केंद्रों का व्यापक दौरा किया, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि चंडीगढ़ में कल होने वाले मतदान से पहले सुचारू मतदान प्रक्रिया के लिए सभी व्यवस्थाएं की गई हैं या नहीं। निरीक्षण के दौरान, विनय प्रताप सिंह ने प्रत्येक मतदान केंद्र पर उपलब्ध कराई गई सुविधाओं की बारीकी से समीक्षा की।

चंडीगढ़ संसदीय क्षेत्र के लिए मतदान का दिन 1 जून, 2024 यानि कल शनिवार को है। मतदान सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा। चंडीगढ़ में कुल 614 मतदान केंद्र हैं। चुनाव के दौरान शहर के सभी मतदान केंद्रों पर वाटर कूलर, वेटिंग रूम, रेस्ट रूम, छाया और एनएसएस स्वयंसेवकों की सहायता से कठोर मौसम से निपटने के लिए सभी सुविधाएं प्रदान की गई हैं, ताकि आरामदायक मतदान अनुभव सुनिश्चित किया जा सके।

वरिष्ठ नागरिकों और विकलांग व्यक्तियों के लिए बिना देरी के वोट डालने के लिए विशेष कतार बनाई जाएगी। दिव्यांग मतदाताओं के लिए सुविधाएं, रैंप का प्रावधान, व्हीलचेयर की उपलब्धता, मतदान केंद्रों में प्राथमिकता से प्रवेश, ब्रेल सक्षम इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन और दिव्यांग मतदाताओं को पिक एंड ड्रॉप सुविधाएं उपलब्ध होंगी। विभिन्न स्थानों पर मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए 5 थीम आधारित बूथ, 5 महिलाओं द्वारा प्रबंधित बूथ, विकलांग व्यक्तियों द्वारा प्रबंधित 5 बूथ और 5 युवा केंद्रित बूथ सहित 55 मॉडल मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। जिमनेजियम हॉल सीसीए, पीईसी, सेक्टर-12 में मतदान केंद्र चंडीगढ़ की वास्तुकला विरासत की थीम पर आधारित है, मोती राम आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सेक्टर-27ए में मतदान केंद्र रॉक गार्डन की थीम पर आधारित है मॉडल हाई स्कूल, सेक्टर-31सी भारतीय वायु सेना हेरिटेज म्यूजियम, चंडीगढ़ की थीम पर आधारित है, गुरु नानक पब्लिक स्कूल, सेक्टर 36 का मतदान केंद्र चंडीगढ़ के गार्डन और राउंडअबाउट की थीम पर आधारित है और आरआईएमटी वर्ल्ड स्कूल, मनीमाजरा का मतदान केंद्र चंडीगढ़- द ब्यूटीफुल सिटी की थीम पर आधारित है। मतदाता सभी चुनावी सेवाओं और सूचनाओं के लिए टोल-फ्री वोटर हेल्पलाइन नंबर 1950 पर डायल कर सकते हैं। चंडीगढ़ के मतदाताओं की सुविधा के लिए, चंडीगढ़ सीवीए ऐप भी लॉन्च किया गया है, जो मतदाताओं को उनके निर्धारित मतदान केंद्रों पर कतार की लंबाई और कतार में अनुमानित समय की जांच करने की अनुमति देता है। ईसीआई का वोटर टर्न आउट ऐप भी प्ले स्टोर पर उपलब्ध है। विनय प्रताप सिंह ने चंडीगढ़ के मतदाताओं से वोट डालने और लोकतंत्र के उत्सव में भाग लेने की अपील की। भारत के चुनाव आयोग की प्रतिबद्धता दर्शाते हुये चंडीगढ़ के मुख्य चुनाव अधिकारी ने स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव कराने की बात कही।

## मतपेटियों में बंद होगा टंडन, तिवारी समेत 19 प्रत्याशियों का भाग्य

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 31 मई।** चंडीगढ़ लोकसभा सीट ऐसी हॉट सीट बनी हुई है जिस पर देशभर की नजरें टिकी हैं। 6,59,805 मतदाता 1 जून को लोकतंत्र के इस पर्व पर अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इस सीट पर कुल 19 प्रत्याशी मैदान में उतरे थे जिनमें से दो के भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में बैठने का दावा कि या जा रहा है। भाजपा की ओर से संजय टंडन जबकि कांग्रेस-आप गठबंधन की ओर से मनीष तिवारी को प्रत्याशी बनाया गया है। बसपा की रितु सिंह भी किस्मत आजमा रही हैं। बाकि छोटी पार्टियों या निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर कई मैदान में उतरे हैं। कुल 19 प्रत्याशियों का शनिवार को मतपेटियों में भाग्य बंद हो जाएगा।

यहां बता दें कि बीते लोकसभा चुनाव में कुल 6 लाख, 46 हजार, 729 (6,46,729) मतदाता थे। इनमें से 4,52,233 ने मतदान किया था। नोटा पर 5,645 वोट पड़े थे। बीती मर्तबा कुल 36 प्रत्याशी मैदान में थे। भाजपा प्रत्याशी किरण खेर को 2,31,188 मत पड़े थे। कांग्रेस के पवन बंसल को 1,84,218 वोट पड़े थे। बहुजन समाज पार्टी के प्रवीन कुमार को 7396 वोट पड़े थे। चंडीगढ़ की आवाज पार्टी के अविनाश शर्मा को 3186, ऑल इंडिया फारवर्ड ब्लॉक के गुरमेल सिंह को 164, हिंदुस्तान शक्ति सेना के जगदीश कुमार को 365, अखिल भारतीय अपना दल की ज्योति को 209, राष्ट्रीय लोक स्वराज पार्टी के नवाब अली को 158, सर्वजन सेवा पार्टी की भूपिंदर कौर को 143, अंबेडकर नेशनल कांग्रेस के मुकेश पचारा को 245, राष्ट्रीय जनक्रांति पार्टी के योगराज सहोता को 194, भारतीय किसान पार्टी के रामनीत को 285, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया के लश्कर सिंह को 377, समाज अधिकार कल्याण पार्टी के शंभू को 658, भारत प्रभात पार्टी के शर्मिला जौहरी को 531 मत, भारतीय मानवाधिकार फेडरल पार्टी के सत्यबीर सिंह को 1578, बहुजन मुक्ति पार्टी के संदीप बिड़ला को 920, जनरल समाज पार्टी के सतीश कुमार को 486 मत, भारतीय राष्ट्रवादी पार्टी के सर्वजीत सिंह सोहल को 461 मत, भारतीय जन सम्मान पार्टी के सतीश कुमार को 486 मत, भारतीय राष्ट्रवादी पार्टी के सर्वजीत सिंह सोहल को 461 मत, भारतीय जन सम्मान पार्टी के संजय बालान को 452 वोट, रिपब्लिकेशन पार्टी ऑफ इंडिया (ए) के सुखबीर चंद्र गोयल को 212 वोट, बहुजन समाज पार्टी (अंबेडकर) के सुभाष तमोली को 312 वोट, आम आदमी पार्टी के हरमोहन धवन को 13,781 वोट जबकि आजाद उम्मीदवार में अखिलेश कुमार को 206, उदयराज को 156, करन वासुदेवा को 136, तेजेंद्र सिंह वालिया को 320, देवी सिरोही को 428, निधि कंसल को 569, प्रेमलता को 212, बूटा सिंह को 392, मंजीत सिंह बोहत को 1062, योगेश ढींगरा को 731, राजकमल सिंह को 289, राजकुमार को 101 तथा सुनीता को 112 वोट पड़े थे।

# बहबल कलां गोलीकांड केस चंडीगढ़ अदालत को ट्रांसफर

## हाईकोर्ट का फैसला, आरोपी ने जान का खतरा बताकर लगाई थी याचिका

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**चंडीगढ़, 31 मई।** पंजाब एड हरियाणा हाईकोर्ट ने एक याचिका की सुनवाई करते हुए पंजाब के बहबल कलां हत्याकांड में एक अहम फैसला सुनाया है। अदालत ने इस कांड से जुड़े तीनों केसों की सुनवाई अब चंडीगढ़ जिला अदालत में ट्रांसफर कर दी है।

अब इन 3 केसों का ट्रायल चंडीगढ़ में ही किया जाएगा। इसमें आरोपी पूर्व एसएसपी चरणजीत सिंह शर्मा ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर खुद की जान को खतरा बताया था।

**एसआईटी कोर्ट में पेश कर चुकी है स्टेटस रिपोर्ट:** बहबल कलां गोली कांड के इस मामले में पंजाब सरकार द्वारा बनाई गई स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम 22 दिसंबर 2023 को अपनी स्टेटस रिपोर्ट दाखिल कर चुकी है। इंसाफ के लिए यहां पर पिछले दो वर्षों से इंसाफ मोर्चा चल रहा था। लेकिन स्टेटस रिपोर्ट दाखिल होने के बाद वह इंसाफ मोर्चा समाप्त हुआ था।

यह स्टेटस रिपोर्ट दाखिल होने के बाद आरोपियों के खिलाफ ट्रायल शुरू करने के आदेश दिए थे। लेकिन अब आगे का ट्रायल चंडीगढ़ में ही होगा।

**यह है पूरा मामला:** 14 अक्टूबर 2015 को फरीदकोट के बरगाड़ी गांव में गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी के खिलाफ 2 अलग-अलग जगह कोटकपूरा और बहबल कलां में लोग प्रदर्शन कर रहे थे। इस प्रदर्शन के दौरान पुलिस की तरफ से गोलीबारी की गई थी।

इस गोलीबारी में फरीदकोट जिले के सरवन गांव के गुरजीत सिंह और नियामीवाला गांव के कृष्ण भगवान सिंह की मौत हो गई थी। लोगों की तरफ से इस गोलीबारी के खिलाफ जांच की मांग की गई थी। इसमें कई स्तर की जांच हुई। उसके बाद इसके लिए एसआईटी का गठन किया गया था।

# डीसी ने अफीम, चरस, गांजा और चूरापोस्त का मांगा ब्यौरा

> जिला स्तरीय एनकॉर्ड कमेटी करेगी तस्करी के मामलों की समीक्षा
>
> पुलिस विभाग के अधिकारियों को नशीले पदार्थों की तस्करी में लिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने के दिए निर्देश

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** जिले में नशीले पदार्थों के उपयोग की रोकथाम के लिये गठित जिला स्तरीय एनकॉर्ड कमेटी की तरफ से तस्करी के मामलों को लेकर समीक्षा की जाएगी।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला उपायुक्त डा. यश गर्ग ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को नशीले पदार्थों की तस्करी में लिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस अवैध धंधे में लिप्त लोगों से किसी भी प्रकार की रियायत ना बरते। उन्होंने जिला में एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज विभिन्न मामलों की समीक्षा की और अब तक जब्त किए गए मादक पदार्थ जैसे- ओपीयम, चरस, गांजा और चूरापोस्त का ब्यौरा मांगा।

उपायुक्त ने पुलिस विभाग को जिला में एनडीपीएस के तहत दर्ज मामलों के साथ साथ अंडर इन्वेस्टिगेशन और कोर्ट में विचाराधीन मामलों की रिपोर्ट जल्द से जल्द उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। यश गर्ग ने निर्देश दिये कि दूसरे प्रदेशों से नशीले पदार्थों की सप्लाई चेन को तोड़ने के लिए पंजाब और हिमाचल के बॉर्डर से लगते जिला के क्षेत्रों में पुलिस विभाग द्वारा नाके लगा कर विशेष चैकिंग अभियान चलाया जाए। इसके अलावा हिमाचल और पंजाब पुलिस के साथ निरंतर संपर्क स्थापित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिये कि पुलिस विभाग द्वारा शुरू किए गए टोल फ्री नंबर 7087081100 पर मादक पदार्थों की तस्करी और उपयोग से संबंधित शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई की जाए और मादक पदार्थों को जब्त करने के साथ-साथ इस अवैध धंधे में संलिप्त लोगों को पकड़ कर उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

## तुम जियो हजारों साल



वीना राजपाल को उनके जन्मदिन पर परिवार व सगे संबंधियों की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं

# व्यापारी से मांगी एक करोड़ की फिरौती

> लॉरेंस ग्रुप के गुर्गे का कारनामा

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन




**करनाल, 31 मई।** लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने हरियाणा के करनाल में राइस ब्रोकर से 1 करोड़ की फिरौती मांगी है। फिरौती की रकम न देने पर आढ़ती और उसके परिवार को एक हफ्ते के अंदर जान से मारने की धमकी दी गई है। सभी व्हाट्सएप कॉल इंटरनेशनल मोबाइल नंबरों से आए हैं।

धमकी देने वाले शख्स ने अपना नाम भानु राणा बताया है और लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़ा होने का दावा कर रहा है। चावल आढ़ती ने पूरे मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक करनाल से की है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**सेक्टर-13 का रहने वाला है पीड़ित:** करनाल के सेक्टर-13 में रहने वाले अमरीक सिंह चावल की राइस ब्रोकर का काम करता हैं। 11 मई को सुबह 10:30 बजे उनके पास एक इंटरनेशनल नंबर से वॉट्सऐप कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को भानु राणा बताया और बताया कि वह लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़ा है। उसने 1 करोड़ रुपए की फिरौती मांगी। फिरौती न मिलने पर उसने 7 दिन के अंदर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी।18 मई को फिर आया कॉल

18 मई को सुबह 10:38 बजे आरोपी ने फिर से कॉल किया। उस समय अमरीक सिंह ऑफिस में नहीं थे, इसलिए उनके कर्मचारी ने कॉल रिसीव की। कॉल करने वाले ने फिर से 1 करोड़ रुपए की फिरौती मांगी। कॉल करने वाले ने यह भी कहा कि अमरीक सिंह का समय खत्म हो चुका है।

अब भविष्य में वह कभी भी गोली मार देगा। कर्मचारियों ने यह बात अमरीक सिंह को बताई। अमरीक सिंह को खुद और अपने परिवार पर खतरा महसूस हुआ और उन्होंने मामले की शिकायत पुलिस से की।

**मामले की जांच कर रही है पुलिस:** सिविल लाइन थाने के साह्र विष्णु मित्रा ने बताया कि अमरीक सिंह को फिरौती के लिए कॉल और वॉट्सऐप पर जान से मारने की धमकी मिली है। शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।


# लॉरेंस बिश्नोई गिरोह का एक और गुर्गा गिरफ्तार

> पकड़े गए आरोपी गुर्गे के कब्जे से लाखों रुपए की नकदी,एक पिस्टल, लैपटॉप और डेयरी की बरामद

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी



**चंडीगढ़, 31 मई।** यूटी क्राइम ब्रांच पुलिस ने लॉरेंस विश्नोई गिरोह के एक और गुर्गे को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान सेक्टर 44 के रहने वाले जगतार सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने मामले में पकड़े गए आरोपी के कब्जे से लाखों रुपए की नकदी,एक पिस्टल, लैपटॉप और डेयरी बरामंद की है। पकड़े गए आरोपी को पुलिस ने जिला अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपी को एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया। पुलिस ने मामले में लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के तीन आरोपी गुर्गे जावेद झिंझा ,रविंद्र सिंह और करण को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने मामले में आरोपी जावेद की निशानदही पर सेक्टर 44 के रहने वाले आरोपी जगतार सिंह को मामले में गिरफ्तार किया है।चंडीगढ़ से 12,31,400 रुपये की नकदी बरामद की गई। 5,55,900/- जावेद झिंझा के थे। और शेष राशि 6,75,500/- जगत सिंह की थी। पुलिस के मुताबिक आरोपी जगतार जरूरतमंद लोगों को ऊंची दरों पर जबरन पैसे देने और गैंगस्टर लिंक दिखाकर उन्हें डराता था।




# करनाल के युवक की अमेरिका में मौत, पार्सल डिलीवरी का करता था काम

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन



**करनाल, 31 मई।** हरियाणा के करनाल के रहने वाले युवक की अमेरिका के वॉशिंगटन में मौत हो गई। युवक पार्सल डिलीवरी का काम करता था। काम के दौरान उसकी गाड़ी को कार ने टक्कर मार दी। मृतक की पहचान बलड़ी गांव के रहने वाले राहुल (23) के रूप में हुई है।

घटना के बाद से पिता, मां और बहन का रो-रोक कर बुरा हाल है। युवक का शव भारत लाने के लिए अमेरिका में युवकों द्वारा डोनेशन एकत्रित किया जा रहा है।

राहुल के पिता सुभाष ने बताया कि उनका परिवार मौजूदा समय में बसंत विहार में रहता है। उसका सपना था कि उसका बेटा विदेश में काम करे। इसके लिए उसने 50 लाख रुपए का कर्ज लिया और 8 महीने पहले डंकी के रास्ते उसे अमेरिका भेज दिया। करीब 2 महीने पहले ही उसे वॉशिंगटन में पार्सल डिलीवरी का काम मिला था। यहां वह पार्सल वाली गाड़ी चलाता था।

29 मई (भारत में 30 मई) की रात 9 बजे राहुल रेड लाइट पर गाड़ी में था। उसी दौरान दूसरी तरफ से तेज रफ्तार कार आई और राहुल की गाड़ी को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी की राहुल की मौके पर ही मौत हो गई।

**घर ने आने पर दोस्तों ने ढूंढना शुरू किया:** राहुल जब वॉशिंगटन में घर नहीं पहुंचा तो उसके रिश्ते में भाई लगने वाले रमन ने उसे कॉल की। नंबर बंद आने पर रमन ने अपने साथियों के साथ राहुल की तलाश शुरू कर दी। रेड लाइट पर उसकी गाड़ी क्षतिग्रस्त हालत में मिली। इसके बाद सभी युवक तुरंत पुलिस स्टेशन पहुंचे। यहां उन्हें पता चला कि सड़क हादसे में राहुल की मौत हो चुकी है। इसके बाद बलड़ी गांव में परिवार को राहुल की मौत की जानकारी दी।

राहुल के पिता ने सरकार से मदद की गुहार लगाई है। उनका कहना है कि कर्ज लेने के बाद परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। बेटे के शव को भारत लाने में मदद की जाए।पिता करते है इलेक्ट्रीशियन का काम राहुल के परिवार में उसकी छोटी बहन है, जो अभी पढ़ाई कर रही है। पिता इलेक्ट्रीशियन का काम करते हैं। पिता ने अपने बेटे को कर्ज लेकर विदेश भेज दिया, ताकि घर के हालात सुधर सके, लेकिन किस्मत को कुछ ओर ही मंजूर था।

अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2652743, 2638515, फैक्स 2653533 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)